# सीडीओ ने देखा सीएचसी का सूरत ए हाल, दिए निर्देश

- गन्दगी, अव्यवस्थाएं देख सीएचसी प्रभारी पर भड़के सीडीओ, लगाई फटकार
- दवाइयों के रख-रखाव में मिली अव्यवस्था, जताई नाराजगी



### अगर बीमार मिले गौवंश तत्काल कराएं उपचार

सीडीओ ने पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि यदि कोई गौवंश बीमार हो, तो उनका तत्काल उपचार कराया जाए तथा संरक्षित पशुओं में नियमित रुप से ईयर टैगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण में गौवंशों के पानी पीने की नाद गन्दी मिली, जिसपर बीडीओ को उसकी अन्दर की दीवारों की चूने से पुताई कर नियमित सफाई करवाने के निर्देश दिए। भूसा गोदाम में छत की टीन खुली हुई मिली, जिससे भूसे के बारिश में खराब होने से बचाने के लिए तत्काल टीन लगवाने के निर्देश दिए। गौ-आश्रय स्थल में भूसा दाना, नमक तथा हरा चारा पर्याप्त मात्रा में नहीं पाया गया साथ ही खुले जगह पर रखे जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ को निर्देश दिए कि वहां भूसा दाना, नमक की पर्याप्त मात्रा तथा 5-6 कट्टी हरे चारे की उचित जगह पर रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### सीडीओ ने तेतारपुर में देखी अस्थायी गौशाला, दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम तेतारपुर में अस्थायी गौशाला का स्थलीय आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में बीडीओपीयूष कुमार सिंह एवं गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे। सीडीओ को निरीक्षण में गौ आश्रय स्थल में 193 गौवंश पाये गये, जिनमें 85 नर व 108 मादायें संरक्षित मिले गो आश्रय स्थल में पानी व मल-मूत्र जमा होने के कारण काफी गन्दगी पायी गई। इसके लिए वहां पर मिट्टी पटान कराने और गौवंशों के मल-मूत्र के निकास की उचित व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। जिससे वहां पर साफ-सफाई बनी रहे।

### नियमित अनुश्रवण के लिए गौशाला में लगवाए सोलर सीसीटीवी

सीडीओ ने बीडीओ को निर्देश दिए कि गौ-आश्रय स्थल में एक सोलर सीसीटीवी कैमरा लगवाए, जिससे गौ-आश्रय स्थल का नियमित अनुश्रवण हो सके। गौआश्रय स्थल पर गोबर प्रबंधन के लिए बने हुए गोबर प्लांट के जल्द से जल्द संचालित किये जाने के निर्देश दिए।

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूलबेहड़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बीडीओ पीयूष कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सीडीओ ने गन्दगी देखकर सीएचसी प्रभारी को निरीक्षण में सामुदायिक केन्द्र पर व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं फटकार लगाते हुए स्वास्थ्य केन्द्र की कमियों जल्दी से दूर करने व नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने के लिए निर्देशित किया। स्वास्थ्य केन्द्र में गंदगी को लेकर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सफाई में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ ने एक्स रे रूम, जच्चा बच्चा कक्ष, उपस्थिति रजिस्टर, दवा वितरण एवं दवा उपलब्धता, वार्ड, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण किया।

सीडीओ ने केन्द्र में प्रयोगशाला पर की जाने वाली जांचों की सूची लगवाने के निर्देश दिये, जिससे आने वाले मरीजों को केन्द्र पर होने वाली जांचों के बारे में जानकारी मिल सके। मरीजों के प्रतीक्षा कक्ष में लगे टीवी के सही करवाने व उनके बैठने के लिए अतिरिक्त बेंच की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

केन्द्र पर दवाइयों के रख-रखाव की अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दवाइयों को सही ढंग से रैंक में रखे जाने के लिए निर्देशित किया।

### निरीक्षण में प्रसव के बाद महिला व उनके नवजात शिशु को सीएचसी पर 24 घंटे न रखे

जाने पर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही सीएचसी प्रभारी को उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र पर आये विशेष आयुवर्ग (40+) के लोगों की सुगर व बीपी की जांच आवश्यक किये जाने के लिए सुनिश्चित किया गया। साथ ही उनके जानकारी रखने हेतु रजिस्टर बनाये जाने के निर्देश दिये गये।

सीडीओ ने गैर संचारी रोग एनसीडी सेल की गेट के पास व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए। केन्द्र पर खून की जांच न किये जाने की जानकारी पर इनके जल्द से जल्द इसकी व्यवस्था किये जाने के निर्देशित किया। स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में छायादार पौधों के रोपण कराने के निर्देश दिये गये।

# बच्चों ने दिखाया करतब, दर्शकों ने की प्रशंसा

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बांकेगंज कस्बे में छत्तीसगढ़ जिले के छोटे से गांव के रहने वाले नट जाति के परिवार के लोग मंगलवार को बांकेगंज कस्बे में पहुंचे जहां इन परिवारों के बच्चों ने बांकेगंज मेन मार्केट सड़क किनारे अपने कारनामें दिखाए।

बच्चों के करतब देख मार्ग पर आने-जाने वाला हर नागरिक मंत्र मुग्ध हो कर करतब देख रहा था और इच्छा अनुरूप उनकी झोली में कुछ न कुछ दान राशि भेट कर रहा था।

हर नागरिक के मुंह से यही सुनने में आया कि लंबे अरसे के बाद बच्चों का जान जोखिम में डाल खतरों का खेल देखने को मिला है। इन बच्चों द्वारा करीब 6 से 7 फिट की ऊंचाई पर रस्सी के ऊपर करतब दिखाना काबिले तारीफ था। दो वक्त की रोटी के लिए 5 साल के मासूम अपनी जान जोखिम में डालने को मजबूर है। जिस उम्र में इन बच्चों को स्कूल में पढ़ने और खेलना चाहिए था उस उम्र में करतब दिखा रहे हैं। इतनी छोटी सी उम्र में बच्चे जमीन पर चलने में लड़खड़ा जाते हैं और यह मासूम बच्चे बिना डरे रस्से पर चलकर लोगों को तमाशा दिखा रहे हैं। करतब दिखाने वाले बच्चों के परिजन ने बताया कि वह लोग नट जाति के होकर बिलासपुर छत्तीसगढ़ के छोटे से गांव में निवास करते हैं। और पेट की खातिर इस प्रकार जोखिम भरे करतब व सर्कस गांव गांव शहर शहर में दिखा कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। एक जिले में वे लगभग 2 से 3 माह तक खेल दिखाते हैं।

# रिसोर्स सेन्टर पहुंचे सीडीओ, परखी व्यवस्थाएं

### सीडीओ ने दिव्यांग बच्चों को दुलारा, बांटी चाकलेट,ब्रेल लिपि की ली जानकारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



दिव्यांग बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के जरिए शिक्षा की मुख्यधारा में लाने जिले के संविलियन विद्यालय महाराजनगर के प्रांगण में संचालित दिव्यांग बच्चों के हितार्थ रिसोर्स सेन्टर का मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने निरीक्षण किया।

उन्होंने दृष्टि दिव्यांग बच्चों के शिक्षण कार्य के लिए प्रयोग होने वाली ब्रेल लिपि के बारे में जानकारी ली। साथ ही श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों के सम्बन्ध में सांकेतिक भाषा एवं मानसिक मंदित दिव्यांग बच्चों के सम्बन्धित क्रियाकलाप प्राप्त की, साथ ही सेरेब्रेल पेल्सी से ग्रसित दिव्यांग बच्चों के एडीएल क्रिया कलाप के बारे में जानकारी ली गयी।

रिसोर्स सेन्टर में अध्ययनरत सभी दिव्यांग बच्चों को सीडीओ ने चॉकलेट वितरित की।

निरीक्षण के समय सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जीएस पाण्डेय, बीईओ मुख्यालय देवेश राय, जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) माला श्रीवास्तव, जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) नेहा सिंह, विशेष शिक्षक अपर्णा पाण्डेय, नीरज शर्मा, विवेक त्रिपाठी, संजय यादव, फिजियोथेरेपिस्ट निखिल आर्य उपस्थित रहे।

# शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के बैनर तले निकाली गयी तिरंगा यात्रा

**धौरहरा खीरी।** शिक्षा संघर्ष मोर्चा/फाउंडेशन के द्वारा शहीदों को समर्पित तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा रामवाटिका धाम धौरहरा से शुरु होकर कस्बा धौरहरा होते हुए ढखेरवा चौराहे तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। मंगलवार को शिक्षा संघर्ष मोर्चा/फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर की अगुवाई मे शहीदों को समर्पित तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। बड़ी ही धूमधाम से गाजे बाजे के साथ तिरंगा यात्रा रामवाटिका धाम से शुरु होकर कस्बा धौरहरा होते हुए ढखेरवा चौराहे पर तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। जिसमे संगठन के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोग शामिल हुए। इस दौरान शिक्षा संघर्ष मोर्चा/फाउंडेशन के प्रदेश सयोंजक जितेंद्र दीक्षित,उपाध्यक्ष विवेक सिंह, संदीप शर्मा, दिलीप शर्मा,राजहंस मिश्रा,संजय दीक्षित,नौशाद, मीडिया प्रभारी उपेन्द्र मिश्रा सहित क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने हाईस्कूल की परीक्षा सन् 2021 में उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक-23140391 है। इसकी मार्कशीट वास्तव में कही खो गयी है काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रही है।

**अभिषेक यादव निवासी सराय भूपत, तहसील जसवंतनगर, इटावा।**

**बेदखली सूचना**

मैं बैजनाथ व मेरी पत्नी सुरसनी सूचना कर्तागण का पुत्र शिवचरन एवं इसकी पत्नी श्रीमती मीना (पुत्रवधू) जो कि दोनों मेरे ग्राम में ही निवास कर रहे हैं उक्त दोनों की नियत हम लोगों की संपत्ति के बावत विगत कई वर्षों से खराब हो गई है और उक्त दोनों अपने आपराधिक संगठन से मिलकर हम लोगों की हत्या करवा देना चाहते हैं और किसी गंभीर मुकदमे में फसा कर जेल भिजवा देना चाहते हैं अथवा संपत्ति की नीलाम करवा देना चाहते हैं समझाने बुझाने पर किसी की कोई भी बात मानने को तैयार नहीं है इस कारण हम लोग अपने पुत्र शिवचरन एवं पुत्रवधू श्रीमती मीना को अपनी-अपनी ने कुल चल-अचल जुमला जायदाद से हमेशा-हमेशा के लिए बेदखल कर रहे हैं और उक्त दोनों से अपने कायम संबंधों को हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त कर रहे है। हम लोगों का उक्त विपक्षीगण शिवचरन एवं श्रीमती मीना से अब किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रह गया है इसकी सूचना मैंने श्रीमान जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय में भी प्राप्त कर दी है।

**सूचना कर्तागण**
**बैजनाथ पुत्र शलोक प्रसाद, सुरसनी पत्नी बैजनाथ निवासीगण, ग्राम-गजाधरपुर मजरा- पहाड़नगर थाना-मैलानी , लखीमपुर खीरी मो. 9785471637, 8052182569**

# भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को भाजपा के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में दिनांक 12 अगस्त से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान कार्यक्रम करना था। इसी क्रम में मंगलवार को भाजपा के मंडल प्रथम के सभी पदाधिकारी व जिला पदाधिकारी तथा युवा मोर्चा के पदाधिकारी, महिला मोर्चा के पदाधिकारीयों के द्वारा किसान महाविद्यालय के सामने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के प्रतिमा स्थल पर सभी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर संपूर्ण परिसर को स्वच्छ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अमित शर्मा ने किया। कार्यक्रम संयोजक पंकज केवट रहे।

# जंगल झाड़ी की जमीन पर हो रही है अवैध प्लाटिंग

- राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 252 में एक हेक्टेयर रकवा जंगल झाड़ी के नाम पर था दर्ज

**पसगवॉ, खीरी समृद्धि न्यूज।**

उचौलिया थाना क्षेत्र में कुछ सालों पहले एक बड़ा फर्जीवाड़ा किया गया। जिसमे भू माफियाओं ने राजस्व विभाग से सांठगांठ कर जंगल झाड़ी की जमीन पर फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया।

बकायदा बिक्री के तहत उप पंजीयक कार्यालय मोहम्मदी में रजिस्ट्री भी करा लिया गया। इस संबंध में सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहनपुर में राजस्व विभाग की मिली भगत भूमाफियाओं द्वारा जंगल झाड़ी की जमीन ग्राम समाज की जमीन सहित सरकारी जमीन को बड़े स्तर पर बेचा गया। ग्रामीणों द्वारा जिसकी शिकायत समय-समय पर उच्च अधिकारियों से भी की गई। लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा भूमाफियाओं पर कभी भी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई।

भू माफियाओं द्वारा जंगल झाड़ी की जमीन को बेच की जा रही अवैध प्लाटिंग। ताजा मामला उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर ग्रांट के मोहनपुर का है। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व अभिलेखों में गाटा संख्या 252 में एक हेक्टेयर रकवा जंगल झाड़ी के नाम पर दर्ज था। जिसको राजस्व कर्मियों और उच्च अधिकारियों की मदद से भूमाफियाओं ने अपने नाम दर्ज करा लिया। और उसको हरियाणा के रामकिशुन पुत्र फूलाराम निवासी अल्हपुर पानीपत हरियाणा के नाम बेच दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त जमीन को रामकिशन ने जनपद शाहजहांपुर के एक व्यक्ति को बेच दिया। जिस पर वह लगभग 2 साल से अवैध प्लाटिंग कर रहा है।

### कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुई कोई कार्यवाही

जंगल झाड़ी की जमीन को हेरा फेरी करके अभिलेखों में अपने नाम दर्ज कराने वाले व्यक्ति की ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत तत्कालीन एसडीएम मोहम्मदी स्वाति शुक्ला से की गई थी। लेकिन उनके द्वारा आश्वासन देने के बाद भी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में लेखपाल ध्रुव कुमार का कहना है कि उक्त भूमि का बंदोबस्त उर्दू में होने के कारण देरी हो रही है। लखीमपुर में कोई भी उर्दू अनुवादक नहीं है।

# एडीओ पंचायत को हटाने की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन जारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जरवल एडीओ पंचायत को हटाने सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जरवल ब्लॉक में शुरू हो गया है। किसानों नेताओं का आरोप है कि गावों में सफाई कर्मी नही हैं,वहीं नियमों के विपरीत 10-12 सफाई कर्मचारियों को एडीओ पंचायत ने आफिस अटैच कर रखा है। एडीओ पंचायत के खिलाफ किसान लामबंद हो गए और एडीओ पंचायत को हटाने की मांग पर अडे है। जरवल ब्लाक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। किसान नेताओं का आरोप है कि गावों में सफाई कर्मचारियों के पद खाली है।इसके विपरीत एडीओ पंचायत ने सफाई कर्मचारी फिरोज, मोहम्मद वसीम, पुरषोत्तम, राम करन,मनोज कुमार समेत 8-10 सफाई कर्मियों को ऑफिस अटैच कर रखा हैं।जबकि ब्लाक के कई गांवों में सफाई कर्मियों के पद खाली है। किसान नेताओं ने एडीओ पंचायत बृजेश सिंह को हटाने तक अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकट के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश वर्मा ने कहा किसानों का धरना प्रदर्शन एडीओ पंचायत को हटाने तक जारी रहेगा।

# भाजयुमो ने निकाली विशाल बाइक तिरंगा यात्रा

**अमीरनगर खीरी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा कुम्भी मंडल के नेतृत्व में विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया ।रोड डीजे व सैकड़ों बाइकों के साथ विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन गोला विधानसभा के कस्बा अमीरनगर में किया गया ।तिरंगा यात्रा राजूवेग किसान इंटर से शुरू होकर गांव कुम्भी,भीखमपुर, हरीनगर,लालन गंज मेन रोड से होते हुए राजू बेग इंटर कॉलेज में समापन किया गया ।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद शुक्ला व आत्मानंद शुक्ला ने किया वहीं तिरंगा यात्रा के संयोजक भाजयुमो जिला मंत्री व गोला विधानसभा संयोजक पंकज बाजपेयी व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्पित अवस्थी रहे ।इस दौरान सचिदानंद शुक्ला ने तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने घर पर स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा लगाएंगे और उसकी सेल्फी पोस्ट करेगें ।बाइक तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय , वंदेमातरम के जय घोष से पूरा वातावरण देश भक्ति मय हो गया। कार्यक्रम में विधानसभा के मंडल सहित अन्य मंडल, मोर्चा टीम, बूथ स्तर तक के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिक ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।कार्यक्रम के दौरान आत्मानंद शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीयता का जागरण करने का संकल्प लिया। साथ ही देश की आजादी का अमृत महोत्सव को मनाते हुए सभी से अपने-अपने घरों तिरंगा फहराने की अपील की ।विधानसभा संयोजक पंकज बाजपेयी ने कहा साढ़े चार करोड़ तिरंगे झंडे में सजकर उत्तरप्रदेश देश भक्ति का एक अलग जज्बा पैदा करेगा। हर घर तिंरगा से देश देश प्रेम की भावना से जुड़ेगा ।कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार ने क्षेत्रवासियों से अपने अपने घरों में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान किया।

# कस्ता विधानसभा में निकली मां तुझे सलाम तिरंगा बाइक यात्रा

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



कस्ता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर, कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू की अगुवाई में सहीदो को समर्पित तिरंगा यात्रा का आयोजन गौरीशंकर मंदिर परिसर बेहजम से आदि गंगा गोमती तट पर स्थित पौराणिक पारासर नाथ बाबा मढिया घाट तक स्वयं मोटर साइकिल चलाते हुए पहुंचकर समापन किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने रैली को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो देश और शहीदों, महापुरुषों का सम्मान करती है पूरे प्रदेश में शहीदों के सम्मान में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज हजारों मोटर साइकिल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने तिरंगा यात्रा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं देश प्रेमियों को धन्यवाद देते हुए कहा जो देश, तिरंगा और महापुरुषों का सम्मान करना नहीं जानती है उसे सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मितौली गौरव सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष समसाद अली, मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, कस्ता जितेंद्र शुक्ल, बेहजम अजय कुमार शुक्ल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित, आलोक शुक्ल, अमित सिंह, मास्टर दिनेश कुमार, दिनेश गुप्त, गुड्डन मिश्रा, विपिन गुप्ता, भाजपा मीडिया प्रभारी सुरेश शुक्ल, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, प्रधान कल्हिया विनोद दीक्षित सहित समस्त भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ता क्षेत्र के सम्मानित नागरिक देश प्रेमी हजारों की संख्या में अपनी मोटर साइकिल सहित रैली में मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रुद्रपुर गुलरिया विकास खण्ड, बिजुआ**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधिकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रुद्रपुर गुलरिया विकास खण्ड बिजुआ खीरी में मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | गुलरिया में अनुराग के घर से तारा देवी के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 387705.00 |
| 2. | पहाड़ापुर में रामनरेश के घर से विद्या के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 387508.00 |

उक्त कार्य हेतु सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईट, सीमेंट, गिट्टी, मौरंग, बालू, इंटरलॉकिंग ईट, ईंटा रोड़ा आदि सामग्री आपूर्ति हेतु सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14.08.2024 से 17.08.2024 तक सांय 5 बजे तक जमा कर सकते है तथा 18.08.2024 को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत रुद्रपुर गुलरिया समिति के समक्ष खोला जायेगा। इसको निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**फूलचन्द-प्रधान**
**ग्राम पंचायत रुद्रपुर गुलरिया**
**विकास खण्ड बिजुआ लखीमपुर खीरी**

**आशुतोष कुमार सिंह -ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रुद्रपुर गुलरिया**
**विकास खण्ड बिजुआ लखीमपुर खीरी**

# अपने घरों, प्रतिष्ठानों पर लहराएं तिरंगा, सेल्फी करें अपलोडः डीएम



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

**डीएम ने विभागों को बांटे तिरंगे**

राष्ट्र प्रेम और स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिले में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान संचालित है। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, जेल अधीक्षक, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के सूबेदार को राष्ट्रीय ध्वज प्रदान किया। डीएम ने विभिन्न विभागों को प्रदान किए गए तिरंगे का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के जरिये नागरिकों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत कर स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम चल रहा है। जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। डीएम ने समस्त जनपद वासियों से हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त पर अपने-अपने घरों, दुकानों आदि पर झंडा संहिता का अनुपालन करते हुए राष्ट्र की आन-बान-शान तिरंगा को फहराने की अपील की है।

डीएम ने जनपद वासियों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और झंडे के साथ एक सेल्फी क्लिक कर इसे अपलोड करने की अपील की है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त 2024, के मध्य हर घर तिरंगा अभियान के सफल आयोजन हेतु जनपद में समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बताते चलें कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समूह की दीदीओ द्वारा डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन और सीडीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में चार लाख 20 हजार झंडा तैयार किए गए, जिनका वितरण ग्राम पंचायतो में जारी है। इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, डीसी (एनआरएलएम) जितेंद्र मिश्र मौजूद रहे।

### 120 समूहों ने तैयार किए 4.20 लाख तिरंगे

जिले में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की मुहिम करीब-करीब पूरी कर ली गई है। डीसी (एनआरएलएम) जितेंद्र मिश्र ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 120 महिला स्वयं सहायता समूहों की करीब 900 महिलाओं ने एक अगस्त से 12 अगस्त तक कुल चार लाख 20 हजार तिरंगे तैयार किए है। इस कार्य में एनआरएलएम के जिला मिशन मैनेजर वरुण गुप्ता ने भी महती भूमिका निभाई है।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-880/EE-3/GL-7/24-25 — दिनांक- 13.08.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 20.08.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 20.08.2024 को समय 02:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./ सी.डी.आर./ एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक,जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying Jointing & Interconnection of 90mm daya pvc pipe line 60 mtr long at Rajeev Gandhi Nagar Mukarim Nagar From H.No 503/18/91/97 To H.No. 503/121-43c | 2400.00 | 200 | 07 दिवस |
| 2. | Laying Jointing & Interconnection of 90mm daya pvc pipe line 72 mtr long From H.No c-163To H.No c-167 at sector B aliganj Near Shatabdi park | 1800.00 | 150 | 07 दिवस |
| 3. | Laying & Jointing of 110mm dia (4inch) 138 meter PVC pipe line at jagdish Residence to Rajendra Shaini 538/161/35 Shanker Ji puram Triveni Nagar Third Lko | 4800.00 | 300 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त-** 1. निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# 'तिरंगा झंडा 140 करोड़ लोगों की ताकत नहीं, भुजाओं का बल : केशव प्रसाद मौर्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/कानपुर।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा 140 करोड़ लोगों की ताकत नहीं 140 करोड़ लोगों की भुजाओं का बल है और इस देश की तरफ कोई देशद्रोही आंख उठाकर देखेगा तो उसकी आंख निकाल ली जाएगी।

यह बात मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कानपुर उत्तर द्वारा आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा के समापन के मौके पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कही। उन्होंने कहा कि हम देश की



एकता अखंडता के लिए जान देना भी जानते है और दुश्मन की जान लेना भी जानते हैं। कानपुर बुंदेलखंड के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा की 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराना चाहिए इस तिरंगे की दम पर अंग्रेजों को भारत छोड़ कर जाना पड़ा। जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि हम अपने अपने घरों पर 15 अगस्त को तिरंगा झंडा फहराकर अमर शहीद बलिदानी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेगे। तिरंगा यात्रा से पूर्व रावतपुर चौराहे पर जिला अध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति की साफ सफाई की गई और माल्यार्पण कर नमन किया। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि आज विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवांग मिश्रा ने किया यात्रा के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य थे।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शामिल होंगे 72 देशों के बायर्स

## सर्वाधिक अफ्रीका रीजन के 14 देश करा चुके हैं यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण में 72 देशों के बायर्स (क्रेता) भी प्रतिभाग करेंगे। इसमें से करीब 400 बायर्स ने 9 अगस्त तक इस मेगा इवेंट में हिस्सा लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन भी करा लिया है।

इन 72 देशों में यूरोप से लेकर ओसनिया और अफ्रीका समेत 10 रीजन के बायर्स शामिल हैं। आयोजन तक 500 से अधिक विदेशी बायर्स के हिस्सा लेने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी 25 से




29 सितंबर तक इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट, ग्रेटर नोएडा के विशाल परिसर में होने जा रहा है। यह मेगा इवेंट 2023 में हुए इवेंट से भी बड़ा और भव्य होगा, जिसके लिए योगी सरकार ने तैयारियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है। सर्वाधिक 14 देश अफ्रीका रीजन के करा चुके रजिस्ट्रेशन जिन देशों ने अब तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है, उनमें सबसे ज्यादा 14 देश अफ्रीका रीजन के हैं। इसके अलावा 12-12 देश यूरोप और वेस्ट एशिया एंड नॉर्थ अफ्रीका (वाना) से हैं। इसके अलावा 8 देश लैटिन अमेरिकन एंड कैरेबियन (एलएसी) रीजन से, 7 देशकॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेंडेंट स्टेट्स (सीआईएस) रीजन से, 5 देश साउथईस्ट एशियन (एसईए) रीजन से, 4-4 देश साउथ अफ्रीकन रीजन (एसए) और नॉर्थईस्ट एशियन (एनईए) रीजन से हैं। वहीं 3-3 देश नॉर्थ अमेरिकन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (नाफ्टा) और ओसनिया रीजन से हैं। बायर्स की बात करें तो सबसे ज्यादा 75 बायर्स वेस्ट एशिया एंड नॉर्थ अफ्रीका (वाना) से हैं। वहीं, 50-50 बायर्स सीआईएस, अफ्रीका और साउथ अफ्रीकन रीजन से हैं, जबकि एलएसी से 35, एनईए और एसईए से 20-20 तो नाफ्टा से 18 बायर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। 2023 से ज्यादा संख्या में आएंगे एग्जिबिटर्स और विजिटर्स देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अनेक देशों से लोग इस आयोजन के प्रति उत्साहित हैं और प्रतिभाग करने आ रहे हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार 2023 की तुलना में अधिक एग्जिबिटर्स और विजिटर्स के आने की संभावना है। पहले संस्करण में जहां 2,000 एग्जिबिटर्स यहां आए थे तो वहीं 2024 में यह संख्या 2500 प्रस्तावित है।बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी)में एक लाख विजिटर्स आएंगे, जो पहले संस्करण में 70 हजार थे। इसी तरह बिजनेस टू कस्टमर (बी2सी) में 3.5 लाख विजिटर्स लाने का प्रस्ताव है जो 2023 में 2.37 लाख रहा था।

# खबरें एक नजर में

### संवेदनशील व्यवस्था बनाने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई जरूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कोलकाता में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया है और हड़ताल पर बैठे है। इस मामले पर बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। बसपा प्रमुख ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। साथ ही उन्होंने कहा है कि संवेदनशील व्यवस्था बनाने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई भी जरूरी है। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा, सरकारी, गैर-सरकारी या जीवन के अन्य किसी भी क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान आदि से जुड़ा यह अति-महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा है जिसको लेकर सभी को जागरूक व सतर्क रहने की जरूरत है, ताकि बंगाल की लेडी डाक्टर जैसी अति-दुखद व शर्मनाक घटनाएं न होने पाएं। मायावती ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि देश भर में होने वाली ऐसी जघन्य घटनाओं की रोकथाम के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों को हर स्तर पर समुचित संवेदनशील व्यवस्था करने के साथ-साथ दोषियों के खिलाफसख्त त्वरित कार्रवाई भी बहुत जरूरी है। बता दें कि कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या की घटना के विरोध में डॉक्टरों का आक्रोश बढ़ रहा है।

### लड़के की चाहत ने बनाया बच्चा चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी होने के मामले में जीआरपी पुलिस ने आरोपी महिला को धर दबोचा है। 6 महीने के मासूम को पुलिस ने बाराबंकी कोठी थाना क्षेत्र से बरामद किया है। बच्चा कोठी थाना क्षेत्र निवासी महिला के पास था। चोर महिला को गिरफ्तार और बच्चे को बरामद करने वाली टीम का नेतृत्व सीओ जीआरपी विकास पांडेय कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक बच्चे के पिता अनूप जायसवाल महिगांव इटौंजा के रहने वाले हैं। जो कि पत्नी कंचन और अपने 6 महीने के बेटे शनि के साथ उन्नाव से 11 अगस्त को लखनऊ आए थे। शाम 5.30 बजे वह उन्नाव जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे। अनूप यहां पत्नी और बच्चे को बैठाकर किसी परिचित से मिलने चले गए। बच्चा मां के साथ खेल रहा था। तभी आरोपी महिला उसके पास पहुंची। उसने बच्चे को गोद में ले लिया। जीआरपी को पूछताछ करने के बाद पता चला कि आरोपी महिला नीता बिहार की रहने वाली है और उसकी तीन बेटियां हैं। उसने कबूल किया है कि बेटे की चाहत में लड़के की चोरी की थी। पूछताछ में सामने आया कि अनूप जब बच्चा लेकर लखनऊ चला आया था, तो उसकी सास ने कहा कि बच्चा हमें देकर चले जाओ। इस बीच बच्चा चोरी हो गया।

### गांधी भवन में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान समारोह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यालय प्रबन्धक वेलफेयर एसोसिएयेशन, उत्तर प्रदेश द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को गाँधी भवन प्रेक्षागृह, कैसरबाग में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के सैकड़ों विद्यालयों के विद्यालय टापर वर्ष 2024 हाई स्कूल, इण्टर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ के सांसद डा एसपी सिंह थे। मुख्यअतिथि ने खचाखच भरे हुए सभागार में प्रतिभाशाली छात्रध्छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने उपस्थिति प्रबन्धकों व अभिभावकों को बच्चों के सुन्दर भविष्य को संवारने हेतु पूरी तन्मयता से भरपूर सहयोग करने की अपील की। इस कार्यक्रम में प्रमुख्य रूप से संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम जनम सिंह, प्रवक्ता आईडी यादव, कोषाध्यक्ष आरके आर्य, अध्यक्ष आरएन वर्मा, डा आरएम निषाद, सचेतक वीके पाण्डेय मौजूद रहे।

### 'ऋषि साहित्य मानवीय गरिमा का बोध कराता है : उमानंद शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'जावित्री इंस्टीट्यूट ऑफआयुर्वेदिक मेडिकल साइंसेज एण्ड हॉस्पिटल, रायबरेली रोड, लखनऊ' ' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 417वाँ ऋषि वांङमय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्रा श्री हंस जी ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को हिन्दी अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि साहित्य मानवीय गरिमा का बोध कराता है। ऊषा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये, संस्थान की प्राचार्या डॉ. सीमा सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, हंस, देवेन्द्र सिंह, ऊषा सिंह, एवं संस्थान के चेयरमैन डॉ. ईशा त्यागी, प्राचार्या डॉ. सीमा सक्सेना, डॉ. प्रवीण मिश्रा, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. अंजलि पाण्डेय सहित विभागाध्यक्ष, चिकित्सकगण एवं भावी चिकित्सक छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

### घर-घर राष्ट्रीय झंडा लगाने का आह्वान, बांटा गया तिरंगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भाजपा की नगर कार्यकारिणी के नेतृत्व में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर झंडा लगाने का आह्वान किया। मंगलवार को लखनऊ में क्राइस्ट चर्च कॉलेज के बच्चों के बीच राष्ट्रीय ध्वज वितरित कर घरों में लगाने की अपील की गई। कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि वे गर्व के साथ झंडे को अपने-अपने घरों पर सेल्फी के साथ लगाएं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी, महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर पदाधिकारी विवेक तोमर, सौरभ वाल्मीकि, कॉलेज के प्रिंसिपल आआर के चौत्री, सह संयोजक सोशल मिडिया अवध क्षेत्र के मनोज उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री योगी ने तिरंगा यात्रा बाइक रैली का शुभारम्भ करते हुए कहा

# राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ आगे बढ़ें प्रदेशवासी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर तिरंगा यात्रा बाइक रैली का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज से आगामी 15 अगस्त, स्वाधीनता दिवस तक हर घर में तिरंगा लहराने के इस कार्यक्रम के साथ समस्त प्रदेशवासी जुड़ें और राष्ट्रीयता, राष्ट्र प्रथम के भाव और पंचप्रण के संकल्पों के साथ आगे बढ़ें। इस विश्वास के साथ 'हर घर तिरंगा अभियान' के लिए उन्होंने शुभेच्छा व्यक्त करते हुए लोगों को 78वें 'स्वाधीनता दिवस' की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम लोगों ने 02 वर्ष पहले देश की 'आजादी के अमृत महोत्सव' के आयोजन के साथ जुड़कर पंचप्रण का संकल्प लिया था। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में 'हर घर तिरंगा अभियान' के माध्यम से भारत की आन-बान और शान के प्रतीक तिरंगा को हर घर पर लहराने का कार्य किया था। वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में 05 करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा लहराने का कीर्तिमान



स्थापित किया गया था। गत वर्ष भी आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में उत्तर प्रदेश में लगभग 4.5 करोड़ घरों पर तिरंगा लहराने का कार्य हुआ था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर इस वर्ष भी प्रदेश सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत 4.5 करोड़ घरों तक तिरंगा पहुंचाने के वृहद संकल्प को हाथ में लिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनने का मतलब है कि 140 करोड़ भारतवासियों के चेहरे पर खुशहाली आना। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उन चेहरों की खुशहाली के लिए 140 करोड़ भारतवासियों को भारत की समृद्धि के लिए एकजुट होकर इस अभियान का हिस्सा बनना होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के संकल्प के साथ जुड़ते हुए प्रदेशवासी भारत की आन-बान और शान के इस राष्ट्रीय प्रतीक तिरंगा को हर घर तक पहुंचाने के संकल्प में सहभागी बन रहे हैं। उत्तर प्रदेश में तिरंगा यात्रा के प्रति छात्र, व्यवसायी सहित विभिन्न वर्गों के सामाजिक व सांस्कृतिक संगठनों द्वारा जो उत्साह दिखाया जा रहा है, यह नए भारत का दर्शन कराता है। तिरंगा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का भी प्रतीक है और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के इस भाव को अंगीकार करते हुए आज हम सभी इस तिरंगा यात्रा में शामिल हो रहे हैं।

### परेड की हुई ड्रेस रिहर्सल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को 78वें स्वतंत्रता दिवस पर निकलने वाले परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इस मौके पर मंडल आयुक्त रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार समेत शासन-प्रशासन के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे। 15 अगस्त की परेड में हिस्सा लेने वाले विभिन्न स्कूलों और कॉलेज के छात्रों को फुल ड्रेस में कई बार अभ्यास कराया गया। फुल ड्रेस रिहर्सल में मिलिट्री और पुलिस के जवानों ने राष्ट्रीय गान के धुन को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने के लिए कई बार अभ्यास किया। परेड में हिस्सा लेने वाले सभी जवानों और छात्रों को अधिकारियों के द्वारा समय सीमा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया गया। 15 अगस्त की रिहर्सल और तैयारी का जायजा अधिकारियों ने विधानसभा पहुंचकर किया। साथ ही दिशा निर्देश भी दिए। परेड में हिस्सा लेने वाले स्कूल, कॉलेज के छात्रों, सेना और पुलिस के जवानों को मुख्यमंत्री के आगमन पर कौन सी धुन बजाई जाएगी और कितनी देर तक किस स्कूल कॉलेज द्वारा क्या प्रस्तुति दी जाएगी, हर एक चीज को बारीकी से ब्रीफ किया गया।

# बांग्लादेश के हालात से सीख लेना जरूरी : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

- एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं यूपी की राज्यपाल



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) लखनऊ के 22वें दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए बांग्लादेश का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां के हालात से सीख लेना जरूरी है। आने वाले 5 सालों में यूपी के 20 लाख स्टूडेंट्स की स्किल्स को बढ़ाना है। विश्व अनंत संभावना की ओर बढ़ रहा है।

एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, डाटा स्ट्रक्चर, रोबोटिक्स के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इंडियन एआई मिशन की शुरुआत मार्च 2024 में की गई है। प्रदेश के सबसे बड़े टेक्निकल विश्वविद्यालय होने के कारण आपके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है। एकेटीयू एआई के जरिए एग्जाम के पेपर बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसे अमल में लाएं, सिर्फ विचार न करें। इस साल 1600 से ज्यादा शोध पत्र छपे हैं। एफिलिएटेड कॉलेजों को नैक रेटिंग मिली पर आप कही पीछे छूट गए। संबद्ध 6 संस्थानों का नाम एनआईआरएफ में लिस्ट में भी है। प्लेसमेंट के लिए प्लेसमेंट ड्राइव के जरिए 6 हजार स्टूडेंट्स को जॉब मिली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शपथ में लोगों को जोड़ने पर दूसरे स्थान पर रहा। आज भी एकेटीयू द्वारा 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किट गई। 5 गांव गोद लेने वाले स्टूडेंट्स जैसे हर घर तिरंगा अभियान मनाया था, इस बार भी भागीदारी करें। तिरंगा ही हमारी शान है, हमारा अभिमान है। आज बांग्लादेश की दशा कैसी है। वहां कैसे घर में ही युद्ध शुरू हो गया। भारत शांतिप्रिय देश हैं, युद्ध नहीं जानता। लोग भले ही शस्त्र चलाएं पर हमारा काम शास्त्र का ज्ञान अर्जित करना है। केरल के वायनाड में ये जो हुआ, उसके पीछे पेड़ काटने की आदत है। हर एक व्यक्ति को मां के नाम से पेड़ लगाने चाहिए।

# पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को समय से मिले छात्रवृत्ति : नरेंद्र कश्यप

- मंत्री ने विभागीय समीक्षा में अफसरों को दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को समयबद्ध तरीके से छात्रवृत्ति प्रदान करने और शादी अनुदान योजना के आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर जोर दिया।

मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि विभागों के रिक्त पदों को शीघ्रता से भरने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिन पदों पर अन्य विभागों के माध्यम से नियुक्तियां होनी हैं, उन मामलों में पत्राचार कर नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। बैठक में मंत्री ने पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने के लिए उच्च मानकों वाली संस्थाओं के चयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रशिक्षण से युवाओं को



रोजगार और स्वरोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे। कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं द्वारा रोजगार या स्वरोजगार प्राप्त करने के आंकड़े तैयार करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि योजना की प्रभावशीलता का सही आकलन किया जा सके। मंत्री कश्यप ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए इनके व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, शादी प्रोत्साहन, दुकान निर्माण, कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण जैसी योजनाओं को अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांगजन के लिए संचालित स्कूलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने और उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने पर बल दिया, ताकि दिव्यांगजन रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। मंत्री ने विशेष रोजगार मेलों के आयोजन की भी बात कही।

### शक्ति भवन पर बेरोजगार युवाओं का जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शक्ति भवन पर बिजली विभाग में नौकरी की राह देख रहे बेरोजगार युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। मंगलवार सुबह सैकड़ों की संख्या में पहुंचे युवाओं ने अपनी मांगों को लेकर शक्ति भवन का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे युवाओं का कहना है कि विद्युत विभाग में जेई, एई और टेक्निकल गेड 2 समेत अन्य टेक्निकल और नॉन टेक्निकल पदों पर भर्तियां पहले विद्युत सेवा आयोग के माध्यम से की जाती थी। लेकिन यूपीपीसीएल की ओर से 7 अगस्त 2024 को एक नोटिस जारी करके ये जानकारी दी गई कि अब सरकार ने उन सभी भर्तियों को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीएसएसएससी) के जरिए कराने की तैयारी में हैं। वहीं युवाओं ने यूपीएसएसएससी पर परीक्षाओं को समय पर संपन्न न कराने और सालों तक लंबित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यूपीएसएसएससी आयोग की ओर से कराई गई 30 से ज्यादा भर्तियां अभी भी लंबित हैं। किसी की परीक्षा नहीं हुई तो किसी का रिजल्ट जारी नहीं हुआ।

### स्वतंत्रता दिवस से पहले तीन रंगों की रोशनी से सजी यूपी विधानसभा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा को तीन रंग के झालरों से सजाया गया है। स्वतंत्रता दिवस से पहले तिरंगा झंडा के तीन रंग की रोशनी से विधानसभा पूरी तरह से अलौकिक छटा बिखेर रहा है। विधानसभा के सामने से गुजरते लोगों की नजरें भवन पर हुईं सजावट पर ठहर जा रही है। हर कोई कुछ वक्त उत्तर प्रदेश की विधानसभा को निहारते हुए दिख रहा है। स्वतंत्रता दिवस मनाने से पहले हर वर्ष सरकारी भवनों पर झालरों से सजावट होती आयी है। इस वर्ष भी लखनऊ में विधानसभा समेत सरकारी भवनों पर रोशनी एवं झालरों से सजावट की गयी है। विधानसभा के अलावा तिरंगे झालरों वाली सजावट को इंदिरा भवन, बापू भवन, जवाहर भवन, सहकारिता भवन, नगर निगम, परिवहन भवनों पर देखा जा सकता है।नगर निगम के मुख्यालय के हर कोने को झालरों से सजाया है। सरकारी भवनों के अलावा पार्कों एवं चौराहों को भी सुंदर झालरों से सजाया जा रहा है। एलडीए, प्रशासन के अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या तक शहर के पचास के करीब पार्कों एवं चौराहों को रंग बिरंगे झालरों से सजाने में जुटे हुए हैं। शहर में लखनऊ विश्वविद्यालय सहित तमाम विश्वविद्यालयों को भी तीन रंग की रोशनी से रंग दिया गया है।

### मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद आगामी एक अक्टूबर से प्रारम्भ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने खरीफविपणन 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के तहत मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद किये जाने के निर्देश दिए हैं। मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद आगामी 01 अक्टूबर से प्रारम्भ की जाएगी। खरीद के तैयारियों के संबंध में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा समय-सरिणी जारी की जा चुकी है। जारी समय-सारिणी के अनुसार कृषकों को स्वयं या जनसुविधा केंद्र आदि के माध्यम से पंजीकरण कराने के लिए पंजीकरण 01 अगस्त से प्रारंभ है। क्रय केन्द्रों पर केंद्रों की जियो टैगिंग 30 अगस्त तक, धन का आंकलन व उपलब्धता, बोरे की उपलब्धता, स्टाफ की तैनाती हैंडलिंग व परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति, ई-पॉप डिवाइज की उपलब्धता सम्बन्धी व्यवस्था 15 सितंबर तक कर ली जाएगी।कृषक सुख-सुविधा की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, छन्ना, नमी मापक यंत्र की व्यवस्था, बैनर की व्यवस्था, मक्का, बाजरा एवं ज्वार की गुणवत्ता परीक्षण हेतु उपकरण, कांटा-बांट का सत्यापन, रिपेयरिंग व खराब होने की स्थिति में ठीक करने हेतु मैकेनिक का नामांकन, मंडी समिति द्वारा प्रभावित नीलामी हेतु नीलामी मण्डीयार्डवार नीलामीकर्ता का नामांकन, भंडारण प्लान, क्रय केन्द्र प्रभारियों की मक्का, बाजरा और ज्वार का क्रय, ई-पॉप डिवाइस आदि से संबंधित ट्रेनिंग व कार्यशाला आगामी 15 सितंबर तक कर ली जाएगी।

# बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहें अत्याचार के खिलाफ एसडीएम के माध्यम से सीएम-पीएम को भेजा पत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ, मलिहाबाद ।** बंगला देश में तख्ता पलट के बाद हिन्दूओं के खिलाफ मार पीट लूट पाट के खिलाफ राष्ट्रीय अन्नदाता यूनियन के पदाधिकारियों ने आज उपजिलाधिकारी मलिहाबाद सौरभ सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर कर सरकार से वहां के हिंदूओं को समर्थन दिया जाने का आग्रह किया और वहां की नवगठित सरकार को सख्त संदेश दिया जाए ताकि वहां के हिंदुओं पर अत्याचार को खत्म किया जाए।

सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार जानकारी मिल रही है की बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों में घुसकर लूटपाट की जा रही है और हत्याएं की




जा रही है वहां के मंदिरों को तोड़ा जा रहा है हिंदुओं के प्रतिष्ठान पर अवैध कब्जा किया जा रहा है और बांग्लादेश के लोग लोग भारत में प्रवेश कर रहे हैं उन्हें प्रतिबंधित किया जाए ज्ञापन में भारत सरकार से यूनियन के पदाधिकारी ने आग्रह किया है कि वहां के हिंदुओं की रक्षा की जाए इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भैया लाल जिला महामंत्री संतोष कुमार सिंह राजेश रावत अध्यक्ष माल गुलजारीलाल ब्लॉक अध्यक्ष मलिहाबाद सियाराम वरिष्ठ संगठन नेता लाल बहादुर महामंत्री रईस गाजी संगठन मंत्री उमाशंकर रावत सलाहकार रोहित प्रजापति रामविलास मौर्या राजेन्द्र मौर्या सहित लगभग दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

**जनसेवा** | सीएम योगी की मंशा है पैसे के अभाव में प्रदेश का कोई गरीब उपचार से वंचित न रह जाए

# गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के इलाज में सहयोगी बने सीएम

विकास तिवारी

**लखनऊ।** गंभीर बीमारियों से पीड़ित प्रदेश के मरीजों की चिंता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक अभिभावक की तरह कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष संजीवनी बन गया है। पश्चिमांचल से लेकर विंध्याचल तक अगर 10 जनपदों की बात की जाए तो कैंसर, हृदय रोग, किडनी प्रत्यारोपण, लीवर प्रत्यारोपण जैसी अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों की मदद के लिए सीएम योगी ने हमेशा हाथ बढ़ाया है।

दसों जिलों के आंकड़ों को देखें तो एक तरह से सीएम योगी ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष को बीमारों के लिए



**दसों जिलों के आंकड़ों को देखें तो एक तरह से सीएम योगी ने सीएम ने विवेकाधीन कोष को बीमारों के लिए समर्पित किया**

समर्पित कर दिया है। प्रदेश की कमान संभालने के बाद सीएम योगी एक अप्रैल 2017 से 13 अगस्त 2024 तक अंबेडकर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, कानपुर शहर, गाजियाबाद, प्रयागराज, मीरजापुर, मुजफ्फर नगर, मुरादाबाद और मैनपुरी के गंभीर बीमारियों से पीड़ित 36,199 लोगों को उपचार के लिए 7,01,27,50,931 रुपये की मदद कर चुके हैं। यही वजह है कि सिर्फ इन 10 जिलों में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में आज गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों के परिजनों को न तो दर-दर भटकना पड़ता है और न ही उन्हें उपचार के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ता है।

सीएम योगी की मंशा है कि पैसे के अभाव में प्रदेश का कोई गरीब उपचार से वंचित न रह जाए। यहबात वह जनता दर्शन, उच्च अधिकारियों के साथ बैठक समेत सभी सार्वजनिक मंचों से कहते रहते हैं। उनका कहना है कि सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। सरकार प्रदेश के जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की हर समस्या को समझती और उसके निराकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उनके यह सिर्फ कथ्य ही नहीं तथ्य भी हैं, जो सरकार की तरफ से 10 जनपदों के जारी किए गए आंकड़ों में साफ दिखाई पड़ते हैं। जनपदवार लाभार्थी एवं निर्गत सहायता धनराशि जनपदवार आंकड़ों को देखा जाए तो सीएम योगी प्रदेश मरीजों के इलाज में सहयोगी बन गए हैं। इसमें अम्बेडकरनगर में 2,834 लाभार्थियों को 45,71,16,354 रुपये, अयोध्या में 3,611 लाभार्थियों को 61,61,84,829 रुपये, अलीगढ़ में 524 लाभार्थियों को 10,56,26,663 रुपये, कानपुर शहर में 12,053 लाभार्थियों को 2,53,98,94,471 रुपये, गाजियाबाद में 473 लाभार्थियों को 15,59,99,167 रुपये, प्रयागराज में 12,585 लाभार्थियों को 2,40,10,20,940 रुपये, मीरजापुर में 2,508 लाभार्थियों को 41,92,41,997 रुपये, मुजफ्फर नगर में 254 लाभार्थियों को 6,40,34,373 रुपये, मुरादाबाद में 381 लाभार्थियों को 8,94,19,339 रुपये, मैनपुरी में 976 लाभार्थियों को 16,42,12,798 रुपये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता राशि निर्गत की गई है। इस तरह से 10 जनपदों में गंभीर बीमारियों से पीड़ित कुल 36,199 लोगों को उपचार के लिए 7,01,27,50,931 रुपये की मदद की गई है।

# डीएम ने कालाबाजारी में संलिप्त पाई गई फर्म को किया ब्लैकलिस्ट

**2021 से फंसा हुआ था मामला, बार-बार नोटिस के बाद भी नहीं दे रहा था कोई जवाब**



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कालाबाजारी में संलिप्त पाई गई फर्म मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन को तत्काल प्रभाव से काली सूची में डाल दिया है। इस फर्म को अगले 05 वर्षों के लिए खाद्य विभाग का कोई भी कार्य करने पर रोक लगा दी गई है। फर्म मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन के पार्टनर राजेश यादव को भी आगामी 05 वर्षों के लिए खाद्य विभाग के किसी भी टेंडर में भाग लेने से रोक लगा दी गई है। खास बात यह है कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने यह कार्रवाई 2021 से लंबित एक प्रकरण में की है। विभागीय स्तर पर कई बार नोटिस के बावजूद भी इस प्रकरण में कार्रवाई आगे नहीं बढ़ रही थी। लेकिन, जिलाधिकारी गोण्डा नेहा शर्मा ने न केवल प्रकरण प्रकाश में आने पर इसका संज्ञान लिया बल्कि दोषी संस्था के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की।

### दोबारा विभाग में घुसने की कर रहा था कोशिश

संभागीय खाद्य नियंत्रक देवीपाटन संभाग गोण्डा द्वारा बीती 02 जुलाई को संभाग के जनपदों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत सिंगल स्टेज के खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी हैंडलिंग व परिवहन कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई थी। इसके क्रम में मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन की फर्म में पार्टनर रहे राजेश यादव द्वारा ई-निविदा में भाग लिया गया। गोरखपुर निवासी सूरज सिंह और परमाल सिंह यादव ने अपनी शिकायत पत्र के माध्यम से राजेश यादव के खिलाफ जांच कर निविदा निरस्त कराने का अनुरोध किया। आरोप लगाया गया कि राजेश यादव मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन के पार्टनर रहे हैं और उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन पूर्व में जनपद गोण्डा के बेलसर ब्लॉक में सरकारी खाद्यान्न के हैंडलिंग और परिवहन ठेकेदार के रूप में कार्य कर रही थी। 2021 में मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करते पकड़ी गई थी। सरकारी खाद्यान्न की बोरियों को चावल मिल नारायण इंडस्ट्रीज पर पलटा जा रहा था। इस प्रकरण में मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन के प्रोप्राइटर लालजी सिंह, चावल मिल मेसर्स नारायण इंडस्ट्रीज के प्रो. विशाल सिंह और विपणन निरीक्षक संदीप सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी और संस्था का ठेका निलंबित कर दिया गया था। राजेश यादव मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन के पार्टनर रहे हैं। जिलाधिकारी गोण्डा और प्रभारी संभागीय खाद्य नियंत्रक देवीपाटन संभाग नेहा शर्मा ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आते ही समस्त तथ्यों पर जिला शासकीय अधिवक्ता, सिविल और क्रिमिनल से संयुक्त आख्या प्राप्त की गई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी हेतु खाद्यान्न की कालाबाजारी और डायवर्जन को रोकने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी हैंडलिंग और परिवहन व्यवस्था में पूर्ण शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कालाबाजारी करने वाले तत्वों को सरकारी खाद्यान्न के हैंडलिंग/परिवहन व्यवस्था से दूर रखने हेतु फर्म मेसर्स लालजी कंस्ट्रक्शन को तत्काल प्रभाव से काली सूची में डालने के आदेश दिए गए हैं। आगामी 05 वर्षों के लिए खाद्य विभाग का कोई भी कार्य करने से इसे डिबार कर दिया गया है। फर्म के पार्टनर रहे राजेश यादव को भी 05 वर्षों के लिए खाद्य विभाग के किसी भी टेंडर में भाग लेने से डिबार कर दिया गया है।

# कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा द्वारा आज 13 अगस्त 2024 दिन सोमवार को काकोरी ट्रेन एक्शन शताबदी वर्ष 2024 एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ.एसके वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.आरजी शुक्ला प्रधानाचार्य गुरु वशिष्ठ महाविद्यालय उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा में कृषि विज्ञान केन्द्र मनकापुर के डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान, डॉ. डी.के.श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन, डॉ मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडेय मृदा वैज्ञानिक, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक तथा डॉ. दिनेश कुमार पांडेय, गुरु वशिष्ठ महाविद्यालय की श्रीमती संगीता दुबे सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा कृषि विज्ञान केन्द्र मनकापुर से फिरोजपुर व महेवानानकार ग्राम होते हुए गुरु वशिष्ठ महाविद्यालय में समापन किया गया। तिरंगा यात्रा में प्रगतिशील कृषकों एवं गुरु वशिष्ठ महाविद्यालय की आरती मिश्रा, साधना सिंह, सोनू सिंह, मुन्नू सिंह आदि स्टाफ एवं सुमन आदि छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।




## जिले में महसी विधायक ने निकाली तिरंगा यात्रा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व जिले में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को महसी इलाके में भाजपा विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल हजारों बाइक सवार लोगों ने भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए शहीद स्मारक पहुंचकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जिले के महसी विधानसभा से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को तेजवापुर से एक विशाल बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई।जो कि महसी ब्लाक पर स्थित शहीद स्मारक पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल लोगों ने इस मौके पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपना बलिदान देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें नमन किया।

# एसपी के निर्देशन में हर घर तिरंगा अभियान का हुआ शुभारंभ

**हर घर तिरंगा अभियान 2024 का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के साथ रिश्ते को औपचारिक से व्यक्तिगत बनाना है**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत वर्ष 2022 में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत की गयी थी । इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस लाइन में झण्डा फहराकर लाइन में स्थित आवासीय परिसर में झण्डा वितरण किया गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लोग अपने-अपने थानों/चौकियों में 13 से 15 अगस्त तक झण्डा फहराएंगे साथ ही तिरंगा लाइट लगायी जायेगी । पुलिस लाइन , थानों तथा कार्यालयों में झण्डा गीत, राष्ट्रगीत व देशभक्ति गीत बजाया जायेगा तथा आमजनमानस को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रेरित करेंगे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिन-जिन स्थलों/मार्गो पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित हो, ऐसे समस्त स्थलों/मार्गो को चिन्हित कर आयोजकों से समयान्तर्गत समन्वय स्थापित कर तद्नुसार सुरक्षा/यातायात एवं शान्ति/कानून व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की कोई असहज की स्थिति न उत्पन्न होने पाए। हर घर तिरंगा 2024 अभियान एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य हर घर में राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगा फहराने को प्रोत्साहित करके भारतीयों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देना है।





यह अभियान व्यापक आजादी का अमृत महोत्सव के एक हिस्से के रूप में शुरू हुआ, जिसे भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में शुरू किया गया था। हर घर तिरंगा अभियान 2024 का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के साथ रिश्ते को औपचारिक से व्यक्तिगत बनाना है, जिससे नागरिक अपने राष्ट्र के प्रतीक से गहराई से जुड़ सकें। हर घर तिरंगा अभियान भारत की विविधता में एकता के प्रतिनिधित्व के रूप में तिरंगे के महत्व पर प्रकाश डालता है।

# पांच हजार मेडिकल स्टोर पर लहराएगा तिरंगा झंडा

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के पांच हजार मेडिकल स्टोरों पर स्वतंत्रता दिवस से पहले ही तिरंगा लगा दिया जाएगा इसके साथ ही हर मेडिकल स्टोर संचालकों को आजादी के नायकों के बारे में जानकारी दी। जिला महिला चिकित्सालय में मंगलवार को अस्पताल के सीएमएस डॉ. देवेंद्र सिंह व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेशउपाध्यक्ष सालिक राम त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारीयों की बैठक मैं तिरंगा अभियान की तैयारी पर चर्चा की गई। सालिक राम त्रिपाठी ने बताया की जिले में मेडिकल स्टोरों पर तिरंगा लगवाने के लिए सभी सदस्यों को लक्ष्य दिया गया है जिसमें संगठन के पूर्व मंडल प्रवक्ता सुधांशु मिश्रा को तिरंगा अभियान का प्रभारी व रोहित मिश्र को सह प्रभारी बनाया गया है जिनके नेतृत्व में मेडिकल स्टोरों पर तिरंगा फहराया जाएगा। बैठक में शशि राज पांडे, संजय द्विवेदी, प्रभाकर पाण्डेय, सूर्य प्रकाश, राकेश कुमार शुक्ला लोग उपस्थित रहे।



**संगठन के पूर्व मंडल प्रवक्ता सुधांशु मिश्रा को तिरंगा अभियान का प्रभारी व रोहित मिश्र को बनाया गया सह प्रभारी**

## जवाहर लाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता 15 को

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** खेल निदेशालय, उप्र लखनऊ एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय देवीपाटन मण्डल गोण्डा के तत्वाधान में तथा जिलाधिकारी महोदया, गोण्डा के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित महिला एवं पुरूष क्रासकन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन प्रात 9 बजे से क्षेत्रीय खेल कार्यालय, जवाहर लाल नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम गोण्डा के परिसर में आयोजित कियाय जा रहा है, जिसमें पुरूषों की 05 किमी तथा महिलाओं में 03 किमी की क्रासकन्ट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें कोई भी आयु बन्धन नहीं है, इच्छुक प्रतिभागी समय से 01 घण्टा पूर्व अपना पंजीयन कराकर चेस्ट नं0 प्राप्त कर रेस में निःशुल्क प्रतिभाग कर सकतें है, अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के मां0 नम्बर 8573016340 हरिओम जायसवाल कम्प्यूटर आपरेटर से सम्पर्क कर सकते है।

# डीएम ने अधिकारियों को दिए समस्या के निस्तारण के निर्देश




**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद मुख्यालय के दूर दराज गांवों में रहने वाली जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिये गोण्डा की डीएम नेहा शर्मा द्वारा निरन्तर चलाए जा रहे जन चौपाल कार्यक्रम के तहत मंगलवार को उन्होंने बेलसर ब्लाक की ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाकर गांव में हो रहे विकास कार्यो की जमीनी हकीकत को जाना। डीएम ने गांव में विकास कार्यों का सत्यापन भी कराया तथा जहां खामियां मिली, उन्हें तुरंत दुरूस्त कराएं। चौपाल के दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने डीएम के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं रखी जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया तथा समस्या का निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। डीएम की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत धनईपट्टी, सिंहपुर, नगदही, खमरौनी, पकवानगांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इन सभी चौपालों में ग्राम वासियों द्वारा राशन वितरण, आवास, किसान सम्मान निधि, राजस्व मामले आदि से संबंधित समस्या को रखा गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, यदि किसी कर्मचारी या किसी अधिकारी द्वारा जनता की समस्याओं के समाधान में जरा सी भी लापरवाही बरती गई तो लापरवाह कर्मचारी अथवा अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने की हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुवात

ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने सभी ग्रामों के ग्रामीण को 13 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों से कहा की तिरंगा हमारे देश की आन बान और शान है इसलिए हमें इस कार्यक्रम को पूरे सम्मान के साथ मानना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी तरबगंज, नायब तहसीलदार बेलसर, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत सचिव, सहित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पांच दुकानों का ताल तोड़कर लाखों का माल किया पार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

लखनऊ-बहराइच मार्ग के निकट बसे मरौचा बाजार पर सोमवार रात को चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। सराफा की दो दुकान समेत पांच दुकानों से करीब 9 लाख रुपए से अधिक के माल पार कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके की जांच की है।



फखरपुर थाना क्षेत्र का मरौचा बाजार लखनऊ- बहराइच मार्ग के निकट बसा हुआ है। बाजार में थाने की पुलिस गश्त करती है, सोमवार रात में भी गश्त करती रही। इसके बाद भी आधा दर्जन की संख्या में पहुंचे चोरों ने बाजार में जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने संतोष सोनी के सराफा की दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ दिया।इसके बाद चोरों ने चार लाख मूल्य के सोने और चांदी के जेवरात नकदी ले गए। पड़ोसी मोहित के सराफा की दुकान में दो लाख से अधिक के जेवरात की चोरी की। दुर्गेश सिंह के मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोर नए और पुराने मोबाइल लेकर चले गए।दौलत के कपड़े और फुटवियर की दुकान में चोरी की। यहां से भी बिक्री के पांच हजार रूपये समेत भारी मात्रा में कपड़ा लेकर चोर चले गए। इसके बाद चोरों ने राम जी पाल के जनसेवा केंद्र में चोरी की। यहां से 25 हजार नकदी समेत अन्य की चोरी की। सर्राफा व्यवसाई संतोष के यहां से चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी लेकर साथ चले गए।

एकसाथ हुई चोरियों से लोगों में दहशत है। सभी ने सुबह थाने में तहरीर दी। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।



# पूर्व सहकारिता मंत्री ने दुष्कर्म पीड़िता के घर जाकर जाना हाल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** फखरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा सात की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में मंगलवार को भाजपा सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री ने गांव जाकर परिवार के लोगों से हाल-चाल जाना। साथ ही आर्थिक सहयोग कर सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही।फखरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी कक्षा सात की छात्रा के साथ समुदाय विशेष के युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेकिन छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। इसकी जानकारी होने पर सोमवार को प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने मौके पर जाकर परिवार के लोगों से पीड़ित छात्रा के सेहत की जानकारी ली।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के विरोध में हिंदू संगठनों ने निकाली जनाक्रोश रैली

**रुपईडीहा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओ पर हो रहे हमलों के विरोध में भारत नेपाल सीमा के रुपईडीहा नगर में हिंदू संगठनों ने जनाक्रोश रैली निकालकर विरोध जताया। नगर के राम जानकी मंदिर से रैली निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए सेंट्रल बैंक चौराहे पर जाकर सम्पन्न हुई।

सेंट्रल बैंक चौराहे पर रैली को सम्बोधित करते हुए डॉ सनत कुमार शर्मा,महंत भगवानदास, विवेक शुक्ला आदि ने बांगलादेश में हिंदुओ पर हो रहे अत्याचार को अविलंब रोकने की मांग को लेकर प्रधानमन्त्री को सम्बोधित एक ज्ञापन रुपईडीहा पुलिस को सौंपा।इस रैली में रामजानकी मंदिर के महंत भगवानदास, विवेक शुक्ला, नरेंद्र मदेशिया ,रिंकू अवस्थी,बलराम मिश्रा,राजकुमार गुप्ता,राम नरेश बरनवाल,योगेंद्र शर्मा,शैलेश जायसवाल आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे। वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही देश व्यापी हिन्सा पर दुःख और आक्रोश व्यक्त किया तथा भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की।



# समय से विद्यालय नहीं पहुंच रहे शिक्षक,शिक्षामित्र चला रहे विद्यालय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रामपुर धोबिया के बेहनन पुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को हेड मास्टर व शिक्षिका समय से नही पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई की बात कही। जिले के विकासखंड शिवपुर के ग्राम सभा रामपुर धोबिया हार के बेहनन पुरवा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक जावेद अहमद व संजय कुमार यादव सहित शिक्षिका राखी शर्मा व शिक्षामित्र पूनम वर्मा की तैनाती है। लेकिन मंगलवार को समय से हेड मास्टर जावेद अख्तर व शिक्षिका राखी शर्मा नहीं पहुंची। मौके पर संजय कुमार यादव व शिक्षामित्र पूनम वर्मा मौजूद मिली। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी शिवपुर जगन्नाथ यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### कई बार हो चुकी समय से न आने की शिकायत

मंगलवार से पहले भी कई बार पूर्व माध्यमिक विद्यालय की शिकायत हो चुकी है लेकिन फिर भी शिक्षक अपने समय से विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। हर बार खंड शिक्षा अधिकारी जांच कर कार्रवाई का निर्देश देते हैं लेकिन हर बार कार्रवाई जस की तस रहती है।

## आदित्य मिश्रा ने किया इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का निरीक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन, आईपीएस आदित्य मिश्रा ने रुपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का सोमवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सीमा पर व्यापार, सुरक्षा, और इमिग्रेशन प्रक्रियाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार की दिशा में दिशा-निर्देश प्रदान किए। भारत नेपाल सीमा पर स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट का निरीक्षण करने चेयरमैन (आईपीएस) आदित्य मिश्रा ने निरीक्षण कर भारत और नेपाल के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में दोनों देशों के आयात-निर्यात से संबंधित समस्याओं की समीक्षा की गई और व्यापार प्रक्रियाओं को सहज और पारदर्शी बनाने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने की दिशा में विचार-विमर्श हुआ।

# धर्मशाला को कब्जाने पर स्वर्णकार समाज ने की कार्यवाही की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी धर्मशाला को कब्जा करने व धमकी देने को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिलाधिकारी कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पदाधिकारी ने डीएम व एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

शहर में स्थित स्व श्याम लाल सराफ धर्मशाला ट्रस्ट मोहल्ला बसीरगंज जिसके अध्यक्ष पंकज कुमार सोनी उपाध्यक्ष मुख्य ट्रस्टी महीप सिंह स्वर्णकार को धर्मशाला प्रकरण से हटाने की धमकी लगातार विपक्षी अवधेश नारायण अग्रवाल व उनके पुत्र मनीष अग्रवाल द्वारा दिया जा रहा है। जिसको लेकर स्वर्णकार समाज के लोगों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय कार्यालय पहुंचकर डीएम व एसपी को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष पंकज कुमार सोनी ने बताया कि विपक्षी अवधेश नारायण अग्रवाल व उनके पुत्र मनीष अग्रवाल द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है कि धर्मशाला प्रकरण से हट जाओ नहीं तो तुम्हारे परिवार वालों को तुम्हारी लाश तक नहीं मिलेगी। अध्यक्ष ने बताया कि अवधेश नारायण अग्रवाल व उनके पुत्र पर आधा दर्जन से ज्यादा मुकदमा दर्ज है जिसके कारण धर्मशाला को बगैर किसी शासनादेश के अपनी दबंगई के दम पर पूरी बिल्डिंग को ध्वस्त कर करोड़ों की सम्पदा अपने साथ उठा ले गए। और अब धर्मशाला की जमीन पर कुत्रचित दस्तावेज के आधार पर कब्जा करना चाहते हैं जिसका स्वर्णकार समाज विरोध कर रहा हैं। क्योंकि उक्त धर्मशाला स्वर्णकार समाज का है इसी रंजिश के चलते विपक्षी समस्त पदाधिकारी को इस प्रकरण से हटाने की लगातार धमकी दे रहे हैं। विपक्षी एक आपराधिक प्रवृत्ति के तथा जिले के घोषित भू माफिया है।



जो अपने धन एवं बल के आधार पर लोगों के खिलाफ कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। अगर 15 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं की जाती है तो अनशन पर बैठने के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय का भी घेराव किया जाएगा।

इस मौके पर कन्हैया सोनी, पारस नाथ सोनी, पंकज सिंह स्वर्णकार, अरविंद सोनी, मनीष रस्तोगी, सोम सोनी, शिव रस्तोगी सहित दो दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम से रोपित किया सैकड़ों पेड़

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने हाल ही में एक पेड़ माँ के नाम,प्लास्टिक का उपयोग न करें,और डॉक्टरों के खिलाफ हिंसा को रोकें,जैसे महत्वपूर्ण अभियानों का आयोजन किया। इन अभियानों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता, और चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की विशेष अतिथि के रूप में डॉ. एन सी बावा और डॉ. सगुना वर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन अभियानों के माध्यम से आईएमए बहराइच ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

# प्रेमी संग रंगरलिया मना रही थी मां घरवालो ने पेड़ से बांधकर दोनो को पीटा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के सुजौली थाना क्षेत्र के नई बस्ती चहलवा गांव निवासी एक महिला को उसके घर में सीतापुर निवासी प्रेमी के साथ रंगरलिया मनाते हुए परिवार के लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद घर वालों ने दोनों को पेड़ से बांध कर पिटाई की। वहीं पुलिस सोमवार से मामले को पंचायत के जरिए निपटाने में लगी है।सुजौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चहलवा के मजरा नईबस्ती निवासी एक महिला का सीतापुर निवासी एक युवक से फोन के जरिए प्रेम प्रसंग हो गया। महिला दो बच्चों की मां भी होने के बाद भी युवक के प्रेम में पड़ गई और उसे दिल दे बैठी। वहीं प्रेमी महिला से मिलने के लिए उसके घर पहुंच गया। सोमवार को जब इसकी भनक महिला के घर वालों और गांव के लोगों को लगी गई और दोनों को घर में रंग रलिया मनाते पकड़ लिया। जिसके बाद दोनों को पेड़ में रस्सी से बांधकर पिटाई कर दी।वहीं सुजौली पुलिस को इस मामले की भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को लेकर थाने गई। सोमवार से पुलिस थाने में पंचायत करवा रही है। लेकिन मामला नहीं निपटा।प्रेमी और महिला को रस्सी से बांध कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले में पुलिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। थानाध्यक्ष हरीश सिंह का कहना है कि सोमवार का मामला है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

**पति और मायके के लोग महिला को साथ रखने से कर रहें इंकार:** गांव के लोगों की सूचना पर प्रेमी के परिवार के लोगों को बुलाया गया। प्रेमी युवक के परिवार के लोग महिला को स्वीकार करने से इंकार कर रहे हैं। वहीं महिला को पति और मायके के लोग भी अपने पास शरण देने से इंकार कर रहे हैं।

# युवक की हत्या में छह आरोपी गिरफ्तार



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में दलित युवक की निर्मम हत्या मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना के 24 घंटे बीतने के बाद हत्या में शामिल 6 हत्यारोपियों को मय आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि बीते दिन दिन मृतक अर्जुन पासी ने मामूली कहासुनी के बाद नवीन सिंह को दो थप्पड़ मार दिया था, जिसका बदला लेने के लिए अर्जुन पासी की हत्या की गई थी।

## युवक की गोली मारकर की गई थी हत्या

मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछवरिया मजरे भुवालपुर सिसनी गांव का है, जहां 11 अगस्त को रात लगभग 8:30 बजे बेचूलाल के 21 वर्षीय पुत्र अर्जुन पासी का यहीं के रहने वाले नवीन सिंह से कुछ विवाद हुआ था। अर्जुन पासी ने नवीन सिंह को कई थप्पड़ मार दिए थे। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर देर रात नवीन सिंह ने साथियों समेत गांव के रहने वाले राजाराम पासी के घर के पास पहुंचकर अर्जुन को बुलवाया था। आरोप है कि अर्जुन जैसे ही राजाराम के घर के पास पहुंचा, असलहे से लैस नवीन सिंह ने उस पर फायर कर दिया। गोली लगने से अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई। नवीन सिंह फायरिंग के बाद साथियों समेत मौके से फरार हो गया। उधर घटना की सूचना पाते ही भीम आर्मी से जुड़े लोगों ने मौके पर पहुँचकर हंगामा शुरू कर दिया था। इस मामले में मृतक अर्जुन पासी के परिजनों के द्वारा सात लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी गई थी, जिसमें से पुलिस ने 6 हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास हत्या में प्रयुक्त 315 बोर का एक तमंचा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने सभी हत्यारोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

### बोले पुलिस अधीक्षक?

पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया की मृतक अर्जुन पासी ने नवीन सिंह को कुछ दिन पहले मार दिया था। उसी का बदला लेने के लिए नवीन सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोली चलाकर अर्जुन की हत्या कर दी थी। छह अभियुक्तों को जेल भेजा जा रहा है बाकी जांच प्रचलित है।

## दो पक्षों में हुआ विवाद मुकदमा दर्ज

**महराजगंज,रायबरेली।** दो पक्षों में हुआ विवाद कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के ऊपर लिखा मुकदमा वादिनी मिथिलेश कुमारी पत्नी रामसुख निवासी पुरे चंदू मंज़रे बैखरा थाना महराजगंज द्वारा दी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आकाश यादव पुत्र रामप्यारे आदि निवासी पुरे चंदू मजरे बैखरा के विरुद्ध विपक्षी गाणो के द्वारा वादिनी को गाली गलौज करते हुए मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई जिस पर कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। दी गई तहरीर पर रामसुख पुत्र बबलू निवासी पुरे चंदू मजरे बैखरा थाना महराजगंज के विरुद्ध वादिनी के पुत्र को गाली गलौज करते हुए मारना पीटना एवं जान से मारने की धमकी देने पर मुकदमा दर्ज हुआहै।

# वसूली के विरोध पर दबंगों ने चालक को पीटा

▸ नाराज ऑटो चालकों ने किया प्रदर्शन, वसूली बंद करवाये जाने की उठाई मांग



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कानून व्यवस्था को ताख पर रखकर थानाक्षेत्र में जमकर अवैध वसूली हो रही है। यह अवैध वसूली का पैसा ना देने पर और उसका विरोध करने पर वसूली करने वाले दबंगों ने एक ऑटो चालक को जमकर पीट दिया जिसके बाद सैकड़ो ऑटो चालकों ने धरना प्रदर्शन किया घटनास्थल पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी आपको बता दे कि मंगलवार को जनपद के भदोखर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास शारदा नहर पर ऑटो चालकों से हो रही रोजाना अवैध वसूली का विरोध करने पर एक ऑटो चालक को अवैध वसूली करने वाले लोगों ने जमकर पीट दिया।

जिसको लेकर सैकड़ो ऑटो चालकों ने घटनास्थल पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची भदोखर थाने की पुलिस द्वारा मामले में जांच पड़ताल की जा रही है पीड़ित ऑटो चालक शिवम कुमार ने बताया कि वह ऑटो लेकर एक सवारी बिठाकर ले जा रहा था तभी अवैध वसूली करने वाले लोगों ने रिक्शा चालक को रोक कर टोकन लेने की बात कही जिसका विरोध ऑटो चालक ने किया तो मौजूद दबंगों ने उसे बेरहमी से पीट दिया फिलहाल भदोखर थाना अध्यक्ष शिवाकांत पांडे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो चुकी है मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## न्यू हिन्दू मुस्लिम रामलीला कमेटी के डायरेक्टर को दी श्रद्धांजलि

**बछरावां,रायबरेली।** दयानन्द पी जी कालेज के प्रांगण में प्रसिद्ध रंगकर्मी, समाज सेवी,न्यू हिन्दू मुस्लिम रामलीला कमेटी के डायरेक्टर व अनेक सामाजिक सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े आईं टी आई से रिटायर इंजीनियर मो0 आलिम जी के आकस्मिक निधन के कारण एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया उनके भाई व पुत्र की उपस्थिति ने माहौल को गमगीन कर दिया मुख्य रूप से मेला कमेटी से राम जी , शशिकांत, आनन्द चौधरी, रामकुमार सोनी शौर्य मण्डल शुक्ला व रामलीला कमेटी से भूमण्डल शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला,जयचन्द,तवरेज मोहम्मद, व प्राचार्य डॉ सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव अम्बेश सिंह मुजीब आदि अनेक बन्धु उपस्थित थे।

# वीडीओ की उपस्थिति में हर घर तिरंगा अभियान की हुई शुरुआत

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आजादी के महापर्व को विशेष बनाने के लिए देशभर में हर घर तिरंगा अभियान का ऐलान किया गया है। जिसके क्रम में अधिकारियों ने तिरंगा देकर हर घर में लगाने का आवाहन किया गया।

सलोन विकास खंड के पंचायत भवन सूची में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी रायबरेली अनिल कुमार ने ग्राम विकास अधिकारी मनीष श्रीवास्तव सूची की उपस्थिति में हर घर तिरंगा अभियान का शुरूआत किया। तत्पश्चात पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूची में उपस्थित बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की विस्तृत जानकारी दी।हमारे देश के तिरंगे की जो महत्वपूर्णता हैं और जो देश भक्ति की भावना है उसके लिए सभी बच्चों व अन्य लोगों को तिरंगा वितरण कर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों के छतों पर तिरंगा फरहाना हैं। जिससे हर घर में तिरंगा अभियान सफल हो सके। उन्होंने आमजन से अपील की हर घर तिरंगा अभियान में बढ-चढ कर भाग ले और दूसरे लोगों को इसके लिए प्रेरित कर जागरूक करें। इस मौके पर मनोज कुमार पशु चिकित्सा अधिकारी सूची,आलोक यादव फार्मासिस्ट, ग्राम प्रधान सूची अनीता सिंह ,खुशबू गौड पंचायत सहायक, मनोज कुमार,मथुरा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## शिव महापुराण कथा के षष्टम दिवस पर त्रिपुरासुर वध की कथा से भक्त हुए भाव विभोर

**उतरौला,बलरामपुर।** उतरौला बाजार के श्री दुःख हरण नाथ मंदिर पर श्री शिव महापुराण कथा के षष्टम दिवस पर कथा व्यास श्री बृजलाल जी महाराज ने भक्तों को त्रिपुरासुर और उसके भाइयों के वध का अत्यंत प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। इस पावन अवसर पर भक्तगण भगवान शिव की महिमा सुनकर भाव विभोर हो गए। कथा के दौरान कथा व्यास श्री बृजलाल जी महाराज ने त्रिपुरासुर के वध की महत्ता और शिव जी की महानता पर विस्तार से चर्चा की। कथा के दौरान कथा व्यास श्री बृजलाल जी महाराज ने बताया कि कैसे ताड़कासुर के पुत्र त्रिपुरासुर और उसके भाइयों ने कठोर तपस्या कर ब्रह्मा जी से अमोघ वरदान प्राप्त किया।

# डायरिया के चपेट में आया गांव, 26 लोग बीमार

▸ गांव में स्वास्थ टीम कर रही कैंप, नियंत्रण में स्थिति



**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गांव गुलरिहा मजरे सवैयाधनी में दूसरे दिन भी डायरिया मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक दिन पूर्ण गांव में शुरू हुआ डायरिया का कहर रुक नहीं रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप किए हुए है। ज्ञात हो कि गुलरिहा गांव में सोमवार को अचानक डायरिया फैल गया। जिससे गांव के दो दर्जन लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। उल्टी दस्त से पीड़ित दो दर्जन लोग निजी अस्पतालों में भर्ती हुए , उसके बाद स्वास्थ विभाग जागा और सोमवार देर शाम स्वास्थ विभाग की टीम गांव पहुंची। गांव में लगातार टीम काम कर रही है , इसके बावजूद मंगलवार को छह नए लोग बीमार हो गए जिसमें गांव के व्यास मुनि, गुड्डन, कविता, सपना, आकांक्षा तथा पड़ोसी गांव दौलतपुर निवासी देवराज पाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर एक दिन पहले बीमार लोग धीरे धीरे ठीक हो रहे है। उनका इलाज चल रहा है। इस दौरान गांव में स्वास्थ विभाग द्वारा दवाओं और ओआरएस का वितरण किया गया है। सफाई कर्मचारियों द्वारा गांव में साफ सफाई के साथ दवा का छिड़काव किया गया है बताया जाता है कि दूषित पानी पीने से गांव में डायरिया फैला है। जिसे देखते हुए गांव ने काफी गहराई का एक इंडिया मार्का हैंडपाइप भी लगाया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि गांव में अब स्थित नियंत्रण में है , घर घर दवा का वितरण के साथ लोगों को सावधानी बरतने और पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है । टीम गांव में कैंप किए हुए है।

## सीएमओ ने किया पीएचसी का निरीक्षण



**बलरामपुर।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजवापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में आयुष चिकित्सक डॉ वसीम खान समेत कुल 05 कर्मी अनुपस्थित पाए गए । सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने दिया। सीएमओ ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर को निर्देशित किया कि पीएचसी राजवापुर के चिकित्सालय परिसर में साफ सफाई आदि की। निरीक्षण के समय जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा उपस्थित रहे।

# अवधी सम्राट इंद्रेश भदौरिया नेपाल में सम्मानित

**अवधी बोली में लिख चुके सोलह पुस्तकें, जिसमें पांच पुस्तकें प्रकाशित तथा ग्यारह अप्रकाशित हैं**



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर नेपाल के नेपालगंज बांके में एक भव्य समारोह का आयोजन विगत वर्षों की भाँति किया गया जिसमें में रायबरेली के अवधी कवि इन्द्र बहादुर सिंह इन्द्रेश भदौरिया रायबरेली को अवधी गौरव रजत सम्मान तथा तथा बिमला-विष्णु अवधी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया है।

दोनों सम्मानों में अलग-अलग फूल-मालाएं पहनाकर अंग वस्त्र के साथ सम्मान पत्र प्रदान किया गया। रायबरेली के ग्राम मोहम्मद मऊ कठवारा में पले बढ़े अवधी कवि जिन्हें लोग अवधी सम्राट इन्द्रेश भदौरिया कहने लगे हे का अवधी बोली में सोलह पुस्तकें लिख चुके हैं जिसमें पांच पुस्तकें प्रकाशित तथा ग्यारह पुस्तकें अप्रकाशित हैं। सम्मानित किए जाने पर जनपद के गणमान्य नागरिकों में अत्यधिक खुशी है इसी क्रम में कवि एवं साहित्यकार शिव नाथ सिंह शिव को भी अवधी गौरव रजत सम्मान से नवाजा गया आप की भी दो पुस्तकें क्रमशः काव्य रस तरंगिणी और काव्य रस धारा प्रकाशित हो चुकी हैं इस मौके पर उक्त साहित्यकारों को शुभकामनाएं देते हुए कविराज -शिवकुमार सिंह शिव दुसौंती ने दोनों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर बधाई देने वालों में डाक्टर मातादीन पासी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राम सुमिरन यादव भारतीय किसान यूनियन अध्यक्ष, संजीव कुमार, संतलाल, बृजेश, दिनेश कुमार संतोष सिंह, अंजनी कुमार आदि लोग थे।

# सार्वजनिक स्थानों पर विधायक निधि से लगी स्ट्रीट लाइट हुई खराब

▸ सरकार ने स्ट्रीट लाइट के देखरेख के लिए किसी विभाग को नहीं दी जिम्मेदारी

**उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

विधायक निधि से लगाए गये करोड़ों रुपए की स्ट्रीट लाइट वर्षों से बेकार पड़ी है। सार्वजनिक स्थानों पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे स्ट्रीट लाइट वर्षों से खराब पड़े हैं। इसकी देखरेख करने के लिए कोई विभाग तैयार नहीं है। उतरौला तहसील के विभिन्न चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, ऐतिहासिक मंदिर व मस्जिदों के पास विधायकों ने अपने फण्ड से स्ट्रीट लाइट के लिए बड़े बड़े पोलो पर हाई मास्ट के स्ट्रीट लाइटें लगवाई लेकिन वह कुछ ही समय बाद खराब हो गई। स्ट्रीट लाइट के खराब होने के बाद कोई विभाग उसे ठीक कराने को तैयार नहीं है। स्ट्रीट लाइट के वर्षो खराब रहने पर सार्वजनिक स्थल पर अंधेरा रहता है। सरकार ने स्ट्रीट लाइट के देखरेख के लिए किसी विभाग को जिम्मेदारी नहीं दी। किसी विभाग को इसके देखरेख की जिम्मेदारी न मिलने से इसकी मरम्मत कोई विभाग करा नहीं रहा है। उतरौला तहसील के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर सैकडो स्ट्रीट लाइट खराब होने से शो पीस बने है। नगर पालिका परिषद उतरौला ने कुछ स्ट्रीट लाइट को ठीक कराया था लेकिन मानक के विपरीत होने से अक्सर खराब हो जाते है।

## नव चयनित सहायक शोध अधिकारी को प्रदान किया नियुक्ति पत्र



**बलरामपुर।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में सदर विधायक पलटू राम द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जनपद के लिए चयनित सहायक शोध अधिकारी सिद्धार्थ कुमार गुप्ता को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोहित रमवापुरी ने केंद्रीय जहाज रानी राज्य मंत्री से की भेंट



**उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

पूरी दुनिया की यात्रा करने का सपना, बेहतर पैसा कमाना, वर्दी पहनने और खुद को अधिकारी कहलाने की ख्वाहिश हर युवा की होती है. युवाओं के इन्हीं सपनों को पूरा करने लिए रमवापुर खुर्द निवासी रोहित रमवापुरी ने केंद्रीय जहाज रानी राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर से पश्चिम बंगाल स्थित उनके ठाकुर नगर आवास पर भेंट की। रोहित ने बताया कि मर्चेंट नेवी में रोजगार के बड़े अवसर हैं। हमारे क्षेत्र के युवाओं को भी इस क्षेत्र में अवसर मिले इसके लिए जहाज रानी मंत्री से मैंने वार्ता की है। रोहित ने बताया कि जल्द ही एक कार्यक्रम करके यहां के युवाओं को मर्चेंट नेवी में जाने के लिए प्रेरित करूंगा और उन्हें मार्गदर्शन देने के साथ ही उन्हें इस फील्ड से जोड़ने की कोशिश भी करूंगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा मर्चेंट नेवी के जो कैडेट ईरान कि जेल मे बंद हैं उनकी रिहाई के लिए भी बात हुई है और सकारात्मक संकेत मिले हैं।

# डीएम ने तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मेरा रंग दे बसंती चोला..., मेरी आन तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है मेरी जान तिरंगा है..., दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए..., मां तुझे सलाम..., अब के बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे..., सुनो गौर से दुनिया वालो... जैसे देशभक्ति गीतों के बीच में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को तिरंगा यात्रा जीआईसी से निकाली गई।

डीएम हर्षिता माथुर व सीडीओ अर्पित उपाध्याय ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) से बच्चों की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर डीएम, सीडीओ, डीडीओ, डीआईओएस, बीएसए, जीआईसी प्रधानाचार्य और खण्ड शिक्षाधिकारी भी बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा में चले। तिरंगा यात्रा में स्काउट गाइड के मास्टर ट्रेनर, स्काउट, एसपीडी, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि इस राष्ट्रीय अभियान के तहत देश के जाने अनजाने, क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों को नमन कर रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत घर, प्रतिष्ठानों, सरकारी और गैर सरकारी इमारतों, भवनों, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक इकाइयों पर जन-जन के सहयोग से तिरंगा फहराया जाएगा। डीआईओएस संजीव सिंह और बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' के तहत आज से विद्यालयों में कार्यक्रमों का आगाज हो गया है। तिरंगा यात्रा अस्पताल चौराहा, हाथी पार्क और अम्बेडकर प्रतिमा होते हुए स्काउट भवन में आकर समाप्त हुई।

## पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण करने हेतु बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने परीक्षा आयोजन केन्द्रों पर कक्षों में सीसीटीवी कैमरे एवं उनके संचालन की स्थिति, कंट्रोल रूम, बच्चों के बैठने हेतु सीटिंग प्लान आदि सुनिश्चित कराने का दिशा निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कंट्रोल रूम और कोषागार कक्ष की सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने अभ्यर्थियों के बैग रखने के स्थान,वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था कराने को कहा। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । लापरवाही करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

## डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में सोमवार की सायं बचत भवन सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के कुल 250 एवं स्पॉन्सरशिप योजना (प्रवर्तन कार्यक्रम) के 330 आवेदन पत्रों का अनुमोदन दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मार्च 2020 के पश्चात ही मृतकों के बच्चों को अभियान चला कर चिन्हित किया जा रहा है। इस स्वीकृति के पश्चात जिले में लाभार्थियों की संख्या 1573 हो गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में ऐसे अधिक से अधिक बच्चों को चिन्हित किया जाए और उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कोविद-19 महामारी के बाद बहुत से बच्चों ने अपने अभिभावकों को खो दिया। जिससे उन्हें मानसिक और शैक्षणिक हानि उठानी पड़ी। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा बाल सेवा योजना शुरू की गई जिसका उद्देश्य महामारी से प्रभावित बच्चों को संरक्षण प्रदान करना है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल, सदस्य बाल कल्याण समिति मिलिन्द द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार उपस्थित रहें।

## डीएम एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक परीक्षा 2023 सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली, जनपद इंटर कॉलेज हरचंदपुर और चंद्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज को देखा। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि सभी केन्द्रों में जरूरी सुविधाएं जैसे फर्नीचर, प्रकाश, शौचालय, पेयजल ,रैंप आदि की व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त कर ली जाए। परीक्षा वाले दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिए प्रमुख प्रवेश द्वारों पर विद्यालय के कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को तैनात रखा जाए। केंद्र तक आने वाले सभी मार्गों का पहले से ही निरीक्षण करा लिया जाए। अगर किसी प्रकार की अव्यवस्था हो तो समय रहते उसको दुरुस्त करा दिया जाए। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धन के अभाव में अधूरा पड़ा पानी टंकी का निर्माण कार्य

**उतरौला,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय तहसील क्षेत्र के हुसेनाबाद बाजार में पांच करोड़ रुपए के लागत से बनने वाला पानी की टंकी का धन के अभाव में पांच वर्षों निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। इससे 42 मजरे के करीब बीस हजार आबादी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है।

तहसील उतरौला के ग्राम हुसेनाबाद बाजार में पानी की टंकी से वहां की आबादी के लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शासन ने चार करोड़ निनानबे लाख रुपए जल निगम को आवंटित किया। उसके बाद शासन ने बजट की पहली किस्त दो करोड़ इक्यावन लाख रुपए आवंटित कर दिया। पहली किस्त मिलने पर कार्यदाई संस्था ने पानी की टंकी का निर्माण कर दिया लेकिन दूसरी किस्त न मिलने पर निर्माण कार्य पांच साल से ठप पड़ा है। शासन से बजट की दूसरी किस्त न मिलने पर ग्रामीणों के घरों में पानीं आपूर्ति के लिए पाइप लाइन नहीं बिछाई जा सकी है। वहीं बिजली का ट्यूबवेल तक नहीं लग सका। बजट का दूसरी किस्त न मिलने से विभाग ग्रामीणों के घरों तक पाइप लाइन बिछाकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति नहीं कर सका है। अधिशासी अभियंता जल निगम मुकीम अहमद ने बताया कि शासन से बजट की दूसरी किस्त मिलने पर बचे हुए सभी निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाएगा।

# विधायक ने कृषकों को वितरित किया मिलेट्स मिनी बीजकिट

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देशन में विकास खण्ड स्तरीय खरीफ कृषि निवेश मेला-2024 विकास खण्ड सभागार बलरामपुर में आयोजित किया गया। मेले का शुभारम्भ विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर नरेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक, अनूप सिंह खण्ड विकास अधिकारी बलरामपुर, विषय वस्तु विशेषज्ञ श्याम बहादुर, सहायक विकास अधिकारी कृषि चन्द्रेश कुमार, मुलायम सिंह एटीएम, शिवमूर्ति वर्मा बीटीएम व विकास खण्ड के समस्त कार्मिक के साथ विकास खण्ड के कृषक साहिब पुत्र सेवक ग्राम जबदही, फजल मोहम्मद पुत्र मुराद मोहम्मद ग्राम नरायनपुर, मंशा राम पुत्र स्वामी दयाल ग्राम जुडावनगांव आदि अन्य प्रगतिशील कृषक उपस्थित हुए। मेले का संचालन श्री मुलायम सिंह एटीएम द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, बलरामपुर द्वारा विधायक बलरामपुर को बुके देकर स्वागत किया गया इसके उपरान्त कृषि विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी जिसमें मुख्यतः प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम-सोलर पम्प योजना, कृषि यंत्रीकरण योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# भव्य तिरंगा यात्रा में सैकड़ो लोगों ने हाथों में थमा तिरंगा

▸ नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पूरे कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा निकालने के साथ-साथ दुकानों और प्रतिष्ठानों पर फहराया झंडा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भव्य तिरंगा यात्रा नगर पंचायत महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में महराजगंज नगर पंचायत से नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पूरे कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई और साथ-साथ दुकानों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा झंडा फहराया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया नगर पंचायत महराजगंज कार्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई है ।

तिरंगा यात्रा को पुरे नगर में भ्रमण कराया गया साथ-साथ लोगों से अपील की जा रही है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग तिरंगा यात्रा में शामिल हो महराजगंज नगर की सम्मानित जनता ने पिछले वर्ष भी 15 अगस्त के महापर्व को यादगार बना दिया था अबकी बार भी स्वतंत्रता दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे सभासद रामकुमार यादव कमलेश कुशमेश अलीम अमित त्रिपाठी विनी दिवस जमुना प्रसाद धर्मेंद्र वर्मा यमुना प्रसाद चंद्रकेश सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सफाई अभियान चलाया गया

**डलमऊ, रायबरेली।** नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ की अगवाई में सफाई अभियान चलाया गया मंगलवार को शासन के आदेश अनुसार नगर के प्रमुख एवं सार्वजनिक स्थलों को साफ सुथरा रखने के क्रम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत डलमऊ की अध्यक्षता में डलमऊ के गंगा तट स्थित विभिन्न घाटों की अभियान चला कर साफ सफाई की गई सफाई अभियान के दौरान सड़क घाट वीआईपी घाट रानी का शिवाला घाट महावीरन घाट वीआईपी घाट सहित अन्य घाटों पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई अभियान कार्यक्रम एवं जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें गंगा तट के किनारे कूड़ा कचरा एवं साफ सफाई की गई उसके बाद रानी का शिवाला शिव मंदिर परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया एवं रानी के शिवाला घाट पर मौजूद दाल्भ्य ऋषि की मूर्ति पर अध्यक्ष द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ विनोद निषाद सभासद शुभम गौड़ अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम जायसवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष शोहराब अली लिपिक दिनेश त्रिपाठी महेंद्र पटेल दीपू जयसवाल चंद्रप्रकाश तिवारी जितेंद्र सोनकर आशीष श्रीवास्तव सतीश जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं नगर पंचायत डलमऊ के समस्त कर्मचारीगड़ मौजूद रहे।

## जलवायु अनुकूल फसलें

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के चलते पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों से हमारी खाद्य श्रृंखला को खतरा पैदा हो गया है। मानसून के पैटर्न में बदलाव, घातक गर्मी की लहरों, समुद्री जलस्तर में वृद्धि तथा आये दिन आने वाले समुद्री तूफान कृषि उत्पादन के लिये संकट पैदा कर रहे हैं। इस बाबत इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की हालिया रिपोर्ट में खतरों के प्रति चेताया गया है। निश्चित रूप से जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे खेत-खलिहानों में दस्तक दे दी है, जिसका मुकाबला नई रणनीति बनाकर किया जा सकता है। आशंका जतायी जा रही है कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से कृषि के क्षेत्र व फसलों की पैदावार में भारी कमी आ सकती है। खासकर छोटे किसानों के लिये यह संकट बड़ा है जो पूरी तरह से मानसूनी वर्षा पर ही निर्भर रहते हैं। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि इन विषम परिस्थितियों में पैदावार को अक्षुण्ण रखने के लिये विशेष उपक्रम किये जाएं। इस दिशा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एक दशक पहले जलवायु अनुकूल खेती में नवाचारों को लेकर अपनी परियोजना शुरू की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा कई अधिक उपज वाली जलवायु अनुकूल फसलों की किस्मों का शुभारंभ करना इसी कड़ी का हिस्सा है। इस बाबत सरकार का कहना है कि अधिक पैदावार वाली गेहूं के बीजों की किस्मों को सफलता पूर्वक तैयार करने के बाद जलवायु प्रतिरोधी बीजों के साथ धान का रकबा बढ़ाना उसकी प्राथमिकता है। निस्संदेह, इस विकट पर्यावरणीय चुनौती का मुकाबला हम निरंतर स्वदेशी समाधानों के जरिये ही कर सकते हैं। जिसमें निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की जा रही है। निस्संदेह, देश में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिये चलाये जा रहे कार्यक्रमों की कोई कमी नहीं है,लेकिन जरूरत इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाए। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों से कृषि उत्पादन को संरक्षण देने और किसानों के हितों की रक्षा के लिये संसाधनों का बेहतर उपयोग बेहद जरूरी है। इसके साथ ही जल स्रोतों का संरक्षण, वन क्षेत्र की रक्षा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं के जरिये भूमि की उर्वरता बढ़ाने का उपक्रम भी करने की दरकार है। हमें खेती में कृत्रिम खादों के उपयोग में भी संयम बरतना चाहिये। इसी कड़ी में फसलों के विविधीकरण कार्यक्रम को भी गति देने की आवश्यकता है। इसके लिये किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। यह सुखद है कि देश के कई राज्यों में व्यापक पैमाने पर जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन इस कार्यक्रम को राष्ट्रव्यापी बनाया जाना चाहिये। इस दिशा में प्रोत्साहन योजनाएं किसानों का जैविक खेती अपनाने का मार्ग प्रशस्त कर सकती हैं। एक तथ्य यह भी कि इस दिशा में नई प्रौद्योगिकी तैयार कर लेने मात्र से ही समस्या का समाधान संभव नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वैज्ञानिक अनुसंधानों को खेतों तक पहुंचाया जाए। किसान सहजता से उनका उपयोग करते हुए फसलों के संरक्षण को गति दे सके। दरअसल, किसान को व्यावहारिक रूप से संतुष्ट करना जरूरी भी है कि उसके लिये वास्तव में क्या उपयोगी है। देश में किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिये देशव्यापी सहमति बनाने की जरूरत है।

# मालदीव-भारत के बेहतर होते रिश्तों के सबब

ललित गर्ग

चीन की कठपुतली बने मालदीव को आखिर भारत की कीमत समझ में आ गयी। चीन एवं पाकिस्तान की कुचालों एवं षडयंत्रों से भारत के पडोसी देशों की हालात जर्जर होती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण बांग्लादेश है। लेकिन एक पडोसी देश के रूप में पिछले करीब एक साल की अवधि में मालदीव ने भी गहरे हिचकोले खाने एवं कई कड़वे अनुभवों से गुजरने के बाद अब पटरी पर आ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया देखने को मिला, जिस तरह से उन्होंने भारत के साथ आगे बढ़ने की मंशा जाहिर की, यह उन्हें अपनी गलती का अहसास कराने का ही द्योतक कहा जा सकता है। देर आये दुरस्त आये वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत-मालदीव के रिश्तों को भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्व कार्यकाल में पडोसी देशों की यात्रा करते हुए उनसे भारत के संबंधों को सौहार्दपूर्ण एवं विकासमूलक बनाने के प्रयास किये। इसी के तहत मोदी की तत्कालीन मालदीव दौरे का मुख्य उद्देश्य नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी के तहत सुरक्षा, विकास की दृष्टि के भारत के संबंधों को और मजबूत करना था। दौरे के दौरान मोदी को मालदीव के सर्वोच्च सम्मान 'निशान इजुद्दीन' से भी सम्मानित किया गया। दरअसल मालदीव की दक्षिण एशिया और हिन्द महासागर में जो स्ट्रेटजिक (सामरिक) लोकेशन है, वह भारत के लिए बेहद अहम है। मालदीव में पिछले कुछ सालों में चीन ने अपना प्रभुत्व बढ़ाया है, उसे हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर उल्लेखनीय सफलता भी मिली। लेकिन यह सब करने के पीछे चीन का मुख्य लक्ष्य मालदीव की भारत से दूरी बढ़ाना भी रहा, जिसमें उसे बड़ी सफलता मिली। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल हुए राष्ट्रपति चुनाव में एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था।

वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी। भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई देने लगा। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आते रहे, लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जाती रही है। इसी दौरान मोदी की लक्षद्वीप यात्रा की, जिसका उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं था, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है।



**मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था।**

प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे है। मुइज्जू के भारत विरोध उनके अनेक मंत्रियों की तल्ख टिप्पणियों एवं रवैये के कारण वहां की अर्थ-व्यवस्था गिरने लगी, विशेषतः पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा। मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42 प्रतिशत घट गयी। ध्यान रहे, मालदीव की जीडीपी में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा। मुइज्जू सरकार इनकी अनदेखी नहीं कर सकती थी। किसी अन्य देश का सहयोग भी इसकी भरपाई नहीं कर सकता था। ऐसे में मुइज्जू सरकार ने पिछले कुछ समय से अपने रुख में बदलाव का संकेत देना शुरू कर दिया था। भारत ने भी इन संकेतों का सम्मान किया। नतीजा यह कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव की यात्रा की, जिसके कारण दो पड़ोसी देशों के पुराने रिश्ते फिर पटरी पर लौटते दिख रहे हैं।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, लेकिन इन स्थितियों के कारण हुए भारी नुकसान का झेलते हुए मालदीव चीन के मनसूबों का भाप गया। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। भारत एवं मालदीव के बीच तल्खी अगर बढ़ती तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की लगातार कोशिश कर रहा है। जिसका भारत ने खयाल रखा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जाता रहा है। लेकिन मालदीव को भी यह समझ आ गया कि भारत से दूरी उसके लिये नुकसानदायी है। चीन की तुलना में भारत से मालदीव के हित ज्यादा गहराई से जुड़े हैं। फिर भी मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। फिर भी चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास फिर भी जारी रहा। लेकिन इससे हो रहे नुकसान को लेकर मुइज्जू सरकार सतर्क हो गयी।

## विचार

# अखंड भारत ही बनेगा विश्व गुरु

सुरेश हिन्दुस्थानी

वर्तमान में जब कहीं से भी देश को तोड़ने की बात आती है तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रतिकार भी जबरदस्त तरीके से होता है। यह प्रतिकार निश्चित रूप से उस राष्ट्रभक्ति का परिचायक है, जो इस भारत देश को देवभूमि भारत के रूप में प्रतिस्थापित करने का प्रमाण प्रस्तुत करने का अतुलनीय सामर्थ्य रखती है। यह आज के समय की बात है, लेकिन हम उस कालखंड का अध्ययन करें, जब भारत के विभाजन हुए।

उस समय के भारतीयों के मन में विभाजन का असहनीय दर्द हुआ। जो असहनीय पीड़ा के रूप में उनके जीवन में प्रदर्शित होता रहा और देश को जगाते-जगाते वे परलोक गमन कर गए। अभी तक भारत देश के सात विभाजन हो चुके हैं। जरा कल्पना कीजिए कि अगर आज भारत अखंड होता तो वह दुनिया की महाशक्ति होता। उसके पास मानव के रूप में जनशक्ति का प्रवाह होता। लेकिन विदेशी शक्तियों ने भारत के कुछ महत्वाकांक्षी शासकों को प्रलोभन देकर भारत पर एकाधिकार किया और योजना पूर्वक भारत को कमजोर करने का प्रयास किया। आज जिस भारत की तस्वीर हम देखते हैं,



वह अंग्रेजों और उन जैसी मानसिकता रखने वाले लालची भारतीयों द्वारा किए गए कुकृत्यों का परिणाम ही है, लेकिन आज भी भारत में एक वर्ग ऐसा भी है, जिनकी आंखों में अखंड भारत का सपना है। उनके मन में अखंड भारत बनाने का संकल्प है। इसी संकल्प के आधार पर वे सभी इस दिशा में सार्थक प्रयास भी कर रहे हैं।

अखंड भारत स्मृति दिवस पर महर्षि अरविंद का स्मरण जरूरी है। भारतीय मनीषी और राष्ट्र के साथ एकात्म भाव रखने वाले महर्षि अरविंद ने विभाजन के असहनीय दर्द को आमजन की दृष्टि से देखने का आध्यात्मिक प्रयास किया। तब उनकी आंखों के सामने अखंड भारत का स्वरूप दिखाई दिया। योगीराज महर्षि अरविंद ने 67 वर्ष पूर्व 1957 में कहा था कि देर कितनी भी हो जाए, पाकिस्तान का विघटन और उसका भारत में विलय होना निश्चित है। राष्ट्र के प्रति इसी प्रकार का एकात्म भाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर उपाख्य श्रीगुरुजी के जीवन में भी दृष्टव्य होता रहा। वे अपने शरीर को भारत देश की प्रतिकृति ही मानते थे। जब भी देश पर कोई संकट आता था, तब उनके शरीर में वैसा ही कष्ट होता था। इसलिए कहा जा सकता है कि उनको राष्ट्र की समस्याओं का पूर्व आभास भी होता था। जहां तक अखंड भारत की बात है तो यह मात्र कहने भर के लिए ही नहीं, बल्कि एक शाश्वत विचार है, जो आज भी भारत की हवाओं में गुंजायमान होता रहता है।

विचार करने वाली बात यह भी है कि जब भारत देश के टुकड़े नहीं हुए थे, तब हमारा देश पूरे विश्व में ज्ञान का आलोक प्रवाहित कर रहा था। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान भारत के संत मनीषियों के पास विद्यमान था। इसलिए भारत के सिद्ध संत केवल भारत के संत न होकर जगद्गुरु के नाम से विख्यात हुए। उनकी दृष्टि में पूरा विश्व एक परिवार की तरह ही था। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि भारत कई बार विभाजित होता रहा और आज जो भारत दिखाई देता है, वह भारत का एक टुकड़ा भर है। भारत के विभाजन का अध्ययन किया जाए तो हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि यह विभाजन भारत की भूमि के टुकड़े करके ही हुए हैं। जिस भारत को हम माता के स्वरूप में पूजते आए हैं, उसे कम से कम वे लोग तो स्वीकार नहीं कर सकते, जो भारत की भक्ति में लीन हैं। इतिहास का अध्ययन करने से पता चलता है कि महाभारतकालीन गांधार देश यानी आज का अफगानिस्तान वर्ष 1747 में भारत से अलग हो गया। इसी प्रकार 1768 से पूर्व नेपाल भी भारत का अंग ही था। 1907 में भारत से अलग होकर भूटान देश बना। 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ। 1948 में श्रीलंका अस्तित्व में आया। इसी प्रकार पाकिस्तान से अलग हुआ बांग्लादेश 1971 में एक अलग देश के रूप में स्थापित हुआ। जरा विचार कीजिए ये सभी देश आज भारत का हिस्सा होते तो भारत की शक्ति कितनी होती?

आज कोई अखंड भारत की बात करता है तो कई लोग इसे असंभव कहने में संकोच नहीं करते। यहां पहली बात तो यह है कि हम किसी देश को छीनने की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने देश के विभाजित भाग को भारत में मिलाने की ही बात कर रहे हैं। कभी भारत के हिस्से रहे देश को भारत में मिलाने की बात करना असंभव नहीं माना जा सकता। आज धीरे ही सही, लेकिन भारत उस दिशा की ओर प्रवृत्त हुआ है। जबकि जो देश भारत से अलग हुए हैं, उनमें से अधिकांश देश बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। श्रीलंका की स्थिति सबके सामने है। पाकिस्तान भी उसी राह पर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। बांग्लादेश में भुखमरी के हालात हैं। अफगानिस्तान खौफ के वातावरण में जी रहा है। सवाल यह उठता है कि इन देशों को भारत से अलग होने के बाद क्या मिला? कुछ नहीं।

वर्तमान में भारत में राष्ट्रीय एकता का भाव भी है तो भारत की संस्कृति का प्रवाह भी। भारतीय संस्कृति सबको जोड़ने का प्रयास करती है, जबकि अन्य संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव नहीं है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति के माध्यम से पूरे विश्व को एक ऐसी दिशा का बोध कराया जा सकता है, जहां शांति भी है और प्रगति के रास्ते भी हैं। अब इस दिशा में और अधिक तेजी से कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए अब समय अनुकूल है। इसलिए सभी भारतीय नागरिक इस दिशा में आगे आकर उस प्रवाह में शामिल होने का प्रयास करें, जो भारत को अखंड बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अखंड भारत की संकल्पना जहां भारत को ठोस आधार प्रदान करने में सहायक होगा, वहीं यही आधार भारत को पुनः विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करेगा, यह तय है।

# बांग्लादेश के गृह सलाहकार के बयान का मंतव्य!

डॉ. प्रभात ओझा

बांग्लादेश के ताजा हालात और वहां भारत के प्रति रुख को समझने के लिए दो ताजा बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। पहला बिंदु यह है कि वहां बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के चिह्न मिटाने की कोशिश हुई है। खासकर 1971 के युद्ध के बाद भारतीय जनरल के सामने पाकिस्तानी सेना के सरेंडर दिखाने वाली मूर्तियां तोड़ दी गई हैं। दूसरा बिंदु बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में होम अफेयर्स एडवाइजर एम सखावत हुसैन का बयान है। भारत के एक अखबार से बात करते हुए हुसैन ने भारत को सलाह दी है कि वह बांग्लादेश की मदद करे, अन्यथा उसके मामले से दूर ही रहे। इन दो बिंदुओं में पहले को प्रथम दृष्ट्या कुछ प्रदर्शनकारियों का रुख कहा जा सकता है।

इसमें एक देश की आजादी के चिह्न मिटा देने के भाव के साथ भारत के प्रति रुख बदलने की साजिश भी शामिल है। उधर, हुसैन का बयान भारत के प्रति देश की नई सरकारी नीति को दर्शाता है। वे होम अफेयर्स एडवाइजर हैं, जो अंतरिम सरकार में गृहमंत्री की हैसियत रखता है। उनका बयान बांग्लादेश का उस भारत के प्रति रुख है, जिसने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने में मदद की थी। भारत के प्रति बांग्लादेश का यह रुख उस समय भी नहीं था, जब नया देश बनने के चार साल के अंदर ही वहां के राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या कर तख्ता पलट किया गया था। यानी जो बांग्लादेश की उदय का हीरो था, उसकी हत्या तो की कई किंतु बांग्लादेश मुक्ति में सहायक भारत के प्रति बेरुखी इतनी अधिक नहीं हो सकी थी। ऐसे में विचारणीय है कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उसमें भारत के प्रति नफरत एक साजिश के तहत पैदा की जा रही है।

भारत के प्रति नाराजगी आम लोगों में नहीं है। इसे उस तथ्य से समझा जा सकता है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, जो इस्तीफे के बाद भारत आ गई हैं, उनकी वापसी के लिए भी बांग्लादेश में लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। इस तरह का एक प्रदर्शन वहां के गोपालगंज जिले में हुआ। वहां प्रदर्शनकारियों ने सेना के एक वाहन को आग लगा दी। सैनिकों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में 15 लोगों के घायल होने की भी खबर है। गोपालगंज कैंप के लेफ्टिनेंट कर्नल मकसूदुर रहमान ने इस घटना की पुष्टि की। फिर अवामी लीग के कार्यकर्ता गोपालगंज के टुंगीपारा में शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान के मकबरे पर भी एकत्रित हुए। वहां उन्होंने अपनी नेता शेख हसीना को वापस लाने की कसमें खाईं। इस तरह के तथ्य बताते हैं कि बांग्लादेश के आम लोग शेख हसीना के विरुद्ध नहीं हैं। इस सच्चाई के बावजूद कि आरक्षण विरोधी आंदोलन सरकार के खिलाफ पहुंचा, किंतु यह भी तय है कि उसके बाद शेख हसीना को सरकार से और देश से बाहर निकालने की साजिश अन्य शक्तियों के इशारे पर ही की गई। चूंकि शेख हसीना अपने प्रधानमंत्री वाले कार्यकाल के दौरान सदैव भारत समर्थक रही हैं, इसलिए पाकिस्तान सहित कई शक्तियां अब बांग्लादेश से भारत को अलग करने की साजिशें करेंगी। इसका संकेत होम अफेयर्स एडवाइजर सखावत हुसैन के बयान में मिलता है। हुसैन दावा करते हैं कि उनके यहां हुए बदलाव के पीछे किसी और देश अथवा एजेंसी का हाथ नहीं है। यहां ध्यान देना होगा कि इसी तरह के बयान पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मरियम जहरा बलूच ने भी दिए हैं।

उन्होंने तो परोक्ष रूप से इस मामले में भारत पर अलग तरह के आरोप जड़ दिए। बलूच ने कहा, ÷पाकिस्तान ऐसे सारे बयानों को खारिज करता है। ऐसे बयान पाकिस्तान के प्रति भारत के परेशान करने वाले जुनून को दर्शाते हैं। बलूच ने यह भी जोड़ा, भारतीय राजनीतिक नेताओं और उनके मीडिया को घरेलू और विदेश नीति में अपनी विफलताओं के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराने की आदत है। इस तरह के बयान स्पष्ट करते हैं कि बांग्लादेश के बदलाव और भारत से रिश्ते पर न सिर्फ वहां की आंतरिक शक्तियां, बल्कि पाकिस्तान भी रुचि ले रहा है।



# राशिफल

**मेषः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**तुलाः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**धनुः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

# हिंडनबर्ग : काठ की हांड़ी बार-बार नहीं चढ़ती

डॉ.रामकिशोर उपाध्याय

हिंडनबर्ग कुछ समय से भारत के पीछे पड़ी हुई है। वह भारत में आर्थिक अस्थिरता उत्पन्न कर लाभ कमाने की जुगाड़ में है। पिछले वर्ष जनवरी में अमेरिका की इसी शॉर्ट सेलिंग कंपनी ने अडाणी समूह के शेयरों में हेराफेरी की आशंका वाली रिपोर्ट जारी कर भारतीय बाजार में तूफान खड़ा कर दिया। इस एक रिपोर्ट ने अडाणी समूह को संसार के अमीरों की सूची में चौथे पायदान से खिसकाकर सातवें नंबर पर पहुंचा दिया था।

भारतीय निवेशकों का कई करोड़ रुपया एक झटके में डूब गया। तब विपक्ष ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर अडाणी और सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उस समय हिंडनबर्ग रिपोर्ट को विपक्ष का पूरा समर्थन मिला और भारत के जनमानस में इस अमेरिकी कंपनी के बारे में यह छवि बनाई गई कि यह निस्वार्थ भाव से निवेशकों के हित में रिपोर्ट जारी करने वाली शोध संस्था है । इसके बाद सरकार, सेबी और सुप्रीम कोर्ट तीनों ने रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया । सुप्रीम कोर्ट ने विशेष कमेटी बनाकर जांच करवाई तो सेबी ने अपने स्तर पर कार्रवाई आरंभ कर दी । जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी हिंडनबर्ग का एक नया रूप सबके सामने आने लगा । जिस रिपोर्ट के



कारण निवेशकों का करोड़ों रुपया डूबा था उन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं निकली। अपितु जांच में यह पाया गया कि इस झूठी रिपोर्ट से हिंडनबर्ग ने करोड़ों रुपये का लाभ कमाया और अडाणी व उनके निवेशकों को भारी क्षति हुई। जांच से देशवासियों को यह भी समझ आ गया कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही मजबूत है तथा सेबी और सरकार अपना काम भी ठीक से कर रही हैं। इस बार अगस्त में भारतीय शेयर बाजार नई ऊंचाइयों को छू रहा था तभी विश्व बाजार में कुछ घटनाएं एक साथ घटित हुईं। जापान में ब्याज दरों में अचानक वृद्धि हुई। अमेरिका में कथित मंदी की आशंका और जिओ पोलिटिकल टेंशन। इससे विश्व के बाजारों में तेज बिकवाली देखने को मिली। जापान के शेयर बाजार में एक दिन में बारह प्रतिशत से अधिक गिरावट दर्ज हुई। इस घटनाक्रम से भारतीय बाजार प्रभावित तो अवश्य हुआ किन्तु बुरी तरह नहीं टूटा। भारी दबाव के बीच भारतीय बाजार ने अपनी आत्मनिर्भरता का परिचय दिया। किन्तु इसी समय हिंडनबर्ग ने पिछले शनिवार को एक्स पर संदेश डाल कर सनसनी फैला दी। संदेश था- ÷समथिंग बिग सून इंडिया ÷। यह संदेश पूरे संसार में आग की भांति फैल गया। निवेशकों की रात की नींद उड़ गई, क्योंकि भारत में बड़ी संख्या में नए निवेशक भी जुड़ रहे हैं। एक बुरी खबर पूरे बाजार पर कितनी भारी पड़ सकती है इस बात को निवेशक भली-भांति जानते हैं। निवेशकों को मानसिक रूप से डराने और विचलित करने के बाद हिंडनबर्ग ने अपनी कथित रिपोर्ट जारी की। विपक्ष ने तत्काल इस रिपोर्ट पर कार्रवाई की मांग शुरू कर दी। इस बार उसने अडाणी के साथ-साथ भारतीय प्रतिभूत और विनिमय बोर्ड (सेबी) प्रमुख माधवी पुरी बुच और उनके पति को टार्गेट किया। उसने आरोप लगाया कि माधवी और उनके पति धवल बुच अडाणी की कंपनियों में निवेशक रहे हैं इसलिए अडाणी के विरुद्ध सही जांच नहीं हुई। इस रिपोर्ट के आते ही देश विरोधी पूरा इको सिस्टम सक्रिय हो गया। सेवी प्रमुख का इस्तीफा मांगा जाने लगा। भारतीय शेयर बाजार गहरे संकट में डूबने वाला है। यहां घोटाले हो रहे हैं आदि-आदि ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की गई। कहावत है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। इसलिए सजग पत्रकारों, भारत के आर्थिक विश्लेषकों और निवेशकों ने पूरे मामले को ध्यान से समझा और आत्मचिंतन किया। लोगों को समझ आ गया कि हिंडनबर्ग जिसे सनसनीखेज समाचार कह रहा है, उसमें कोई दम नहीं है। जिन लोगों को उम्मीद थी कि सोमवार को भारत का शेयर बाजार लाल हो जाएगा, उनके इन इरादों पर निवेशकों ने पानी फेर दिया। लोगों को यह समझ आ गया कि ये झूठे आरोप सेबी की पारदर्शिता एवं निवेशकों के विश्वास को क्षति पहुंचाने का कुत्सित षड्यंत्र हैं। इस रिपोर्ट को भारतीय बाजार के अधिकांश विश्लेषकों ने कूटरचित और फर्जी माना। शेयर बाजार के जानकार और विश्लेषक सुशील केडिया ने तो इसे धूर्तता से बनाया गया डॉक्यूमेंट तक कह दिया। इन सब बातों का परिणाम यह हुआ कि भारत का निवेशक भी इस कंपनी की जालसाजी को समझ गया। इसलिए सोमवार के दिन शेयर मार्केट में कोई बड़ा भूचाल नहीं आया। किन्तु विडम्बना की बात यह है कि जिस रिपोर्ट को बाजार के जानकार फर्जी,कूटरचित और साजिश बता रहे हैं कांग्रेस उसी कथित रिपोर्ट के आधार पर सेबी चेयरमैन का इस्तीफा मांग रही है। सेबी प्रमुख और हिंडनबर्ग के मध्य इन दिनों जो सवाल-जबाव चल रहे हैं उनसे यह स्पष्ट है कि हिंडनबर्ग का उद्देश्य भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचा कर लाभ कमाना है।

**भारतीय निवेशकों का कई करोड़ रुपया एक झटके में डूब गया। तब विपक्ष ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर अडाणी और सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उस समय हिंडनबर्ग रिपोर्ट को विपक्ष का पूरा समर्थन मिला और भारत के जनमानस में इस अमेरिकी कंपनी के बारे में यह छवि बनाई गई कि यह निस्वार्थ भाव से निवेशकों के हित में रिपोर्ट जारी करने वाली शोध संस्था है । इसके बाद सरकार, सेबी और सुप्रीम कोर्ट तीनों ने रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया । सुप्रीम कोर्ट ने विशेष कमेटी बनाकर जांच करवाई तो सेबी ने अपने स्तर पर कार्रवाई आरंभ कर दी । जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ी हिंडनबर्ग का एक नया रूप सबके सामने आने लगा । जिस रिपोर्ट के कारण निवेशकों का करोड़ों रुपया डूबा था उन आरोपों में कोई सच्चाई नहीं निकली।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हिन्दुओं पर हमले को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बंगलादेश में हिन्दुओ पर लगातार हो रही बर्बरता पूर्ण घटनाओं को लेकर आज प्रेस क्लब महोबा के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा है।

जिसमें उन्होने बंगलादेश में लगातार हो रहे दंगों को शांत करने के लिये नवगठित सरकार से सख्त कदम उठाने तथा ऐसे अराजक तत्वों द्वारा किए जा रहे आमनवीय कृत्यो को तुरंत रोकने की अपील की गई है। मंगलवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक पत्रकारों ने कलैक्ट्रेट पहुंच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को सौपा है। जिसमें उल्लेख करते हुये बताया कि बंगलादेश में तख्तापलट होने के बाद हिन्दुओं के घरों में आग लगाकर बर्बरता पूर्ण घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। बंगलादेश में हिन्दुओ के ऊपर जानलेवा हमले हो रहे है। हजारो की संख्या में हिन्दू घर से बेघर हो गये है। सरकार की तख्तापलट से हुये दंगो में अभी तक सैकड़ो हिन्दुओं की जाने जा चुकी है। लगातार अगजनी व तोडतोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। मंदिरो को तोड़फोड़ कर संतो का उत्पीड़न किया जा रहा है। हिन्दुओं का शोषण व धर्म परिवर्तन करने को मजबूर किया जा रहा है। अल्पसंख्यक बंगलादेश के हिन्दुओं के घरों में आग लगा दी गई है। कई नेता व उनके परिवारीजन आगजनी की भेंट चढ़ गये। हिन्दुओं व मंदिरो की सुरक्षा के लिये नवगठित सरकार से सख्त कदम उठाये जाने को कहा ताकि हिन्दू व मंदिर सुरक्षित रह सके। लगातार हो रहे हमलो से हिन्दुओ में आक्रोश पनप रहा है। इस मौके पर प्रेस क्लब महामंत्री एके त्रिपाठी, राजेश चतुर्वेदी, प्रकाश सक्सेना, गोरेलाल कुशवाहा, अशोक वाजपेई, कैलाश तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, अखिलेश चंसौरिया, अनुज शर्मा, सौरभ अग्रवाल, रशीद कुरेशी, अतुल शर्मा, ललित विश्वकर्मा, सुमित तिवारी, शिव कुमार सोनी, विष्णु गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह चौहान, आशीष अवस्थी, उमाशंकर कुशवाहा, आंनद तिवारी, मनोज कुमार, महेन्द्र राजपूत सहित पत्रकार उपस्थित रहे।

## गाली गलौज करने व मारपीट करने की दी तहरीर

**कुरारा,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।** कस्बा कुरारा निवासी ने प्रसाद वितरण के दौरान गाली गलौज करने व मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।कस्बा के वार्ड दस निवासी सत्यम सोनी पुत्र राकेश सोनी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती शाम घर के पास प्रसाद वितरण कर रहा था। तभी पुत्तन पुत्र घसीटा प्रसाद लेने आया मैने कहा कि प्रसाद यही ग्रहण करो घर लें जाने के लिए नहीं है।इतना कहने पर वह गाली गलौज करने लगा तथा मारपीट की जिससे मेरे सिर में चोट आई है। तथा जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति रखें सम्मान का भाव: प्रधानाचार्य



**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ महेन्द्र देव और जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में स्वतंत्रता अभियान 2024 के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान को भव्य एवं गरिमामयी तरीके से मनाए जाने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

जिसके अनुपालन में पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज कनकुआ में आज इस अभियान का शुभारंभ किया गया। संस्था के प्रधानाचार्य भानु प्रताप ने अपने उदबोधन में कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है।

कार्यक्रम का संचालन पूनम यादव ने किया। इसके पश्चात् छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया तदुपरान्त डॉ सुनैना और ज्योति राजपूत के निर्देशन में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर वर्ग में गजेन्द्र, दीक्षा यादव तथा वंदना और सीनियर वर्ग में दिव्यांशी, साक्षी तथा विकास ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन प्रवक्ता शिखा राणा और दुर्गेश ने किया।

### इन्हें मिला विशेष सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विगत 9 अगस्त को 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

जिसमें कहानी प्रतियोगिता में वंदना, नीलम और काजल, कविता प्रतियोगिता में वैशाली खुशी और प्रिंसी क्विज में सत्यम, काजल और वरुण तथा ओपन माइक प्रतियोगिता में सत्यम कविता और साहिबा ने क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पुलिस ने सूखे गांजे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एसपी के निर्देशन में जनपद महोबा में श्रावण मास व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम् व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गयी उनि ओमप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर अभियुक्त उदयभान यादव पुत्र मथुरा प्रसाद उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम महुआ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को ग्राम किल्हौआ थाना पनवाड़ी के पास से हिरासत में लिया गया, जिसके कब्जे से 755 ग्राम सुखा गांजा बरामद हुआ। इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर एस के महा. जैतपुर के प्राचार्या डॉ. बृजेश गुप्ता सम्मानित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



अंग्रेजी साहित्य की कई विधाओं में 8 पुस्तकें लिखने वाले बाँदा के सुदामापुरी मोहल्ले के डॉ0 बृजेश कुमार गुप्ता मेवादेव वर्तमान में वर्ल्ड यूनियन ऑव पोएट्स इटली के सेक्रेटरी जनरल हैं व सर्बिया, हैती, नाइजीरिया, ब्राज़ील की संस्थाओं से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्तकर्ता, मेवादेव ग्रंथ अकैडमी के संस्थापक डॉ बृजेश को गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह के अवसर में पोलैंड से व्हाइट ईगल पुरस्कार मिला व श्री राम दरबार मंदिर, कटरा, बाँदा में साहित्य सेवा हेतु सम्मानित किया गया। तुलसी विचार मंच के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बाँदा के लगभग 50 साहित्यकारों का सम्मान किया गया। संस्था के अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी जीतू व प्रबंधक प्रद्युम्न दुबे लालू ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन ने किया। 29 पुस्तकों के सम्पादक डॉ. बृजेश के सम्मान में अफ्रीकी देश बिरलैंड राज्य पहले ही डाक टिकट जारी कर चुका है। डॉ. बृजेश अपने प्रथम ट्रस्ट के अंतर्गत तीन अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुके हैं। वर्तमान समय में डॉ. बृजेश एसके महाविद्यालय जैतपुर महोबा में प्राचार्य पद पर आसीन हैं। आपने यह सम्मान समस्त शिक्षाविदों तथा शहर के समस्त साहित्यकारों, अपने परिवार व कॉलेज को समर्पित किया है।

# सदर विधायक व डीएम ने जनपद के दो अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार, लखनऊ का सजीव प्रसारण एन.आई.सी. कलेक्ट्रेट महोबा में किया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा 536 सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी), 213 सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 235 कनिष्ठ सहायक लेखा लिपिक, मंडी पर्यवेक्षक व मंडी निरीक्षक तथा 52 मानचित्रकार सहित कुल 1036 युवाओं को रोजगार प्रदान कर नियुक्त पत्र वितरण किया गया, जिसमें जनपद महोबा के 2 अभ्यर्थियों को जनपद में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन एन.आई.सी. कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक राकेश गोस्वामी एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारीयो को चयनित होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने अपनी योग्यता पर पद प्राप्त किया है अब अपने कर्तव्यों का सही रूप से निर्वहन करते हुए समाज की सेवा में अपना अमूल योगदान देकर अपना नाम रोशन करें। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के चयनित अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम की उपस्थिति रहे।

## खबरें एक नजर में

### 15 तक हर घर तिरंगा अभियान का होना है आयोजन

**महोबा।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद एवं मुख्य सचिव के निर्देशानुसार 13 से 15 तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जाना है जिसमे लोगों को तिरंगा घर मे लाने और इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। हर घर तिरंगा अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और जन भागीदारी की भावना से स्वतन्त्रता दिवस को मनाया जाना है। समस्त आम जनमानस प्रतिभाग कर इस महाअभियान को सफल बनाने मे अपना सहयोग प्रदान करें।

### मेडिकल स्टाफ की मनमानी से मरीज-तीमारदार परेशान

**महोबा।** जिला अस्पताल में मेडिकल स्टाफ की मनमानी से मरीज और तीमारदार भटकने को मजबूर हैं जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर सुबह से लंबी लाइनों में खड़े मरीजों ने अल्ट्रासाउंड प्रभारी पर बिना अल्ट्रासाउंड किये भगाने का आरोप लगाया है। चिकित्सक की मनमानी से परेशान मरीजो तीमारदारों ने सीएमएस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग है। महोबा जिला अस्पताल में लंबी बीमारी से जूझ रहे मरीज को चिकित्सकों द्वारा अल्ट्रासाउंड करने का सुझाव दिया गया था। जिसको लेकर तमाम मरीज सुबह से जिला चिकित्सालय के डॉक्टर के परामर्श के आधार पर अल्ट्रासाउंड करने के लिए पहुंचे थे मगर अल्ट्रासाउंड प्रभारी की मनमानी के चलते उन्हें इलाज नहीं मिल पा रहा है। दरअसल समय से पहले अल्ट्रासाउंड प्रभारी मरीज का बिना अल्ट्रासाउंड किए ही सुबह 11:30 पर अल्ट्रासाउंड कक्ष का ताला लगाकर भाग खड़े हुए हैं। इस मामले से परेशान मरीजों ने सीएमएस कार्यालय पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

### शिक्षक विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

**कुरारा,हमीरपुर।** इलाहाबाद झांसी शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी ने झलोखर गांव निवासी उमेश नारायण दिवेदी को हमीरपुर विधान सभा क्षेत्र का अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिसमे बताया है कि उनकी गैर मौजूदगी में उमेश नारायण दिवेदी उनका उनका काम देखेंगे।

### युवक को मारपीट कर किया लहूलुहान, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा, हमीरपुर।** आमन- सामने दूकान होने के चलते कम्पटीशन में हुए विवाद में युवक को लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से पीटकर लहूलूहान कर दिया। हालांकि पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया है और जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम अरतरा निवासी श्याम सुंदर पुत्र भुजबल ने पुलिस को बताया कि गांव में वह एक छोटी सी दूकान रखे हुए है और उसके सामने ही दूसरे पक्ष के लोगों की भी दूकान है जिसके चलते वह लोग उसे वहां से भगाना चाहते हैं उसी बात को लेकर रामपुनीत,रामबाबू, किशनदास और बालगोपाल आदि ने उसे लाठी डंडे और कुल्हाड़ी से बेरहमी से मारकर लहूलुहान कर दिया।पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है जिसपर पुलिस ने गंभीर हालत में घायल श्यामसुंदर को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल भेजा है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी से फोन पर बात करने का बहुत प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नहीं लग सका।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार 14 सितंबर को सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय व प्रत्येक तहसील न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में समस्त शमनीय आपराधिक वाद, परक्राम्य लिखत की धारा-138 के वाद, वाहन दुर्घटना प्रतिकर के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण के वाद, दीवानी वाद, बैंक वसूली वाद, किरायेदारी वाद, राजस्व वाद, वन अधिनियम के वाद, दीवानी, आपराधिक अपील, उपभोक्ता वाद, ट्रैफिक चालानी वाद, शॉप एडजस्टेबलिशमेंट एक्ट के चालानी वाद, वेट एण्ड मेजरमेंट एक्ट के चालानी वाद, नगर पालिका चालानी वाद, पुलिस एक्ट के चालानी वाद, विद्युत अधि0 के वाद, शहरी विकास अधि. के वाद, सिनेमेटोग्राफी एक्ट के चालानी वाद व आबकारी अधि. के चालानी वादों को उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या मे निस्तारण किया जाना है।

# सभी को अपने अंदर सदैव नई ऊर्जा नए उमंग बरकरार रखना चाहिए: बीके सुधा बहनजी



**कुलपहाड़, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

सेवा केंद्र के हैप्पीनेस सेंटर पर युवा प्रभाग के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे ग्वालियर मालनपुर सेवा केंद्र से पधारी बीके ज्योति दीदी एवम पूजा बहन जी महोबा सेवा केंद्र प्रभारी बीके सुधा बहन चरखारी से पधारी बीके जयदेवी बहन, एवम अन्य बीके भाई बहनें बीके सुदामा बहन बीके रागिनी बहन बीके साधना बहन ननौरा से पधारी बीके स्वेता बहन व डाक्टर बलवान सिंह भी अतिथि के रूप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीके ज्योति दीदी ने युवा शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि सकारात्मक सोच ही हमें सदा युवा रखती है, सभी भाई बहनों को प्रकृति व्यक्ति और परमपिता परमात्मा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करते हुए बोला कि हम सभी को सभी से सुंदर सामजस्व बना कर रखना चाहिए।

बीके सुधा बहनजी ने सभी को बहुत ही उमंग उल्लास भरी वक्तव्य रखते हुए कहा कि आज सभी को अपने अंदर सदेव नई ऊर्जा नए उमंग उल्लास को बरकरार रखना चाहिए क्योंकि बुढ़ापा शरीर के बूढ़े पन से नहीं बल्कि मन में दीनता हीनता के विचारो से होता है इसलिए सदेव सकारात्मक विचारों से स्वयं को चार्ज करते रहे। बीके पूजा बहन ने सुंदर एक्सरसाइज कराते हुए सभी को शरीर को चुस्त तुरुस्त रखने की प्रैक्टिस कराई । बीके सुदामा बहन वा बीके स्वेता बहन ने भी प्रेरणा स्रोत कहानी सुना कर सभी को मोटिवेट किया तथा डाक्टर बलवान सिंह भाई ने भी कार्यक्रम की सराहना की,कार्यक्रम के अंत में बीके जयदेवी बहन ने परमात्म स्मृति की कमेंट्री कराई साथ ही सभी भाई बहनों को ईश्वरीय प्रसाद वितरण किया गया।




# जनपदीय पुलिस ने तिरंगा यात्रा निकाल जनपदवासियों में जगाई देशभक्ति की अलख

**महोबा।** आजादी के रंग खाकी के संग, आजादी का अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर स्वतंत्रता दिवस 2024 के उपलक्ष्य में जनपदीय पुलिस प्रशासन द्वारा वीर शहीदो को याद किया गया तथा स्कूली छात्र/छात्राओं एवं जनपदवासियों के साथ मिलकर हर घर तिरंगा, तिरंगा पद यात्रा, तिरंगा जुलूस राष्ट्रभक्ति के जोश के साथ निकाली गयी। जहां-जहां से तिरंगा यात्रा निकली वहां का माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस यात्रा में शामिल हर शख्स तिरंगा लहरा रहा था। जिससे लोगों में देश देशभक्ति का जज्बा देखने को मिला। इस मौके पर सम्बन्धित पुलिस प्रशान के अधी/कर्म0गण सहित जनपद के सम्भ्रान्त लोगों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई गई।

# कमिश्नर के आदेश पर ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**राठ,हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

महिला ने बीस दिन पहले ससुरालियों पर बंधक बनाकर जान से मारने की नियत से मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर आज कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे के जुगयाना मोहल्ला निवासी रुखसाना पत्नी मोहम्मद रिजवान ने बताया कि उसके पति ने उसे अपने पास रखने का मुकदमा डाला था। जब वह अपने बच्चे हम्माद उर्फ अरहन के साथ पति के पास गई तो उसकी सास सलमा पत्नी मुबारकए बड़ी सास नज्मा पत्नी अजमेरी ननंद सनाए साहिबा देवर जीशान ने घर में नहीं घुसने दिया। उसका गृहस्थी का सारा सामान घर के अंदर रखा है। वह लगातार दिन रात दरवाजे पर बैठी रही। 26 जुलाई की रात करीब एक वह अपनी ससुराल के घर के बाहर चबूतरे पर अपने बच्चे के साथ सो रही थी। आरोप लगाया कि तभी उसकी सासए बड़ी सास ननंद देवर मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद कर उसे अंदर खींच लिया और बंधक बनाकर जान से मारने की नियत से डंडों से मारपीट की। जब वह बेहोश हो गई तो ससुरालियों ने उसे बाहर फेंक दिया। मारपीट से उसके पैर की हड्डी टूट गई। बताया कि होश आने पर उसने पुलिस को सूचना दी।

# जिस देश में दूध,दही नही बिकता था वहां आज पानी बिक रहा : उमाशंकर

## छोटी-छोटी बंधिया बनाने और जल रोकने के हर उपाय के लिए उनकी प्रेरणा को भारत सरकार ने सराहा

**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**




कस्बा स्थित विकासखंड परिसर में आयोजित जल पाठशाला को सम्बोधित करते हुए पदम श्री उमाशंकर पांडे ने कहा कि जिस जल को जीवन कहा जाता है और इसके लिए हमें वेदों और अपनी धार्मिक पुस्तकों तथा पूर्वजों से जल दान और इसके पिलाने से पुण्य मिलने का पाठ पढ़ाया गया था।

जिसके तहत हमने बावली,कुए, बनवाएं। जगह-जगह पौशाले बनवाएं और लोगों को रास्तों में भी कुएं बनवाकर पानी उपलब्ध कराया। लेकिन आज वही पानी के कुएँ हम बर्बाद कर रहे है। तभी पानी भी हमको रुला रहा है।जिस देश में दूध और दही तक नहीं बिकता था। आज वहां पानी बिक रहा है। लोग एक-एक बोतल पानी के लिए भी तरस रहे हैं। कई देश और कई गांव में पानी की भारी किल्लत हो रही है। उन्होंने कहा कि जल बचाओ जलसंचायन अभियान चलाकर उन्होंने खेतों में बारिश का पानी रोकने के लिए छोटी-छोटी बंधिया बनाने और जल रोकने के हर उपाय के लिए उनकी प्रेरणा को भारत सरकार ने सराहा और उसे सरकारी स्तर पर लागू किया। जल कोष यात्रा अभियान शुरू कर ऐसे लोगों को जागरूक करने का प्रयास शुरू किया है।

जो पानी को बेवजह बहाते हैं जल कोष यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं स्कूली बच्चे और लोग सम्मिलित हुए। गोष्ठी में उप जिला अधिकारी राजेश चंद्राएब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम, बीडीओ दुर्योधन, डीडी मनरेगा राघवेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य राम प्रकाश पथिक, राकेश पालीवाल व कई प्रधान व सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्तम सिंह ने किया।

# जमीन बैनामा कराने पर दो पक्षों ने काटा हंगामा

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को पुलिस की मौजूदगी में रजिस्टार कार्यालय में जबरन जमीन का बैनामा कराने पर परिवार के दो पक्ष आपस भिड़ गए और जमकर हंगामा काटा। युवती ने चाचा पर 90 वर्षीय बूढ़ी दादी से जबरन जमीन का बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस पर मारपीट कर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। हंगामे के बाद पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई।

चिकासी थाने के इटैलिया राजा गांव निवासी राधा तोमर ने बताया कि उसकी 90 वर्षीय दादी प्रेमा तोमर के नाम करीब 35 बीघा जमीन है। उसके पिता देवेंद्र पांच भाई जीतेंद्रए नरेंद्र, सुरेंद्र और महेंद्र हैं। बताया कि उसके चाचा महेंद्र की अपनी मां के नाम जमीन पर नियत बदल गई और वह अपनी वृद्ध मां प्रेमा को अपनी ससुराल ले गया।

जहां पर दबाव बनाकर मां से जमीन का बैनामा करने पर राजी किया और 12 दिन पहले रजिस्टार कार्यालय में पहुंचकर बैनामा कराने लगा। किसी तरह बैनामा की सूचना पर महेंद्र के अन्य चार भाई पहुंचे और विरोध करने पर महेंद्र मां को लेकर वापस भाग गया। आरोप लगाया कि मंगलवार को रजिस्टार ऑफिस में पुलिस पहरे के बीच बैनामा कराया जा रहा था। तभी वह अपनी चाची पूनम, भाई शिवम और सत्यम साथ मौके पर पहुंची और विरोध जताया। राधा तोमर ने बताया कि जबरन हो रहे बैनामा का विरोध करने पर पहरे पर लगी पुलिस ने महिलाओं के साथ अभद्रता कर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप लगाया कि मारपीट में पुलिस ने दुपट्टे से उसका गला दबाने का प्रयास भी किया। जिससे उसके गले में चोट आईं हैं।

हंगामा होने पर रजिस्टार कार्यालय में अफरा तफरी मच गई। पुलिस महिलाओं और पुरुषों मारपीट कर कोतवाली ले आई। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि वृद्धा को कोई संतान नहीं है। दूसरा पक्ष जबरन विरोध कर रहा था। जिस पर दोनों पक्षों के विरुद्ध शांतिभंग में कार्रवाई की जा रही है।

## अर्जुन सहायक परियोजना का हाल बेहाल

# अधीक्षण अभियंता के दौरे के बाद भी नहर में नहीं आया पानी

**हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

अर्जुन सहायक परियोजना के तहत तीन साल बाद भी जिले की नहर का संचालन न होने से भूमि संरक्षण विभाग लखनऊ के अधीक्षण अभियंता ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया है,वही सिचाई विभाग कर्वी के उच्चाधिकारियों से बातचीत कर शीघ्र नहर में पानी छोडने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक कर्वी में अर्जुन बांध से हमीरपुर महोवा जिले की सिचाई के लिये करोडो की लागत से निकाली गयी अर्जुन सहायक परियोजना की नहर से जिले में छब्बीस किलोमीटर भूमि सिचाई होनी है मगर अभियंताओं की लापरवाही के चलते नहर का संचालन नही हो पा रहा है। छह माह पहले सिचाई विभाग कर्वी के एक्शियन एसके सिंह का मानना था कि मौदहा के पास इचौली रेलवे लाइन में अंडर पास बन जाने के बाद नहर का संचालन शुरु हो जायेगा अंडर पास भी बन गया मगर नहर में पानी अभी तक नही छोडा गया है। जिससे किसानों में निराशा व्याप्त है। इधर अभी तक पानी न आने के कारण एक साल पहले सिचाई विभाग के विशेष सचिव हीरालाल जी ने मौके पर जाकर समस्त स्थिति का जायजा लिया था, नहर मे पानी न आने के कारण मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है, कुछ दिन पहले विभाग के अधीक्षण अभियंता लखनऊ अवनीश कुमार चौधरी ने आकर नहर का जायजा लिया, किसानो का कहनाहै कि नहर चलने से सबसे ज्यादा लाभ मौदहा क्षेत्र के उन किसानों को होगा जो धान की खेती में रुचि लेते है। इधर किसान राजकीय नलकूपो के भरोसे धान की खेती कर रहे है जिससे उनको कोई लाभ नही मिल पा रहा है। इस मामले में भूमि सरंक्षण अधिकारी ज्ञान प्रकाश यादव का कहना है कि इस मामले में सिचाई विभाग कर्वी से कई मर्तवा वार्ता हुई मगर नहर में अभी तक पानी नही आया है।

### नहर में बनने है छह कुलावे ,पानी का अता पता नही

**हमीरपुर।** नहर में कर्वी बांध से अभी तक पानी न आने के बाद भी शासन ने जिले के अन्दर बनाये जाने वाले कुलावे के टेंडर खोलने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। नहर में छह कुलावे बनाये जाना है इसके लिये टेंडर खुलने के लिये लखनऊ चले गये है वही से कुलावे बनाने के लिये कोई कार्यदायी संस्था निश्चित कर दी जायेगी। अनुमान है कि एक या दो दिन में टेंडर नहर के लिये हो जायेगे। इधर विभागीय अभियंताओं का कहना है कि जब नहर में अभी पानी आने की कही दूर दूर तक उम्मीद नही है। इस हालत में कुलावे बनाने से किसानों को कोई लाभ नही मिलेगा। इधर कर्वी सिचाई विभाग के अभियंता इस ओर पूरी तरह लापरवाह बने हुये है।

# साहब! रोजाना अपराधी शराब पीकर करता है गाली गलौज

**मौदहा, हमीरपुर।** छेड़छाड़ और गाली गलौज के मामले में कार्यवाही नहीं होने से आहत महिला ने क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र लिखकर बताया कि उनके गांव का बालेंद्र आपराधिक प्रवृत्ति का है जो अक्सर शराब पीकर गाली गलौज करता है जिसकी शिकायत उसने कोतवाली में की थी लेकिन कार्यवाही नहीं होने से उसके हौसले बुलंद हैं और घर आकर गाली गलौज और पकड़ कर अश्लीलता करने का काम कर रहा है जिससे पीड़िता भयभीत है।

# डीएम, एसपी ने हाथों में राष्ट्र ध्वज लेकर तिरंगा यात्रा में हुये शामिल

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

- सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा.... गीत सुन नगरवासियों में दिखा देश प्रेम का जज्बा



**जिलाधिकारी राजेश** कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत आज जिला मुख्यालय पुलिस लाइन परिसर से जिला परिषद, अंबेडकर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा होते हुए टाउन हॉल तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें राष्ट्र ध्वज तिरंगे के रंग में रंगा था, और भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाए गए। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा का भव्य एवं विशाल कार्यक्रम 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा' जैसे सुमधुर गीत तथा 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम' जैसे नारों से देश भक्ति वातावरण से साराबोर हो गया था। जिला मुख्यालय में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, एनसीसी कैडिट, स्काउड गाइड के जवान, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम देश भक्ति के रंग में पूरी तरह से रंग गया था। इस विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने भी आत्मीय स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में चल रहे लोगों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज से लेकर 15 अगस्त तक विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन, पुलिस व स्वयंसेवी संगठनों आदि द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, इसी के तहत आज विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को स्वतंत्रता अपने देश को कैसे मिली उसको लेकर आत्मसात कराया गया। उन्होंने कहा कि लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हो, साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों को न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई उनके बलिदानों को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत समस्त जनपदवासी अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, होमगार्ड कमांडेंट राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी स्वयंसेवी मौजूद रहे।

# खण्ड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण हुआ आयोजित

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़



**कृषि विज्ञान** केन्द्र हैदरगढ़ में मंगलवार को विकास खण्ड स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के बीच मोटे अनाज (श्री अन्न) की किटों का वितरण भी किया। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार,कृषि विज्ञान केन्द्र,वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ अश्वनी कुमार सिंह, डॉ रूपन रघुवंशी,डॉ रिंकी चौहान ने धान की सीधी बुवाई से होने वाले लाभ के बिषय में बताया।साथ ही मिलेट्स की खेती व मिलेट्स उत्पादों की प्रोसेसिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बीडीओ संजीव कुमार गुप्ता जल जीवन मिशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के विषय में जानकारी दी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार किसान हित के लिए प्रभावी कदम उठा रही है किसानो की समृद्धि और उनकी आय दुगनी करने के लिए भी योजनाएं चल रही है। जिनका किसान लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर किसानों को रागी,सांवा व कोदो आदि मिलेट्स मिनी किट का वितरण किया गया। प्रशिक्षण के अंत में उप कृषि निदेशक ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इसी क्रम में किसान कल्याण केन्द्र, त्रिवेदीगंज पर भी उक्त मेला/कृशक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें माननीय ब्लाक प्रमुख, त्रिवेदीगंज के प्रतिनिधि श्री सुनील सिंह, उप कृषि निदेशक, बाराबंकी श्री श्रवण कुमार, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा0 अश्वनी कुमार सिंहवरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा0 समीर पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी, बाराबंकी श्री राजित राम, जिला सलाहकार श्री कैलाशनाथ पाण्डेय, सहायक विकास अधिकारी, कृषि, त्रिवेदीगंज के साथ ही भारी संख्या में क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सहायक शोध अधिकारी के पद पर चयनित तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे

**उरई (जालौन)।** निष्पक्ष ,पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जनपद बागपत के लिए 3 चयनित सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम अनुरागी व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, जल शक्ति मंत्री जी के प्रतिनिधि अरविन्द चौहान, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास व मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने एनआईसी सभागार में नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारी को नियुक्ति पत्र वितरित किए। लखनऊ में अयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व अन्य विभागों के 1,036 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वितरित किए और जनपद में जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी द्वारा वितरित किए गए, जिसमें जनपद जालौन में तीन नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए, जिसमें अंकिता कुमारी, निर्देश कुमार, विक्रम सिंह नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारियों के चेहरे खुशी से खिलखिला उठे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी और कहा कि शासकीय सेवा का जो कार्य मिले उसे ईमानदारी पारदर्शिता के आधार पर करना, शासकीय सेवा में अपने दायित्वों को भली भांति निर्वहन करेंगे।

### बीआरसी पर नवीन पाठ्यपुस्तक पर आयोजित हुआ प्रशिक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया । प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर रमाकांत गुप्ता एवं मदन मोहन वर्मा ने एकेडमिक वर्ष 2024-2025 में नवीन पाठ्य पुस्तकों एवं कार्य पुस्तिका के उपयोग की रणनीतियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की । दूसरे सत्र में मास्टर ट्रेनर राम सागर रावत,प्रियंका सिंह एवं रत्नेश यादव ने एन 0 सी 0 ई 0 आर0 टी 0 आधारित नवीन पुस्तकों के क्रियान्वयन के बारे में विस्तार पूर्वक परिचर्चा की । भोजन अवकाश के बाद तीसरे सत्र में प्रशिक्षक प्रियंका सिंह एवं रत्नेश यादव ने पाठ्य पुस्तक आधारित कार्य पुस्तिका की समग्र समझ विकसित करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तत्पश्चात चौथे एवं अंतिम सत्र में प्रशिक्षक मदन मोहन वर्मा एवं रमाकांत गुप्ता ने पठन अभ्यास एवं शिक्षक संदर्शिकाओ पर समग्र समझ विकसित करने हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में आशीष त्रिवेदी,राजेश सरोज,आनंद मिश्रा,पवन सिंह,उमेश अवस्थी ,अमित अवस्थी,श्रद्धा वर्मा,रीना,सिंह,रम रमंका सिंह, मनोज वर्मा,मीनाक्षी मौर्य,मीनाक्षी नारद, प्रतिभा सिंह, इरम अंजुम,रविंद्र अवस्थी,रामराज सिंह ,अखिल वाजपेई,शेर बहादुर यादव,दीपेश गुप्ता,शिवेंद्र गुप्ता ,प्रतीक्षा श्रीवास्तव,सावित्री देवी सुधीर कुमार राहुल विश्वकर्मा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### ननिहाल के लिए घर निकला किशोर हुआ लापता

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लगभग 15 दिन पहले ननिहाल जाने की बात बात कर घर से निकला किशोर लापता हो गया काफी खोजबीन के बाद पीड़ित मा ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। नगर की सुभाष वार्ड निवासिनी शांति देवी ने बताया कि गत 25 जुलाई की सुबह उनका 14 वर्षीय पुत्र सुभाष तिवारीउर्फ मंटू जनपद रायबरेली के महाराजगंज कस्बा स्थित ननिहाल जाने की बात बताकर घर से निकला था, लेकिन वह नानी के घर नहीं पहुंचा ।पीड़िता ने बताया कि सभी संभावित जगहों पर खोजबीन के बाद भी पुत्र का पता नहीं चल सका है ।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### घर घर वितरित किये गए तिरंगा

**सिद्धौर बाराबंकी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी ने घर घर जाकर तिरंगा वितरित कर सभी से घरों पर लगाने का आग्रह किया। भाजपा नेता ने गैरिया गांव के घर घर जाकर तिरंगा बांटा। इसके साथ ही उन्होंने प्राथमिक विद्यालय गैरिया स्वास्थ्य केंद्र पूरे पाठक और किसान समृद्धि केंद्र बेलिया गजपतीपुर जाकर तिरंगा वितरित कर लगाने का आग्रह किया ।इस दौरान अशोक अवस्थी मोहम्मद इलियास राजू शुक्ल रमेश चंद्र कोटेदार फकीरे गौतम और निर्मल मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

### कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस ने घेराबंदी कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।जिसके पास दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आरोपी के विरुद्ध जैदपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी हैज्ञात हो कि कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह सहयोगी पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे।वही मुखबिर की सटीक जानकारी मिलने पर गुलहरिया मार्ग की ओर से पैदल आ रहे अम्बिका प्रसाद पुत्र स्व मंगरे निवासी मौथरी थाना जैदपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से दस लीटर अवैध शराब बरामद कर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

### बुनकर एकता समिति स्वतंत्रता दिवस पर निकालेगी तिरंगा यात्रा

**इटावा।** बुनकर एकता समिति इटावा के बैनर तले गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 8 बजे समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी के नेतृत्व में बाह अड्डा से विशाल तिरंगा यात्रा जोशो खरोश के साथ निकाली जाएगी जिसमे बड़ी संख्या में बुनकर व मुस्लिम समाज के लोग शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी ने बाह अड्डा पर आयोजित बैठक में बताया कि विशाल तिरंगा यात्रा बाह अड्डा से सुबह 8 बजे शुरू होगी और पचराहा, राजागंज चौराहा, नगर पालिका चौराहा, पक्की सराये, नौरंगाबाद चौराहा, नौरंगाबाद पुलिस चौकी, पक्का तालाब चौराहा होती हुई नुमाइश पंडाल स्थित शहीद स्मारक पहुंचेगी जहां सैकड़ों की संख्या में बुनकर व मुस्लिम समाज के लोग शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए देश के अमर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष इदरीस अंसारी ने बुनकरों और मुस्लिम समाज से अपील की है कि वह 15 अगस्त को बड़ी संख्या में बाह अड्डा पहुंचकर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर शहीदो को श्रद्धा सुमन अर्पित करे। बैठक में मोहम्मद इदरीस अंसारी अध्यक्ष, मोहम्मद कासिम अंसारी प्रदेश प्रवक्ता/सलाहकार, शारिक अंसारी प्रबंधक, सलाहउद्दीन अंसारी प्रमुख महासचिव, मो. असलम उपाध्यक्ष, हाजी रईस अहमद, मो. राशिद, हाजी अखलाक अंसारी, हाजी गुड्डू मंसूरी,मो. इरफान, राजीव पाल, असलम मुल्ला जी आदि ने भाग लेकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील की।

# जनपद जालौन को प्रदेश में मिला गौरांवित होने का अवसर

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

- जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को अन्य सात कलेक्टरों के साथ किया जाएगा सम्मानित
- ई खतौनी घरौनी बनाने के काम में बेहतर परफॉर्मेंस पर राजस्व परिषद के अध्यक्ष करेंगे सम्मानित



**जनपद जालौन** के जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने जिस तरह से अपने बीते कार्यकाल के दौरान यहां जनपद में ई खतौनी और घरौनी बनाने के काम को बेहतर मुकाम तक पहुंचा उसका परिणाम यह रहा की प्रदेश के राजस्व परिषद ने उन्हें श्रेष्ठ काम करने वाले प्रदेश के सात जिला अधिकारियों को सम्मानित करने की सूची में शामिल किया है जिले का यह गौरव है कि प्रदेश में उसे सम्मानित होने का अवसर हासिल हुआ है। प्रदेश सरकार द्वारा सोप जाने वाली जिम्मेदारियां के निर्वहन के प्रति अपनी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करते हुए जिला अधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे को शासन की मॉनिटरिंग के अंतर्गत श्रेष्ठ काम करने वाले सात जनपदों के जिला अधिकारियों की सूची में शामिल किया गया है बताते चलें कि इन सभी जिलाधिकारी को राजस्व परिषद के अध्यक्ष डॉ रजनीश दुबे द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले जिला अधिकारियों में आईएएस मनीष बंसल जिलाधिकारी सहारनपुर आईएएस जोगेंद्र सिंह डीएम रामपुर आईएएस कृतिका ज्योत्सना डीएम सुलतानपुर आईएएस राजेश कुमार पांडे डीएम जालौन के अलावा जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी आगरा, प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी मिर्जापुर, गौरांग राठी जिलाधिकारी उन्नाव शामिल हैं जिन्हें सम्मानित किया जा रहा है। सम्मानित होने वाले जिला अधिकारियों की सूची में जालौन डीएम राजेश कुमार पांडे के शामिल होने से यहां जनपद के प्रशासनिक अमले के साथ-साथ जनपद वासियों में खुशी देखी जा रही है।

# हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग



हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़

**13 अगस्त** से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत राम प्रकाश तिवारी (सोनू भैय्या) के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रीठी सिकंदरपुर में बने पंचायत भवन से प्राथमिक विद्यालय तारागंज तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्राम वासियों ने हिस्सा लिया और देश के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार क्षेत्र पंचायत सदस्य छोटेलाल रावत कोटेदार शिवकुमार शुक्ला रज्जन दीक्षित रमाकांत पांडे शिवदत्त पांडे राम सुफल दीपू मिश्रा मुन्ना अखिलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## जिला जज ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में डीजे ने की बैठक

**बाराबंकी।** पंकज कुमार सिंह जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में एवं सत्यदेव गुप्ता प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित-14 सितम्बर के आयोजनार्थ विभिन्न प्रकृति के दीवानी वादों एवं फौजदारी वादो को नियत व निस्तारित कराये जाने के क्रम में जनपद न्यायालय के समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी के साथ विचार-विमर्श बैठक आहूत की गई। विभिन्न न्यायालयों द्वारा चिहिन्त वादो का अवलोकन किया एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु ज्यादा से ज्यादा वादों को चिन्हित कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, एवं न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों करने पर बल दिया गया।

# अपर जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

**बाराबंकी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरूण कुमार की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के लोकसभागार में संपन्न हुई। अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। से सुशोभित करें। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि प्रभात फेरी, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता व अन्य जो कार्यक्रम निर्धारित है उसे सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने अपने कार्यालयों को तिरंगे लाइट से सजवाएं और झण्डा रोहण के उपरान्त वृक्षारोपण भी करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि संपूर्ण मलिन बस्तियों में व सभी निकाय वाले स्थलों को साफ सफाई व चुना का छिड़काव भी कराना सुनिश्चित कराए । उन्होंने ज़िला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया की स्वतंत्रता सेनानी चौराहे, शहीद स्मारक, पंचायत भवन, अमृत सरोवर की सजावट एवं साफ सफाई भी करवाऐ । उन्होंने कहा कि प्रभात फेरी जिस स्थल से निकले उसके रूट वाहन को चिन्हित कर समस्त व्यस्थायें सुनिश्चित कराए । उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक व प्रधानाचार्य द्वारा स्कूलों में पेंटिंग निबंध प्रतियोगिता एवं देशभक्ति गीत का आयोजन भी करवाए। उन्होंने सभी विभाग अध्यक्षों को निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने कार्यालय पर तिरंगा फहराएं एवं सरकार की योजनाओं की भी चर्चा करें। उन्होंने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को निर्देशित किया समस्त वार्डो में सफाई अभियान का कार्य कराए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अस्पताल में मरीज को, जिला समाज कल्याण अधिकारी वृद्धाआश्रम में फल वितरण कराए।

# ओवरलोड डम्पर अधिकारियों के लिए बने मुफीद

- सड़के हो रही धराशायी, राहगीरों के लिए दे रहे हादसे की दावत

रामनगर बाराबंकी



**भले ही** जिम्मेदार अधिकारियो के लिये सड़कों से गुजरने वाले ओवर लोडेड मिट्टी भरे डम्फर और टृके मुफीद साबित हो रही हो।लेकिन राहगीर और शिवभक्तों के लिये वह हादसों को दावत देने के साथ क्षेत्रीय सड़कों को समय से पहले बर्बाद कर रहे हैं।जिम्मेदार पुलिस और परिवहन विभाग सब कुछ देख जानकर अनजान बना हुआ है।लोगों ने महादेवा मेला और रामनगर कस्बे में अतिक्रमण के चलते जिलाधिकारी सतेन्द्र कुमार से गौर किये जाने की मांग की है।मालूम हो कि तहसील रामनगर के क्षेत्र में ओवर लोड मिट्टी भरे डम्फर और टृके दिन रात्रि कोहराम मचाये हुये है।सड़कों को समय से पहले बर्बाद करने के साथ राहगीरों के लिये वह घोर परेशानी का सबब है।नगर पंचायत रामनगर के अन्दर से जब गुजरते हैं तो आवागमन प्रभावित होकर जाम जैसी स्थिति बन जाती है।लोधेश्वर महादेवा में सावनी मेला चल रहा है जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान की ओर से राष्टीय राजमार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी जाती है।लेकिन ओवर लोड मिट्टी भरे यह डम्फर सोमवार को मेला क्षेत्र से निकलते हुये देखें गये।तो वहीं मंगलवार को मिट्टी भरे कई डम्फर केशरीपुर रेलवे क्रासिग पर भारी जाम लगाये हुये थे।जिसे बी डी ओ और चित्र में देखा जा सकता है।पीछे राजस्व विभाग के आलाधिकारियों का वाहन भी धीरे धीरे आगे बढ़ रहा था।हलकान परेशान राहगीर और शिवभक्त इन वाहनों के गुजर जाने के बाद राहत की सांस लेते हैं।क्षेत्र के जागरुक जनों ने जिलाधिकारी महोदय से इस गंभीर समस्या पर गौर किये जाने की मांग की है।

## ताबड़तोड़ चोरियों से दहशत में आये ग्रामीण

**बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मद पुर खाला थाना क्षेत्र में इन दोनों चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोर ताबड़तोड़ घटनाओं को अंजाम दे दे रहे हैं। बीती रात थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चोरों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया।पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी अंतर्गत कछुवाहन पुरवा में राम किशोर के घर चोरों ने धावा बोला। चोर छत के रास्ते मकान में दाख़िल होकर चार करपा 180 लीटर मैंथा ऑयल,सोने चांदी के कीमती जेवरात सहित 50 हजार की नगदी उठा ले गए।पीड़ित ने बताया कि करीब साढ़े चार लाख रुपये के माल पर चोरों ने हाथ साफ़ किया है।पीड़ित ने सुबह घटना की जानकारी पुलिस को दी है। उधर इसी थाना क्षेत्र के बरैया गांव में कृष्ण कुमार की शिवम डीजे साउंड के नाम से दुकान है। रात में चोरों ने दुकान के बाहर खड़े जेनरेटर से एल्टिनेटर खोल ले गए। गांव के बाहर कॉपर वायर निकाल कर मोटर एक खेत में फेंक दी। वहीं बरैया नरेन्द्र वर्मा की जीआईसी कालेज के पास सांवरिया डीजे के नाम से दुकान है। इनकी दुकान के बाहर खड़े जेनरेटर का एल्टीनेटर खोल ले गए। दानपुरवा निवासी रामसिंह की रुहेरा चौराहे पर रवि टेंट हाउस के नाम से दुकान है।

# हरा रंग प्राकृति प्रेम तथा सम्पन्नता का है प्रतीक: डा. धर्मेन्द्र

- नारायन कॉलेज में हुआ ग्रीन डे का आयोजन

इटावा। समृद्धि न्यूज




**नारायन कॉलेज** आफ साइंस एण्ड आर्ट्स इटावा में ग्रीन डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चे हरे रंग के परिधान मे विद्यालय आये। प्ले ग्रुप के बच्चों को इस रंग की बारीकियों व खूबियों की विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही हरे रंग को विभिन्न कार्यो में प्रयोग में लाने के गुर भी सिखाये गये। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं में हरे रंग का इस्तेमाल कर उनकी खूबसूरती को बढ़ाया व खूब मस्ती की। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 धर्मेन्द्र शर्मा व विद्यालय की निदेशिका डा0 श्वेता तिवारी ने संयुक्त रूप से बच्चों में हरे रंग का गुब्बारा वितरण कर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डा0 धर्मेन्द्र शर्मा ने हरे रंग की खूबियों व महत्व के बारे में जानकारी दी व बताया कि हरा रंग प्रकृति प्रेम तथा सम्पन्नता का प्रतीक है। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुये डॉ0 धर्मेन्द्र शर्मा ने आगे कहा कि नन्हें मुन्ने बच्चों को इस रंग का महत्व पता होना चाहिये ताकि बच्चों को बचपन से ही प्राकृति से प्रेम हो व वो प्राकृति को संरक्षित करना सीखे। इस अवसर पर बच्चे लंच बॉक्स में हरी सब्जियों से बना लंच लाये। बच्चों को हरी सब्जियो में मौजूद पोषक तत्वों के बारे में बताया गया। छात्र/छात्राओं ने फैन्सी ड्रेस कॉम्पटीशन में भी भाग लिया जिसमें आन्या तिवारी, स्वास्तिका, स्वर्णिम, मानसी, पूर्वी, पार्थ, अदिति, आध्या, सार्थक, आयांश, प्रज्जवल, अदिति, वेदिका आदि की भूमिका उत्कृष्ट रही। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने 'हेल्दी फूड' नाम की लघु नाटिका भी प्रस्तुत की तथा नृत्य के माध्यम से हरी पोशाकों में सजे बच्चों ने न सिर्फ दर्शकों का मन मोह लिया बल्कि वन संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कोर्डिनेटर श्रीमती उरूसा रिज़वान, श्रीमती गौरी अग्निहोत्री, ऋतु कनौजिया तथा टोनी सायमन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र मोहम्मद लईक उर्फ अच्छे के गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। अगर कोई लेनदेन करता है वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मोहम्मद अनीस पुत्र मजर हुसैन निवासी चौंसपुर, पोस्ट रुनी, परगना भोजपुर, जनपद फर्रुखाबाद।**

**कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज (फर्रुखाबाद)**

पत्रांक-849/न0पं0क0/2024-25/कुटे0आम0/कमालगंज — दिनांक 13/08/2024

कुटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत, कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद में जनहित में त्यौहारों/राष्ट्रीय पर्वों पर चूना डालने हेतु सूचा का क्रयकरण किया जाना अति आवश्यक है। अतः जो इच्छुक फर्म/दुकानदार/ठेकेदार उक्त कार्य को करना चाहते हों, वह अपने कुटेशन दिनांक 23/08/2024 तक सीधे अथवा डाक द्वारा हस्तोक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। जो उसी दिन सायं 3:00 बजे उपस्थित फर्मो/दुकानदारों/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। समयावधि पश्चात प्राप्त किसी भी कुटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कमालगंज। — अध्यक्ष, नगर पंचायत कमालगंज।





# मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने घूम-घूम कर किया प्रदर्शन

- एक सैकड़ा से अधिक जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी गेट में जड़ा ताला
- दोषियों को फांसी देने व डॉक्टरों की सुरक्षा किए जाने की रखी मांग
- कोलकाता मेडिकल कॉलेज की घटना को लेकर आक्रोशित रहे जूनियर डॉक्टर



मेडिकल कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन करते जूनियर डॉक्टर समृद्धि न्यूज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

कोलकाता मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या को लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। एक सैकड़ो से अधिक डॉक्टरों ने ओपीडी पहुंचकर वहां काम कर रहे डॉक्टरों को केबिन से बाहर निकालकर गेट बंद कर दिया। मरीजों को भी बाहर जाने को कहा। करीब एक घण्टे तक कैम्पस में घूम-घूमकर नारेबाजी की। मामले की सीबीआई जांच कराने व दोषियों को दण्डित करने की मांग रखी। बाद में मेडिकल कॉलेज के गेट पर प्रदर्शन कर अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा किए जाने की भी मांग रखी। कोलकाता की घटना को लेकर देश भर के मेडिकल कॉलेजों में चल रहे विरोध प्रदर्शन के क्रम में मंगलवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के जूनियर रेजीडेंटस चिकित्सकों ने भी एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। करीब एक सैकड़ा जूनियर डॉक्टरों ने अपने हाथों में पोस्टर व पट्टियां लेकर कैम्पस में घूम-घूमकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारी डॉक्टर ओपीडी वार्ड में पहुंचे। यहां पर सीनीयर डॉक्टर मरीजों का परीक्षण कर रहे थे। इसपर जूनियर डॉक्टरों ने विरोध जताते हुए सभी चिकित्सकों को केबिन से बाहर जाने का अनुरोध किया। डॉक्टरों के बाहर निकलते ही मरीजों को भी बाहर जाने को कह दिया गया। इसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी में ताला जड़ दिया। करीब आधा घण्टे के बाद ओपीडी में बार्ड में ताला जड़े जाने की जानकारी होने पर प्राचार्य व सीएमएस मौके पर पहुंचे। उन्होंने ताला खुलावाया। इसी दौरान प्रदर्शनकारी डॉक्टर गेट पर पहुंच गए। यहां करीब एक घण्टे तक नारेबाजी कर डॉक्टरों की सुरक्षा व घटना के दोषियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग रखी।

# स्वच्छ सारथी क्लब के जरिए समधन राजकीय इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

**समधन, समृद्धि न्यूज़**



प्रधानाचार्य आशीष शर्मा को प्रमाण पत्र देते विवेक कुमार गुप्ता

**स्वच्छ** सारथी क्लब के जरिए टाऊन कर्मचारियों ने छात्र- छात्राओं को जागरुक किया और बताया कि घरों से निकलने बाला सूखा व गीले कूड़ो को अलग-अलग रखने के वाद कूड़ा गाड़ी में अलग-अलग ही डालें तभी स्वच्छता मिशन अभियान सफल होगा समधन नगर में स्थित राजकीय इंटर कॉले परिसर में सोमवार को ईओ सुनील कुमार के निर्देश पर स्वच्छ सारथी क्लब के जरिए छात्रों को जागरुक करते हुए टाऊन कर्मी विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि सफाई अपनाओं बीमारी भगाओ की शुरुआत करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाले सूखें व गीले कूडे को अलग-अलग एकत्रित करके टाऊन गाड़ी आने पर उसमें ही डालें उन्होंने आगे कहा कि दूषित होने से पर्यावरण को बचाने में सहयोग करें तभी शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता मिशन को सफल बनाने में हम सभी को अहम भूमिका निभानी होगी। नगर पंचायत समधन की अध्यक्ष आसमा बेगम ने नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को एक नई गति देने के लिए सभी सभासदों व संभ्रांत लोगों से संयोग करने की अपील की हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आशीष शर्मा ,दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य राहुल यादव,हनीफ,बकार हुसैन, रियाज़ अहमद,आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने हरी झंड़ी दिखाकर तिरंगा स्कूटी रैली को किया रवाना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना करते डीएम

**स्वतंत्रता दिवस** समारोह के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट प्रांगण से हर घर तिरंगा स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 152 महिला शिक्षिकाओं द्वारा भारत माता की जय और वंदे मातरम उद्घोष के साथ रैली कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर गोलकुंआ, बोर्डिंग ग्राउंड, मकरंद नगर, लाखन तिराहे होते हुए। पीएसएम कालेज में समाप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा शिक्षिकाओं द्वारा स्कूटी रैली नगर वासियों को आजादी के पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने हेतु प्रेरित करेगी। कहा कि %हर घर तिरंगा अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का हिस्सा है। जनपद के प्रत्येक घरों में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराया जायेगा। उन्होने जनपदवासियों से अपने घरों में तिरंगा फहराने और झंडे के साथ एक सेल्फी क्लिक कर हर घर तिरंगा साइड पर अपलोड करने की अपील की। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस स्मृति मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार, यातायात प्रभारी आफाक खां, बीईओ विपिन कुमार, गौरव दीक्षित, गुजन भदौरिया, रेनू कमल, अमित मिश्रा, उमा कटियार सहित आदि उपस्थित रहे।

## विवाहिता को पीटा, हुआ गर्भपात

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम नवादा निवासी रोशनी पुत्री समर पाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 04 वर्ष पूर्व उसकी शादी पड़ोसी जनपद मैनपुरी के थाना वेवर के ग्राम टिकुरी निवासी हरि ओम पुत्र रामकिशन के साथ हुई थी। शादी के बाद व्यापार करने के लिए अतिरिक्त दहेज के नाम पर पॉच लाख रुपये व एक बाइक की मांग करते हुए प्रताड़ित किया। इसी दौरान वह गर्भ से हो गई थी। जिसका 03 वर्ष पूर्व लिंग परीक्षण कराया गया जिसमें बच्ची होने की बात पता चलने पर 04 माह की बच्ची का गर्भपात करने का दबाव बनाने लगे उसके द्वारा मना करने पर पति हरि ओम ससुर राम किशन, जेठ राजेश तथा सास ने कमरे में बंद करके मारा पीटा जिससे गर्भपात हो गया। उसके द्वारा घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को कई बार दी गई। जिस पर उक्त व्यक्तियों को महिला थाने सुलह के लिये बुलाया गया लेकिन नहीं आए और 10 अगस्त को सभी लोग उसके मायके आए और शिकायत वापस लेने का दवाव बनाने लगे उसके द्वारा मना करने पर उसे व उसकी मां को मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान माल की धमकी देकर चले गए। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# बांग्लादेश में हुई हत्याओं के विरोध में मौन सभा का किया गया आयोजन



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**बांग्लादेश में** राजनीतिक उठक पाठक के बाद हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में बाबा महेश्वर नाथ मंदिर पर मौन सभा का आयोजन किया गया। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहा है अत्याचार व हत्या के विरोध में बाबा महेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में मौन सभा का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर के पुजारी रंजीत पांडे बबलू मिश्रा अनूप कुमार द्विवेदी कृष्ण कुमार अमित कुमार वरुण चतुर्वेदी मोहित विनीत कुमार एडवोकेट अशोक कुमार मूलचंद राठौर शहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## माता सम्मेलन का अमरौली में हुआ आयोजन



**समधन, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के ग्राम अमरौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीता सोमवार को मासिक माता सम्मेलन में एआरपी डा0 पंकज यादव ने माताओं, बहनों, बेटियों से अपील की अपने बच्चों को समय से स्कूल भेजें और बेहतर शिक्षा के लिए सरकारी स्कूलों से अच्छा कुछ भी नहीं है। सारी सुविधाएं सरकार दे रही है किसी प्रकार की अगर जरूरत पड़े तो मुझे फोन से अवगत कराएं। उन्होंने निपुण छात्रों की माताओं का सम्मान भी किया शैलेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि सभी शिक्षक पूरी लगन से समस्त स्कूलों के बच्चों को निपुण बनाएं इस अवसर पर शिव सागर, अनुज, अरूण, विजय, बबली आदि मौजूद रहे।

## जिला मीडिया प्रभारी बने फिरोज वारसी



**छिबरामऊ कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान विधि प्रकोष्ठ की बैठक में जनपद का मीडिया प्रभारी किया नियुक्त। भारतीय किसान यूनियन प्रधान विधि प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मत से शहर के मोहल्ला ऊंचा बिरतिया निवासी फिरोज वारसी पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद दराज को जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया नियुक्ति पत्र भारतीय किसान यूनियन प्रधान विद प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रजीत यादव ने जिला मीडिया प्रभारी फिरोज वारसी को दिया।

## भीषण सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जनपद अमेठी निवासी सुनील कुमार शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसका छोटा भाई सोनू डीसीएम पर सह चालक था। विगत 09 अगस्त की सुबह जुनेदपुर हाईवे कट पर पीछे से अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रेलर ट्रक ने ओवर टेक कर ब्रेक लगा दिये जिससे डीसीएम ट्रक में टकरा गई जिससे डीसीएम पर सवार सोनू शर्मा, संतोष कुमार, प्रशांत सिंह, विपिन कुमार, पवन कुमार आदि गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## दहेज न मिलने पर रचाई दूसरी शादी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम बसावनपुरवा निवासी सीमा पत्नी संतोष द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 16 नवंबर 2016 को उसकी शादी संतोष कुमार पुत्र अनिल के साथ हुई थी शादी के बाद से ही ससुराली जन पति संतोष, सास शोभा, ससुर अनिल द्वारा अतिरिक्त दहेज में पॉच लाख रुपयों की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर आए दिन प्रताड़ित करने लगे विगत 23 मार्च को अभद्रता व मारपीट कर पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया तब से वह अपने मायके में रह रही है। विगत दिनों पूर्व उसके पति संतोष ने बगैर तलाक दिए जनपद हरदोई के थाना मल्लावा के ग्राम कुतुबापुर निवासी रंजना के साथ दूसरी शादी कर ली है। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## ईओ नें हर घर तिरंगा फहरायें अभियान में जुटनें के निर्देश दिये

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** केंद्र व प्रदेश शासन के निर्देशानुसार देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहरायें अभियान को सफल बनाने के के लिये पालिका कर्मी नगर के मोहल्लों में डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित करने के उपरांत घरों की छतों पर तिरंगा झंडा फहराने के लिये प्रेरित करें।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ फीता काटकर पूर्व राज्य मंत्री ने किया



**छिबरामऊ कन्नौज।** प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ फीता काटकर पूर्व राज्य मंत्री पीएससी निदेशक ने किया। विधानसभा क्षेत्र के कस्बा सिकंदरपुर में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे पीएससी लखनऊ निदेशक आनंद किशोर द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष देव प्रकाश पालीवाल ने फीता काटकर किया भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री ने कहा कि जनता की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के जरिए जनता को 90त्न काम दरों पर दबा उपलब्ध होंगे गौरव द्विवेदी मुनीश्वर मिश्रा सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसी भी दशा में अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए: जिलाधिकारी

- डीएम बोले अवैध कार्य करने बालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**





बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

**विद्युत वसूली** प्राथमिकताओ में से एक है। विद्युत वसूली पर फोकस करें। विद्युत कनेक्शन में प्रीपेड कनेक्शन किए जाएं। भ्रमणशील होकर विद्युत चोरी की निगरानी सुनिश्चित की जाये। उन्होनें आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि किसी भी दशा में अवैध/मिलावटी शराब आदि की बिक्री नही होनी चाहिये। अवैध कार्य करने वालो पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में सभी विभागों की दर्पण पोर्टल में जनपद की रैंकिंग अच्छी होनी चाहिए। दर्पण पोर्टल में सभी अधिकारी और पटल सहायक स्वयं देखें जो फार्मूला है। उसी के अनुसार डेटा की फीडिंग की जाए। उन्होंने वाणिज्यकर विभाग, स्टाम्प निबन्धन विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत देय विभाग और भू-राजस्व विभाग आदि विभागो द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष की गयी वसूली की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिये कि वसूली का जो वार्षिक लक्ष्य निर्धारित है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरे वर्ष का इंतजार न करें। माह वाइज लक्ष्य निर्धारित कर समय से पहले पूरा करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लान वाइज रोस्टर तैयार कर राजस्व वसूली और टैक्स रेवेन्यू पर फोकस करें। विविध देयों (बैक) की वसूली पर भी ध्यान दिया जाये। कहा कि आई0जी0आर0एस0 के अंतर्गत जो शिकायतें प्राप्त होती हैं, उन्हें इधर-उधर ना भेजकर संबंधित के पास ही भेजी जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेंद्र सिंह समस्त उप जिलाधिकारी सहित समस्त तहसीलदार आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजयुमो द्वारा भारत माता की जय के जयघोष के साथ भव्य तिरंगा बाइक रैली निकली गई

**छिबरामऊ-कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



युवा मोर्चा के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जनपद के प्रत्येक विधानसभा में हर हर तिरंगा अभियान के अंतर्गत युवा मोर्चा को बाइक रैली निकालनी है उसी क्रम आज छिबरामऊ विधानसभा की बाइक रैली निकली। जिसमें मुख्य अथिति के रूप में छिबरामऊ विधायिका अर्चना पांडेय रहीं विशिष्ट अथिति नगर के चेयरमैन मनोज दुबे एवं युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह रहे तिरंगा यात्रा शहर के नहर कोठी से शुरू होकर नगर भ्रमण करते हुए ब्लाक सभागार में समापन हुआ जहां विधायिका ने तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में आये युवाओं का आभार व्यक्त किया और कहा वीर शहीदों की याद में ये यात्रा निकाली गई देश को आजाद करवाने और देश को सीमाओं को सुरक्षित रखने में जिन देश भक्तों ने अपना सर्वस्य न्योक्षावर कर दिया उनका बलिदान भुलाया नही जा सकता। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, मुनीश मिश्रा, प्रशांत गुप्ता,पुनीत दुबे,मोनू चौहान, जिला मीडिया प्रभारी व्योम शुक्ला, ऋषभ मिश्रा, राहुल पाल, प्रशांतानंद जी, आनंद गुप्ता, अनुज गुप्ता, शिव कुमार, मुकेश पांडेय, अर्पित मिश्रा, रजनीश राजपूत, शिवम् राठौर, शशि तिवारी, राजा शुक्ला,जीतू शाक्य, मामन गुप्ता, अतुल वर्मा, अंशुल मिश्रा, अंशू पाल, राहुल ठाकुर, आशीष वर्मा, मोहित कुशवाह, सनी दुबे, कल्लू नायक, विकास दीक्षित, शैलेंद्र गुप्ता, सक्षम गुप्ता, रवि दुबे सूरज वर्मा आदि सैकड़ों देश भक्त उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में जनपद स्तरीय भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई आयोजित

# जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

- प्राचार्य ने स्थान प्राप्त छात्र- छात्राओं को दी बधाई

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**





कार्यक्रम में मौजूद प्राचार्य रीतू सिंह व समस्त स्टाफ़ सहित छात्र- छात्रा समृद्धि न्यूज

**शहर के** राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर के तत्वावधान में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य रीतू सिंह निर्देशन में जनपद स्तरीय भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में काकोरी ट्रेन एक्शन का आलेख पढ़ा गया। जिसमें शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आयोजक शैलेंद्र कुमार ने अपने ओजपूर्ण स्वर में देशभक्ति पूर्ण पंक्तियों में अमर शहीदों को याद किया तत्पश्चात प्रतियोगिता के नियम बताए। पहले भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। भाषण प्रतियोगिता का विषय काकोरी ट्रेन एक्शन- आजादी का अहम पड़ाव था। जिसमें छात्र -छात्राओं द्वारा अपने वक्तव्य उत्साह के साथ रखे गए। सभी ने काकोरी ट्रेन एक्शन को आजादी के आंदोलन की एक प्रमुख कड़ी माना। भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर की छात्राएं क्रमशः नंदिनी प्रथम, सुमेधा द्वितीय, अनुष्का राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार नेहरू कॉलेज छिबरामऊ की पलक को मिला। वाद- विवाद प्रतियोगिता में आजादी के संघर्ष में हिंसा जरूरी थी। विषय के पक्ष व विपक्ष में छात्र- छात्राओं ने आक्रामक ढंग से विरोधी मत का खंडन किया तथा अपनी बात को मजबूती से रखते हुए अपने पक्ष का बचाव किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर की देवांगी पाल रहीं। नेहरू कॉलेज छिबरामऊ के सुमित कुमार तथा अंशी दीक्षित ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान, अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर के छात्र वैभव शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार हेतु नेहरू कॉलेज की पलक ने अपना स्थान बनाया। दोनों ही प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में पी. एस. एम. कॉलेज के प्रवक्ता भूगोल प्रेम नारायण तथा प्रवक्ता अर्थशास्त्र पंकज राय रहे। जिन्होंने अपनी नीर- क्षीर विवेकी दृष्टि से प्रतिभागियों को परखा तथा उत्तम निर्णय देने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता गृह विज्ञान अंबरीन फातिमा ने किया। कार्यक्रम समापन पर महाविद्यालय की प्राचार्य रीतू सिंह ने विजयी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। तथा अपने वक्तव्य में कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना सबसे बड़ी जीत है। इस दौरान आशीष कुमार गुप्ता प्रवक्ता अंग्रेजी, विजय बहादुर प्रवक्ता हिंदी, पल्लवी यादव, हरिओम प्रजापति, प्रेम प्रकाश सहित आदि लोग रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# भाकियू (भानू गुट) ने जन समस्याओं को लेकर दिया धरना

- आठ सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू (भानू गुट) के पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

**भारतीय किसान** यूनियन (भानू गुट) ने जनसमस्याओं को लेकर तहसील कायमगंज में धरना प्रदर्शन कर आठ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम कायमगंज को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि कस्बा कायमगंज में हर दस मिनट में शट डाउन होता है बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है। विद्युत व्यवस्था ठीक कराई जाए, विद्युत रीडिंग के लिए तैनात प्राईवेट कर्मचारी गलत रीडिंग कर रहे हैं। इन्हें कार्यमुक्त किया जाए। एक्सईएन के संरक्षण में अधिक बिल भेजने और संशोधन के लिए दलाली का खेल हो रहा है। एक्सईएन को दंडित किया जाए, पूरे जिले में हर विभाग में अधिकारी, कर्मचारी विरोधी पक्ष से रिश्वत लेकर शिकायतों का गलत निस्तारण कर रहे हैं। भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, डाक्टर विपिन को कायमगंज सीएचसी से हटाया जाए। पूर्व में उनको धारा 302 आई.पी.सी. के मुकदमे की वजह से हटाया गया था। सीएमओ द्वारा भारी रिश्वत लेकर इनकी पुनः कायमगंज में तैनाती की गई। सीएमओ का जनपद से बाहर तबादला किया जाए, खसरा संख्या 4614 आराजी 0.304 अभिलेखों में नवीन पर्ती के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि पर रवि निवासी खान आलमपुर कायमगंज की ईट, भूसा, चारामशीन आदि स्थाई रूप से रखा है। भूमि को गांव के सतीष पुत्र रामेश्वरए प्रेमपाल आदि गांव के दबंगों ने बेचकर बैनामा कर दिया। दोषियों के प्रति सख्त कार्यवाही की जाए, ग्राम विकास अधिकारी हृदेश पांडे द्वारा ग्राम पंचायत की धनराशि विभिन्न तारीखों में अपनी फर्म श्रीकृष्णा एसोसिएट में ट्रांसफर करवा चुका है। सरकारी धन का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है। इसकी आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाए। इसकी तैनाती खंड विकास कायमगंज में है, जांच कर सख्त कार्यवाही की जाए, बिजली विभाग द्वारा कायमगंज में चिलौली, विद्यामंदिर के पास प्रेमनगर आदि विभिन्न जगहों पर लोगों के प्लांट और आवासों के ऊपर से तार निकले हैं। हटवाने के लिए जेई और एक्सईएन रिश्वत की मांग कर रहे है। तारों को हटवाया जावे और भ्रष्ट जेई और एक्सईएन के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए, सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पारदर्शिता के लिए इन विभागों की निजीकरण कराया जाए। जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। इस मौके पर प्रदेश सचिव राजाराम शर्मा, जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, प्रदेश महासचिव गोपाल तिवारी, जिला संगठन सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवार, अनुज सक्सेना, राजेश शर्मा, नीरज आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राशन कोटा चयन में 191 मत पाकर अजीत हुए विजयी

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज**



वोट डालते ग्रामीण समृद्धि न्यूज

**ब्लाक मोहम्मदाबाद** के गांव सिठऊपुर में आज कोटा चयन के लिए चुनाव होना था। जिसमें हाथ उठाने की प्रक्रिया की गई। जिसका उम्मीदवारों ने विरोध किया और कहा कि हाथ उठाने की प्रक्रिया नहीं करेंगे, वोट डलवाए जाएं। प्राथमिक विद्यालय में वोट डलवाए गए। जिसमें 191 वोट पाकर अजीत विजयी हुए। प्राथमिक विद्यालय में आज चुनाव प्रक्रिया के समय दो प्रत्याशियों में कहासुनी होने लगी। जिसमें वहां पर मौजूद सिपाही यशवीर ने थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर लक्ष्मी नारायण ने लोगों को शांत कराया। उसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। शिक्षण कार्य के समय स्कूल में बिना परमीशन के चुनाव प्रक्रिया कराई गई। जब प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवकुमार से पूछा गया, तो उन्होंने बताया की परमीशन नहीं ली गयी है। बिना परमीशन के चुनाव कर दिया गया। बीओ भारतीय शाक्य ने बताया चुनाव की हमें कोई जानकारी नहीं है। अगर स्कूल के समय चुनाव कराया गया है तो उसकी जांच कराई जाएगी। एडीओ पंचायत वीरेंद्र वर्मा, एडीओ एजी सुरेंद्र सिंह, सचिव संदेश यादव, राजीव गौतम, बीओ पीआरडी अनुराग सिंह के द्वारा चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। 1 साल पहले पूर्व कोटेदार कर्मवीर की मृत्यु के बाद कोटे में राशन वितरण का काम बंद चल रहा था। चुनाव में पांच लोगों ने भाग लिया। जिसमें अजीत को 191, किशन को 109, कन्हैया लाल को 22, सुखदेव को 15, राहुल को 3 वोट मिले।

# खबरें चलते-चलते

## एनसीसी कैडेट्सों ने हर घर तिरंगा रैली का किया आयोजन



तिरंगा रैली का आयोजन करते एनसीसी कैडेट्स

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में एनसीसी कैडेट्सों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारम्भ उपजिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रामऔतार, 4 यूपी गर्ल्स बटालिएन फतेहगढ़ के हवलदार भूपेन्द्र सिंह, विद्यालय प्रबन्धक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, एनसीसी लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा के नेतृत्व में कैडेट्सों की यह तिरंगा रैली शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान से प्रारम्भ होकर सी0पी0 तिराहा तक पहुंचकर वापस विद्यालय पहुँची। इस दौरान कैडेट्सों ने जहाँ भी गन्दगी दिखाई दी उसे साफ किया और जनता को सफाई के प्रति जागरूक भी किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने कहा कि सभी वर्ग अपने अन्दर देशभक्ति की भावनाओं को जागृत करें और सभी का सम्मान करें। युवा पीढ़ी, पढ़े लिखें लोग अच्छी संभावनाएं एवं अभिलाषाएं तो रखते ही हैं साथ में अपने देश के भविष्य की चिन्ता भी करें। हैं। इस दौरान ममता सिंह, सन्तोष शर्मा, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव, कु0 अक्षिता, कु0 शायना सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## 15 अगस्त को शराब की बिक्री पर रहेगी पूर्ण पाबंदीः डीएम



जिलाधिकारी डॉ0 वी.के. सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की अवसर पर जनपद की समस्त शराब और अन्य नशीले पदार्थों की दुकान जिलाधिकारी के आदेश पर बंद रहेंगी। डीएम का आदेश जारी होते ही शराब के शौकीन लोगों में फिलहाल खलबली मची है। जिलाधिकारी डॉक्टर बीके सिंह ने मंगलवार सुबह आदेश जारी किया। इसके तहत जनपद की समस्त थोक एवं फुटकर देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शॉप, भांग, ताड़ी, एफ0एल0 9/9 अनुज्ञापनों से सम्बन्धित सभी दुकानें 15 अगस्त के दिन बन्द रहेंगी। इसके लिए अनुज्ञापी को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। आदेश का पालन ना होनें पर कार्यवाही की जायेगी।

# जिला जज ने भी खाई फाइलेरिया से बचाव की दवा

- कलेक्ट्रेट में लगे बूथ पर 720 लोगों ने खाई दवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



फाइलेरिया की दवा खाते जिला जज व न्यायिक अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**फाइलेरिया उन्मूलन** अभियान के तहत घर-घर जाकर स्वास्थ्यकर्मी फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रहे हैं। इसी क्रम में आज कलेक्ट्रेट में लगे बूथ पर जिला जज समेत 720 लोगों ने फाइलेरिया की दवा खायी।

जनपद सहित प्रदेश के 27 जिलों में शनिवार से फाइलेरिया उन्मूलन चल रहा है। यह अभियान 2 सितंबर तक चलाया जायेगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट में लगे बूथ पर जिला जज विनय कुमार, एडीजे विष्णु चंद्र, शैली राय, शैलेंद्र सचान सहित 720 लोगों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया। जिला जज विनय कुमार ने कहा कि हम सभी को इस अभियान को सफल बनाने के लिए इसमें अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी, तभी यह अभियान सफल होगा। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0सी0 माथुर ने बताया हाईड्रोसील हो जाना, हाथी पाँव हो जाना यानी पैरों में सूजन हो जाना, महिलाओं के स्तन में सूजन आ जाना यह सब फाइलेरिया रोग के लक्षण हैं। फाइलेरिया रोग मच्छरों द्वारा फैलता है। खासकर क्यूलैक्स मादा मच्छर के जरिए। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया रोग से ग्रसित व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है फिर यह मच्छर रात के समय किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काट लेता है तो फाइलेरिया रोग के परजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया रोग से ग्रसित कर देते हैं। जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने बताया कि 2 वर्ष की आयु से ऊपर के लोगों को फाइलेरिया की दवा दी जायेगी। दवा खाली पेट नहीं खाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीमार, गर्भवती और दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को फाइलेरिया की दवा नहीं खानी है। डीएमओ ने कहा कि अभियान के दौरान जिले के लगभग 21 लाख लोगों को अभियान के दौरान दवा खिलाई जायेगी। इस दौरान जवाहर सिंह गंगवार, घनश्याम सिंह, पीसीआई से शादाब आलम आदि मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सड़क किनारे खड़े युवक को किसी अज्ञात वाहन नें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ से हालत गंभीर होने पर उसे सैफई रेफर कर दिया गया। सैफई में उसकी मौत हो गयी।

थाना जहानगंज के ग्राम परा नगला निवासी 32 वर्षीय संजीव पुत्र वेदराम मंगलवार सुबह गाँव रूनी चुरसाई के पास खड़ा था। उसी समय उसको किसी तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एम्बुलेंस के ईएमटी संजय कश्यप नें 10.04 बजे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। सैफई में संजीव ने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष जहानगंज भोलेंद्र चतुर्वेदी नें बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। घटना पिकअप से होना बतायी जा रही है।

## चौकी इंचार्ज के साथ नशेड़ियों ने की गाली-गलौज

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। चौकी इंचार्ज पखना प्रताप सिंह बाइक से कोतवाली आ रहे थे। नगला देवी सिंह के पास गांव के तीन व्यक्तियों ने जो शराब के नशे में थे ने चौकी इंचार्ज के साथ गाली-गलौज कर दी। पीछे से आ रहे चौकी के सिपाहियों ने तीनों व्यक्तियों की घेराबंदी करके पकड़ लिया। पुलिस तीनों व्यक्तियों को थाने ले आई। घटना के मामले में पूछताछ की जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन निकालेगा तिरंगा यात्रा



जानकारी देते पदाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन एवं बीबीगंज युवा कमेटी के संयोजन में शहर में धूमधाम से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसकी सभी तैयारी लगभग अंतिम दौर में हैं। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पांडेय ने बताया की शहर के गुरुगांव देवी मंदिर से यात्रा आरंभ होगी। जो की स्वराज कुटीर तक निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग भाग लेंगे। संगठन की तरफसे कई दिनों से यह तैयारी चल रही है। साथ ही तिरंगा यात्रा में ज्यादा से ज्यादा शामिल होने के लिए लोगों से आग्रह किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया की यात्रा शहर के गुरुगांव मंदिर से प्रारंभ होकर बीबीगंज, पक्का पुल, घुमना, लाल दरवाजा होते हुए स्वराज कुटीर पर जाकर समापन होगी। प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पांडे ने बताया की यात्रा देश के उन बलिदानियों को समर्पित है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे दी।

# जनपद में दिव्यांग भरण पोषण योजना के तहत 17520 को दी जा रही पेंशनः डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक लेते जिलाधिकारी डॉ0 बी0के0 सिंह समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में दिव्यांग भरण पोषण योजना के अंतर्गत कुल 17520 लोगों को पेंशन दी जा रही है जिसमें 11953 अस्थि दिव्यांग, 1588 मूकबधिर, 673 मानसिक दिव्यांग, 1645 दृष्टिबाधित दिव्यांग, 1635 अन्य दिव्यांग व 26 कुष्ठावस्था पेंशन दी जा रही है। जिसमें साधारण दिव्यांग को 1000 व कुष्ठावस्था दिव्यांग को 3000 रुपये मासिक पेंशन दी जाती है। बैठक में बताया गया कि दिव्यांग, कुष्ठावस्था पेंशन में 17520 में से 14714 की फैमली आई0डी0 प्राप्त हो गई है। अभी 2806 दिव्यांगजन ऐसे है जिन्हें फैमली आई0डी0 से जोड़ना बाकी है। जिलाधिकारी द्वारा सभी पेंशनरों का सत्यापन कराकर पात्र व अपात्र पाये जाने वाले दिव्यांगजन की सूचना उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गया। दिव्यांगजन शादी विवाह पुरुस्कार योजना में जनपद में 09 का लक्ष्य है। जिसमें 17 आवेदन प्राप्त हुये हैं। 06 स्वीकृत किये गये हैं। दुकान संचालन, हाथठेला, गुमटी ऋण योजना में 08 का लक्ष्य है, कुल 09 आवेदन प्राप्त हुये हैं।

जिलाधिकारी द्वारा सभी आवेदन का एक सप्ताह में सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया। कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना में अभी तक केवल 141 आवेदन प्राप्त हुये हैं। जिलाधिकारी द्वारा उक्त योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये गये। सभी दिव्यांगजन की यू0डी0आई0डी0 निर्गत कराने के लिये जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तिरंगा सद्भावना किसान ट्रैक्टर यात्रा की भाकियू प्रदेश अध्यक्ष ने की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



प्रदेश अध्यक्ष के साथ भाकियू नेता समृद्धि न्यूज

**जनपद में** 9 अगस्त को निकाली गयी तिरंगा सद्भावना ट्रैक्टर यात्रा की समीक्षा करने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा जनपद में आये। जहां उनका कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जिला कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष ने यात्रा की समीक्षा की। उन्होने कहा की तिरंगा यात्रा निकालना प्रजातंत्र में हमारा अधिकार है। इसको कोई नहीं रोक सकता और प्रशासन द्वारा जहां-जहां यात्रा में आए ट्रैक्टर रोके गए हैं ये हरकत बहुत ही कायराना हरकत है। इस अवसर पर कानपुर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा की हमने पूरी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंप दी है। आगे क्या होगा इसका निर्णय प्रदेश अध्यक्ष करेंगे। इस अवसर पर विधिक सलाहकार एवम जिला प्रवक्ता अजय कटियार ने कहा की तिरंगा यात्रा को रोकना बहुत ही गलत है। क्या किसानों को तिरंगा यात्रा निकालने का अधिकार नहीं है। हमने यात्रा को लेकर जो भी सूचना थी वह प्रशासन को दे दी थी। उसके बाबजूद भी यात्रा को रोका गया जो की नितांत गलत किया गया। आगे अजय कटियार ने कहा की इस समीक्षा बैठक का जो भी निर्णय हो वह प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 17 अगस्त को अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, जिला सलाहकार समिति के अध्यक्ष विजय शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी अभय यादव, जिला सचिव कृष्ण गोपाल मिश्रा, जिला सचिव पुजारी कटियार, अजय मारवाड़ी, अनिल वर्मा, डॉ0 रविन्द्र वर्मा, पवन मारवाड़ी सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

# पूर्व थल सेना अध्यक्ष ने किला घाट पर फहराया तिरंगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



ध्वजारोहण करते पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वी.के.सिंह समृद्धि न्यूज

**78वें स्वतंत्रता** दिवस के अवसर पर राजपूत रेजीमेंट सेंटर किला घाट फतेहगढ़ पर पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वी.के. सिंह व नवीन जिन्दल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान देश भक्ति की बज रही धुन ने लोगों का मन मोह लिया। फतेहगढ़ के किला घाट का राजपूत रेजिमेंट सेंटर ने नवीनीकरण कराया है। हरियाणा से राज्यसभा सदस्य नवीन जिंदल की संस्था फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने 108 फिट लंबा तिरंगा झंडा लगवाने का काम किया। मंगलवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा से राज्य सभा सदस्य नवीन जिंदल और उनके साथ पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वीके सिंह हेलीकॉप्टर से कैंट पहुंचे। किला घाट पर पहुंचने पर उनका सैन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। जिसके बाद राज्य सभा सदस्य नवीन जिंदल व पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वी.के.सिंह ने ध्वजारोहण किया। मंच से संबोधित करते हुए नवीन जिन्दल कहा कि राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के ऐतिहासिक किले और किला घाट के इतिहास का जिक्र किया तथा फ्लैग फाउंडेशन आफ इंडिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि अमेरिका में 1990 में पढ़ाई के दौरान हर घर पर अमेरिकी ध्वज लगा देखा। उनकी भी इच्छा हुई कि वह अपने कार्यालय में तिरंगा झंडा लगाएं। जब पढ़ाई पूरी हुई तो वह अपने व्यापार को संभालने के लिए भारत आ गए, लेकिन तब भारत में चुनिंदा दोनों पर ही तिरंगा झंडा फहराया जाता था। इसको लेकर उन्होंने एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। जिसको उन्होंने जीत और फिर तिरंगा झंडा फहराने को लेकर नए नियम बने। स्थानों पर तिरंगा झंडा लगे होने से देशभक्ति की भावना प्रबल होती है। इसलिए उनकी संस्था अभी तक देश भर में सैकड़ों बड़े तिरंगे झंडे लगवा चुकी है। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया हमारे देश के लोगों को राष्ट्रीय ध्वज से प्रेरणा लेने और राष्ट्र की भलाई के लिए काम करने के लिए प्रेरित करने वाली विभिन्न परियोजनाएं चला रही है। फतेहगढ़ में ऐसा भव्य आयोजन राजपूत रेजिमेंट सेंटर के कार्यरत सैनिकों की पहल से सम्भव हो पाया। पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल बीके सिंह ने कहा कि फतेहगढ़ कैण्ट उनका घर है। उनके पिता यहां पर तैनात रहे थे। वह 1956 में पहली बार यहां आए थे तब वह काफी छोटे थे। यहां आने पर ऐसा लगता है कि वह पुराने घर और परिवार में वापस आ गए हैं। किला घाट पर के सुंदरीकरण का कार्य अब संभव हो पाया इसके लिए राजपूत रेजीमेंट सेंटर को धन्यवाद देते है। इस मौके पर राजपूत रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर हरमिंदर सिंह संधू ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथिगण, सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, स्कूली बच्चों एवं सभी गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया।

## स्कूली बच्चों के देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों ने बांधा समां

**फर्रुखाबाद।** सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल रोजी पब्लिक स्कूल सहित कई विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों की प्रस्तुति। छोटे-छोटे बच्चों ने सैनिकों का स्वरूप रखकर बेहद ही मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मौजूद लोग बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति को देखकर भाव विभोर दिखे। वहीं रोजी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। राजपूत रेजिमेंट सेंटर के बैंड ने बैंड डिसप्ले कर देश भक्ति का समां बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान कई मिनट तक लोग तालियां बजाते रहे। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ सह संयोजक वीरेंद्र सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्र गीतों की धुन पर नगर में निकाली गई तिरंगा बाइक रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्वतंत्रता दिवस** के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित बाइक रैली में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता के साथ भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा निकाली। राष्ट्र गीतों की धुन पर निकल रही तिरंगा यात्रा में वंदे मातरम, जयश्री राम, भारत माता की जय के नारे गूंजे। टाउन हॉल से शुरू हुई यात्रा स्वराज कुटीर पर समाप्त हुई।



तिरंगा बाइक रैली पर पुष्प वर्षा करते संजय गर्ग — समृद्धि न्यूज

स्वराज कुटीर में सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 15 अगस्त 2024 को भारत की आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होंगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न के बाद स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम भव्य और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा आजादी के इस उत्सव में सभी कार्यकर्ताओं को यह संकल्प लेना है कि भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा पूरे जनपद में संगठन के द्वारा सभी मंडलों में हर घर तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर श्यामनगर में भारत विभाजन विभीषिका संगोष्ठी का आयोजन होगा। नेहरु रोड पर समाजसेवी व्यापारी संजय गर्ग ने तिरंगा बाइक रैली पर पुष्प वर्षा की स्वागत किया। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, विकास पांडे, राजकुमार वर्मा, रामवीर सिंह चौहान, मयंक सिंह बुंदेला, सुजाता सिंह, अभिषेक बाथम, धर्मेंद्र राजपूत, पियूष त्रिपाठी, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसील बार एसो. की बैठक में मतदाता सूची के लिए उमाशंकर कटियार नामित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बार एसोसिएशन** तहसील सदर के सभागार में आमसभा की बैठक सम्पन्न हुई। तहसील सदर में कार्यरत समस्त अधिवक्तागण मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता अतर सिंह कटियार ने की। अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। बैठक में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार मतदाता सूची तैयार किये जाने का आदेश पारित किया गया था। जिस पर आमसभा द्वारा सर्वसम्मति से मतदाता सूची तैयार करने के लिए निर्णय लिया गया। मतदाता सूची तैयार करने के लिए उमाशंकर कटियार को नामित किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया उमाशंकर कटियार के पास समस्त अधिवक्ता सीओपी प्रमाण पत्र प्राप्त करके वन बार, वन वोट के नियम का पालन करते हुए सूची तैयार 17 अगस्त कराये। मतदाता सूची तैयार करके अध्यक्ष व सचिव बार एसोसिएशन तहसील के पास प्रेषित करें। जिससे चुनाव प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सकें। सूची की एक प्रति बार काउंसिल को भी भेजी जायेगी।



बैठक में मौजूद तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ता

# पीडीए के तहत नौजवानों को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष सशक्त पीडीए के शिल्पकार अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की स्वीकृति से एवं समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 इमरान के नेतृत्व में जनपद की विधानसभा कायमगंज के सेक्टर मई रशीदपुर, जिराउ और सितवनपुर पिथु के कई गांवों में जाकर छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान के तहत छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव व प्रभारी सुमित कन्हैया के द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 नवल किशोर शाक्य मुख्य अथिति के रुप में मौजूद रहे। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव व उनकी टीम नगर एवं विधानसभा कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदेश सचिव मंदीप यादव ने पीडीए के तहत लोगों को जागरुक किया। इस मौके पर रोहित पाल, नितेश कुमार, मनोज राजपूत, अजय शाक्य, सुनील कुमार, विनोद यादव, अजीत यादव, अवनीश शाक्य, आकाश यादव, फाजिल, अनिरुद्ध, नागेन्द्र, आकाश कुमार, राजीव कुमार अंबेडकर, राजकुमार प्रजपति, रविन्द्र प्रजापति, निशु चौहान, शैलेन्द्र चौहान, डॉ0 जसवीर सिंह, फूल सिंह जाटव, चंद्रपाल सिंह जाटव, गेंदनलाल प्रजापति, डॉ0 हरिओम पाल, सुलतान सिंह यादव, भूरे सक्सैना, अतर सिंह यादव, संदीप सकसेना, गिरिश सक्सेना, रिंकू सक्सेना आदि उपस्थित रहे।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते राष्ट्रीय सचिव सुमित — समृद्धि न्यूज

# जिला स्तरीय क्रीड़ा समिति की बैठक एमआईसी में सम्पन्न

▸ नये कोषाध्यक्ष विनीत चौहान व सचिव अतुल दास बने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला विद्यालय** निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रीड़ा समिति की बैठक एमआईसी में सम्पन्न हुई। नवीन कोषाध्यक्ष का चयन किया गया। इस नवीन सत्र हेतु क्षेत्रीय तथा जनपदीय रैली के आयोजन कराए जाने हेतु विद्यालयों का चयन हुआ। मंगलवार करे एमआईसी में विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर द्वारा बैठक का आयोजन कराया गया। अध्यक्षता डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रधानाचार्य गिरिजाशंकर ने सभी का स्वागत करते हुए बैठक का एजेंडा पेश किया। नवीन कोषाध्यक्ष तथा जिला सचिव का निर्वाचन किया गया। नवीन जिला क्रीड़ा कोषाध्यक्ष जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ प्रधानाचार्य डॉ0 विनीत सिंह चौहान तथा जिला क्रीड़ा सचिव क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के व्यायाम शिक्षक अतुल दास को नियुक्त किया गया। जिला संयुक्त मंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह ने क्षेत्रीय क्रीड़ा रैली में होने वाले व्यय को 35 हजार से 50 हजार रुपये कराने का तथा रैली 2 दिवस के स्थान पर तीन दिवस में सम्पन्न कराए जाने का प्रस्ताव रखा। जिसको जिला विद्यालय द्वारा संस्तुति प्रदान की। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट की गिरिजाशंकर को जनपदी क्रीड़ा रैली का दायित्व सौंपा गया है। जिसके सह संयोजक प्रधानाचार्य कैप्टन बलविंदर सिंह तथा रखा बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह रहेंगी। बैठक में प्रधानाचार्य डॉ0 संदीप चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य अनिल सिंह, प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्य डॉ0 बृजभूषण सिंह, प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश वर्मा, देवेंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह, रजनीश शिवा, सुनील पाल, केशव गंगवार, अनुराग पटेल, सुब्रत शाक्य आदि उपस्थित रहे।




बैठक को सम्बोधित करते प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी — समृद्धि न्यूज

# वीरांगना महारानी अवंतीवाई का 193वां जन्मोत्सव व सम्मान समारोह 17 अगस्त को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अमर शहीद** वीरांगना महारानी अवंतीवाई का 193वां जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह 17 अगस्त को नवभारत सभा भवन में होगा। अनन्त होटल के सभागार में पत्रकार वार्ता में संयोजक परषोत्तम वर्मा व सहसंयोजक ईश्वर दयाल राजपूत ने बताया कि नवभारत सभा भवन में 17 अगस्त को मुख्य अतिथि वीएल वर्मा सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री एवम् विशिष्ट अतिथि सच्चिदानंद हरि साक्षी एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजवीर सिंह राजू भैया, सांसद मुकेश राजपूत के अलावा अनुपम राहुल राजपूत नगर पंचायत अध्यक्ष संकिसा, अनिल कुमार राजपूत पंचायत अध्यक्ष नवाबगंज, शकुंतला देवी राजपूत ब्लाक प्रमुख कमालगंज, सुषमा राजपूत ब्लाक प्रमुख शमशाबाद कार्यक्रम में आएंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में समाज के 10 अतिविशिष्ट बुजुर्ग नागरिक को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा हाईस्कूल, इंटरमिडियट के 85 प्रतिशत अंक पाने वाले समाज के मेधावियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर कौशलेंद्र राजपूत, राहुल राजपूत, जौली राजपूत, ओमप्रकाश राजपूत, लज्जाराम राजपूत, ज्ञानेंद्र राजपूत, डा0 दुर्गेश राजपूत, कमलेश राजपूत, नरेंद्र राजपूत, कमलनाथ राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।



वार्ता में जानकारी देते ईश्वर दयाल राजपूत

# डीएन कालेज में दीक्षारंभ कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय फतेहगढ़ में इग्नू के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थी दीक्षारम्भ जागरुकता एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारम्भ प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग व मुख्य अतिथि इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा0 अनिल कुमार मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया। विनय कुमार बाथम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत सेमेस्टर सिस्टम परीक्षा प्रणाली विषय चयन, बैक पेपर आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी और विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर एवं इग्नू अध्ययन केंद्र के कोआर्डिनेटर डा0 वीके तिवारी ने महाविद्यालय के इतिहास व इग्नू द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दो डिग्री कोर्स एक साथ किये जा सकते है। इग्नू केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुए छात्र-छात्राओं को जानकारी दी और कहा कि अपने घर में तिरंगा जरुर फहराये। साथ ही इग्नू के 327 से अधिक कार्यक्रमों के लिए 2024 सत्र की प्रवेश परीक्षा चल रही है। ऑनलाइन फार्म की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। 13 नये कार्यक्रम शुरु किये गये है। जिसमें भगवत गीता अध्ययन, उपाधि, कन्स्ट्रक्शन प्रबंधन, लाजिस्टिक एवं सप्लाई चेन प्रबंधन, कृषि व्यवस्थाये प्रबंधन, हेल्थ केयर एवं हॉस्पिटल प्रबंधन में एमबीए आदि है। संचालन डा0 शिवनाथ गुप्ता ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जानकारी दी और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा0 रामनरेश यादव, डा0 पंचम कुमार, डा0 मोहम्मद अमीन, डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी, डा0 अशोक कुमार, प्रियांशु सिन्हा, सरस पाठक, अनामिका मिश्रा, आशुतोष पाण्डेय, रणवीर सिंह, आदित्य कुमार, देवेन्द्र कुमार शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग

## सिखलाई रेजिमेंट सेण्टर के कमांडेन्ट ने किया आर्मी पब्लिक स्कूल का दौरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ के नये चेयरमैन सिखलाई रेजिमेंट सेण्टर के कमांडेन्ट ब्रिगेडियर मनीष जैन ने सोमवार को आर्मी पब्लिक स्कूल का दौरा किया। ब्रिगेडियर मनीष जैन ने विद्यालय पहुंचकर मां सरस्वती की मूर्ति का माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने सभी प्रयोगशालाओं तथा स्मार्ट कक्षाओं का निरीक्षण कर उचित दिशा निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों की बैठक में कहा कि शिक्षण एक वृत्ति नहीं बल्कि एक पुनीत कार्य है। आप सभी को पूर्ण मनोयोग से सैनिकों के बच्चों को शिक्षित कर उनके लक्ष्य की प्राप्ति में अपना योगदान देना है तथा आर्मी पब्लिक स्कूल को भारत में एक नम्बर पर स्थापित करना है। इस अवसर पर ब्रिगेडियर मनीष जैन ने पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक शाखा का भी निरीक्षण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने उनका स्वागत किया तथा स्कूल की कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## अमर ज्योति एसो0 आज सौंपेगा डीएम को ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अमर ज्योति** एसोसिएशन 14 अगस्त बुधवार को सुबह बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। यह जानकारी संस्था के महासचिव प्रमोद कुमार तिवारी ने दी है।

# मनुष्य का अंतिम लक्ष्य परमात्मा को पाना ही है: ज्ञानेश महाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**श्री पांडेश्वर** नाथ शिवालय में चल रही सप्त दिवसीय श्री शिव महापुराण की कथा में वृंदावन से पधारे कथा व्यास ज्ञानेश महाराज ने तृतीय दिवस की कथा में भगवान विष्णु जी, ब्रह्मा जी की उत्पत्ति की कथा व रुद्र अवतार की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा हम किसी का भजन करें, चाहे राम को, चाहे कृष्ण को, चाहे शिव को भजे, परंतु हमारे हृदय में हमारे चित्त में जो समा जाता है। वही अपने परम भक्त को अपना मानकर अपने साथ अपने धाम को ले जाता है। परंतु हमारा अंतिम क्षण ही हमारे अगले जन्म की गति को तय करता है। अपना अंतिम लक्ष्य परमात्मा को पाना ही है, वह हमें सदैव याद ध्यान रखना चाहिए। अगर हमारे चित्त में निरंतर भोलेनाथ समाहित हैं तो निश्चित मानिए एक न एक दिन भगवान शिव आपकी मनोकामना को अवश्य पूर्ण करेंगे। परंतु इसके लिए परमात्मा को कुछ देना भी पड़ता और परमात्मा हमारे साधनों से प्रसन्न नहीं होते परमात्मा हमारी कीमती भेंट से प्रसन्न नहीं होते। हमें परमात्मा को अपनी मन में बैठे अहंकार की भेंट चढ़ाने होगी, तभी कुछ प्राप्त किया जा सकता है। हमारे कई कई जन्मों का ज्ञान का अंधकार अगर हमें मिटाना है तो हमें बस एक ज्ञान का दीपक अपने हृदय में, मन में जलाना होगा। कथा के प्रसंग में मां सती के द्वारा भगवान राम की परीक्षा लेना सती का दक्ष यज्ञ में भस्म होने की कथा सुनाई। मां सती ही ने पार्वती जी के रूप में हिमालय राज के यहां प्रकट हुई हैं यह कथा भी सुनाई। कथा के बीच में मधुर संगीत व भजनों में भक्तगणों ने खूब आनंद लिया। कथा में आज के यजमान प्रमोद झा एवं रंजना झा रहे। कथा में धीरेन्द्र वर्मा, गोविंद अवस्थी, वीरेन्द्र मिश्रा, रमाकांत तिवारी, सोहन लाल दिवाकर, विश्राम सिंह राजपूत, संजीव कुमार, मंजू शर्मा उपस्थित रहे।



कथा सुनाते ज्ञानेश महाराज व मौजूद श्रोतागण — समृद्धि न्यूज

# जागृति मंच के जिलाध्यक्ष ने टीम के साथ पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना जहानगंज** के अनर्गत ग्राम बंथल शाहपुर में समाज के दो युवा गुलाब सिंह लोधी और अजीत सिंह लोधी पुत्र छबिनाथ सिंह लोधी की बीते लगभग 55 दिन पूर्व निर्मम हत्या हुई थी। जिसमें पुलिस ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। जिसकी जानकारी पीड़ित परिवार ने लोधी जागृति मंच को दी। जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत अपनी टीम के साथ पीड़ित परिवार से मिले। मृतक के पिता छविनाथ सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को सुबह जब उनके लड़के मक्का खेत पर गए तो उन्होंने देखा की जदीद और कदीद के पुत्र उनके खेत में जानवरो से उनकी फसल चरा रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों उनके साथ मारपीट की। जान से मरने की धमकी दी। इसके बाद मेरे दोनों पुत्र घर आ गए और जब पुनः शाम को चार बजे मक्का की फसल काटने गए, लेकिन जब वह शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजन दोनों को ढूढने गये तो कुए में दोनों के शव मिले। शरीर पर काफी चोंटों के निशान थे। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। अभियुक्त गांव में घूम रहे एवं समझौता न करने पर जान से मरने की धमकी दे रहे। पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने से अपराधियों के हौसले बुलंद है और समाज और क्षेत्र में भय व्याप्त है। लोधी जागृति मंच ने हर संभव सहायता करने का भरोसा दिया। इस अवसर मनोज राजपूत, जदुनाथ वर्मा, तोताराम राजपूत, शेर सिंह राजपूत, शिवदेव राजपूत, दीपेद्र राजपूत, राहुल राजपूत, हरेंद्र प्रताप, आशाराम, अनिल राजपूत मौजूद रहे।



# आर्मी पब्लिक स्कूल में समूह नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**स्वतंत्रता** दिवस की 78वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में देशभक्ति के गीतों पर समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अशोका, पटेल, रामानुजन और सुभाष सदन के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त सदन को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय में संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में 12 अगस्त से लेकर 20 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संस्कृत श्लोक पाठ, कहानी वाचन तथा निबन्ध लेखन आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृत प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त बच्चों को संस्कृत सप्ताह के समापन पर पुरस्कृत किया जाएगा।



समूह नृत्य प्रस्तुत करती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# हरियाली तीज महोत्सव में महिलाओं ने सुंदर गीतों पर दी प्रस्तुति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारत विकास** परिषद पांचाल शाखा पांचाल प्रांत का हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम अग्रवाल धर्मशाला नम्बर एक में बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन वत्सला अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि पारुल मेहरोत्रा, रमेश मेहरोत्रा पूर्व पांचाल प्रांत संरक्षक कन्नौज ने भारत माता, विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। राष्ट्रीय गीत के बाद सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। आभा गुप्ता, शिवांगी अग्रवाल, मोहिनी वर्मा के संयोजन एवं सहसंचालन में कपल गेम, वन मिनट गेम एवं बच्चों में अन्वी गुप्ता, काशवी सिंह, अविका सिंह, हिताशी वर्मा, शिवानी तिवारी हरियाली तीज, धार्मिक एवं देश भक्ति गीतों पर नृत्य कर तालियां बटोरी दिव्यांशी अग्रवाल, मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। साथ ही अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन सचिन सिंह ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन, सचिव देवेन्द्र नारायण श्रीवास्तव, अनुपम पुरवार, कन्हैया शुक्ला, सुरेश चंद्र गुप्ता, अतुल रस्तोगी, आलोक गुप्ता, नारायण प्रसाद अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, नमन अग्रवाल, पंकज गुप्ता, योगेश वर्मा, दुष्यंत श्रीवास्तव, पंकज सक्सेना, मुकेश सक्सेना, शिवम गुप्ता, संजीव बाथम, मुकेश गुप्ता, कमल यादव, सर्वेश गुप्ता, कन्हैया लाल अग्रवाल, संदीप उपाध्याय, बृजेश सिंह, बृजेश कुमार सक्सेना, आयुष गुप्ता, देवेन्द्र सारस्वत, सरदार जगदीप सिंह, श्याम प्रकाश श्रीवास्तव, रोमी श्रीवास्तव, रत्नेश पाल, रुचि अग्रवाल, नीलाम सक्सेना, अनीता सक्सेना, कमलेश श्रीवास्तव, अनीता सक्सेना, मुक्ता रस्तोगी, मोहिनी वर्मा, आभा गुप्ता, शिवांगी अग्रवाल, रीना गुप्ता, रीना यादव, प्रियंका गुप्ता, मीनू जैन, नैन्सी वर्मा, मधु श्रीवास्तव, शोभा अग्रवाल, आरती गुप्ता, अंशिका गुप्ता, प्रिया सारस्वत आदि उपस्थित रहे।



वत्सला अग्रवाल को सम्मानित करती महिलायें — समृद्धि न्यूज

# विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है हर घर तिरंगा अभियान

**▸ उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भारत मंडपम से तिरंगा बाइक रैली को दी झंडी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि हर घर तिरंगा अभियान स्वतंत्रता, गौरव और विकसित भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह संकेत देता है कि यह शताब्दी भारत की शताब्दी है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भारत मंडपम से तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आज़ादी के अमृत महोत्व का हिस्सा है। 2021 में शुरू किया



गया यह अभियान अब जन आंदोलन बन गया है। तब से लगातार करोड़ों लोग अपने घर के ऊपर तिरंगा फैराते हैं और आने वाले 15 अगस्त को एक निया रिकॉर्ड बनेगा। धनखड़ ने कहा कि तिरंगा हमें किसी भी परिस्थिति में देश हित से ऊपर कोई हित नहीं हो सकता की सीख देता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश हित को राजनीतिक हित से ऊपर नहीं रख रहे हैं। मैं देश के हर नागरिक का आह्वान करूंगा कि जहां देश हित है, वहां राजनीतिक हित को पीछे रखना होगा। देश हित के मामले में सभी को एकमत होना अनिवार्य है, क्योंकि यही हमारी प्रेरणा का स्त्रोत है। धनखड़ ने कहा कि हम अब संभावनाओं वाला राष्ट्र नहीं रह गए हैं। हम आज एक ऐसा राष्ट्र हैं जो पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। हमारा उत्थान अजेय है। हमारा उत्थान हमें 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बना देगा, जब हम अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत के विकास की त्वरित गति को कुछ लोग पचा नहीं पा रहे हैं। वो अवरोध पैदा करना चाहते हैं। वो सोच रहे हैं कि अगर भारत इस गति से बढ़ता रहा तो विश्वगुरु निश्चित ही बनेगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, किरेन रिजिजू और मनसुख मांडविया भी मंच पर मौजूद थे। बाइक रैली भारत मंडपम से शुरू होकर कर्तव्य पथ से गुजरते हुए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में समाप्त हुई। हर घर तिरंगा अभियान का तीसरा संस्करण 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 9 से 15 अगस्त तक मनाया जा रहा है।

## भागलपुर पुलिस लाइन में महिला सिपाही सहित पांच लोगों के शव मिले

**पटना।** भागलपुर के इशाकचक थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन में एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले। पुलिस लाइन के क्वार्टर से मंगलवार सुबह एक महिला सिपाही और उसके परिवार के चार सदस्यों के शव मिले। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है, जिसमें सिपाही पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाया गया है। डीआईजी विवेकानंद के मुताबिक, सभी मृतक बक्सर के रहने वाले थे।

शव के साथ ही एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसमें महिला सिपाही नीतू कुमारी के पति पंकज ने हत्या की बात को स्वीकार की है। पंकज ने लिखा है कि पत्नी ने मेरी मां तथा दोनों बच्चों की गला रेत कर हत्या कर दी। इसलिए उसने पत्नी को मारकर खुद को फांसी लगा ली। साथ ही उसने पत्नी के अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। डीआईजी ने बताया कि महिला सिपाही ने आरोपित पति से लव मैरेज की थी। मृतक महिला सिपाही नीतू कुमारी 2015 बैच की हैं।

# सेना के साथ दूसरे परीक्षण में भी खरी उतरी मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में दूसरा परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है।

डीआरडीओ ने इससे पहले 13 अप्रैल को आत्मनिर्भर भारत पहल और भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए मैन पोर्टेबल ट्राइपॉड से मिसाइल दागी और इसके निशाने पर एक नकली सक्रिय टैंक था।




मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाकर पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस दौरान मिशन के सभी उद्देश्य हासिल किए गए। इस मिसाइल का अधिकतम सीमा तक उड़ान का परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। मिसाइल को उन्नत एवियोनिक्स के साथ अत्याधुनिक लघु इन्फ्रारेड इमेजिंग तकनीक के साथ लैस किया गया है। दागो और भूल जाओ की तकनीक वाली इस पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल के इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल करने का रास्ता बना दिया है। मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) यह तीसरी पीढ़ी की एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) नाम से निकाली गई मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसका विकास भारतीय कंपनी वीईएम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में डीआरडीओ ने किया है। एटीजीएम कम वजन वाली लंबी बेलनाकार मिसाइल है, जिसके मध्य भाग के चारों ओर चार पंखों का समूह होता है। इसे उच्च-विस्फोटक एंटी-टैंक वारहेड के साथ लगाया गया है। इस मिसाइल की लंबाई लगभग 1,300 मिमी. है और वजन कम रखने के लिए एल्यूमीनियम और कार्बन फाइबर लॉन्च ट्यूब के साथ लगभग 120 मिमी का व्यास रखा गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव, बालकृष्ण के खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनके अपने उत्पादों के विज्ञापन के मामले में दिए गए अपने शपथ के उल्लंघन के लिए माफी मांगने के तथ्य के मद्देनजर यह फैसला किया। पीठ ने कहा कि दोनों अवमाननाकर्ताओं ने अपने कृत्यों के लिए अपनी माफी प्रकाशित की। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा 2022 में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें पतंजलि और रामदेव द्वारा कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के



खिलाफ अभियान चलाकर बदनाम करने का आरोप लगाया गया था। शीर्ष अदालत ने 27 फरवरी को बाबा रामदेव और बालकृष्ण को कारण बताओ नोटिस जारी किया और विभिन्न बीमारियों के इलाज का दावा करने वाले पतंजलि के भ्रामक और झूठे विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए केंद्र की आलोचना की थी और बाबा रामदेव द्वारा संचालित कंपनी को अब से ऐसी घोषणाएं करने से रोक दिया था। कंपनी और उसके प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को कारण बताओ अवमानना नोटिस जारी करते हुए अदालत ने कहा था कि पूरे देश को गुमराह किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने 19 मार्च को रामदेव और बालकृष्ण को उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही में कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल करने में विफल रहने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने 02 अप्रैल को उनकी माफी को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह सरल और दिखावटी है तथा उन्होंने पूर्ण अवज्ञा और आक्रामकता दिखाई है। शीर्ष अदालत ने विभिन्न बीमारियों के इलाज का दावा करने वाले भ्रामक विज्ञापनों के संबंध में वचनबद्धता की जानबूझकर अवज्ञा के लिए 10 अप्रैल को उनके द्वारा प्रस्तुत माफी को एक बार फिर से स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

## पाकिस्तान में पंजगुर के डिप्टी कमिश्नर की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सोमवार को पंजगुर के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) जाकिर बलूच की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस घटना को बर्बर और शर्मनाक कहा है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मस्तुंग जिले के खड़-कुचा इलाके के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात हथियारबंद लोगों ने उनकी कार को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की। डिप्टी कमिश्नर बलूच, पंजगुर नगर समिति के अध्यक्ष अब्दुल मलिक बलूच और उनके दोस्त अहमद जान के साथ एक वाहन में पंजगुर से क्वेटा जा रहे थे। सशस्त्र हमलावरों ने कांड उमरानी इलाके के पास उन पर गोलियां चला दीं और भागने में सफल रहे। इस घटना में डीसी जाकिर बलूच और उनके दोस्त गोली लगने से घायल हो गए। सूचना मिलते ही अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया।

# आज से शुरू होगी एसएसएलवी-डी-3 प्रक्षेपण की उल्टी गिनती

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा।** आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होने वाले एसएसएलवी-डी3 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती बुधवार को शुरू होगी।

इसरो के सूत्रों ने बताया कि प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती कल यानी बुधवार को से शुरू होगी। कुल 175.5 किलोग्राम वजनी इस पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-08) का प्रक्षेपण लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके किया जाएगा। यह एसएसएलवी-डी3 तीसर और अंतिम विकासात्मक प्रक्षेपण है और इस चरण में यह माइक्रोसैटेलाइट को लेकर स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 09.17 बजे शार रेंज से उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा, इस मिशन ने एसएसएलवी विकास परियोजना को पूरा किया है और भारतीय उद्योग तथा एनएसआईएल द्वारा परिचालन मिशनों को सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि ईओएस-08 इसरो का नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। ईओएस-08 मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में माइक्रोसैटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना, माइक्रोसैटेलाइट बस के साथ संगत पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के परिचालन उपग्रहों के लिए आवश्यक नई तकनीकों को शामिल करना आदि हैं। प्रक्षेपण के तुरंत बाद अंतरिक्ष यान मिशन विन्यास 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में संचालित होगा। एसएसएलवी तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है, जिसे तीन ठोस प्रणोदन चरणों और एक टर्मिनल चरण के रूप में तरल प्रणोदन आधारित वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल (वीटीएम) के साथ निर्मित किया गया है।

# मधेश राज्य की गठबंधन सरकार के सभी आठ राज्यमंत्री पद से हटाए गए

एजेंसी

**▸ राज्यमंत्रियों को हटाने के निर्णय का मुख्यमंत्री की पार्टी ने स्वागत किया**

**काठमांडू।** नेपाल के मधेश राज्य की गठबंधन सरकार के जम्बो मंत्रिमंडल को लेकर विपक्षी दलों के निशाने पर आये मुख्यमंत्री सतीश सिंह ने अपने आठ राज्यमंत्रियों को पद से हटा दिया है। घटक दलों के दबाव में ही सिंह ने जम्बो मंत्रिमंडल बनाया था। मधेश राज्य के मुख्यमंत्री सिंह की सिफारिश पर राज्यपाल की तरफ से आठ राज्यमंत्रियों को पदमुक्त किए जाने की अधिसूचना प्रकाशित की गई है। हटाए गए सभी आठ राज्यमंत्रियों को पिछले हफ्ते ही मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था।

राज्यमंत्रियों को हटाने के निर्णय का मुख्यमंत्री सिंह की जनमत पार्टी ने स्वागत किया है। दरअसल प्रदेश में अब तक के सबसे बड़े मंत्रिमंडल के गठन के बाद मुख्यमंत्री सिंह की काफी आलोचना हो रही थी। इस निर्णय पर खुद उनकी पार्टी भी खुश नहीं थी। मुख्यमंत्री सिंह का दावा है कि उन्होंने अकेले यह निर्णय नहीं किया था। प्रदेश में गठबंधन सरकार है। गठबंधन के घटक दलों के दबाव में मुख्यमंत्री को जम्बो मंत्रिमंडल गठित करना पड़ा। राज्यमंत्री को हटाने के निर्णय पर उनकी जनमत पार्टी ने प्रसन्नता जाहिर की है लेकिन गठबंधन के बाकी घटक दलों की अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आयी है।

सत्ता को समर्थन दे रहे दल नेपाली कांग्रेस और नेकपा (एमाले) के नेता इस बारे में प्रतिक्रिया देने से बच रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इस हालात पर वो बैठक के बाद कोई फैसला करेंगे। आज हटाए जाने वाले राज्यमंत्रियों में जनमत के दो, नेपाली कांग्रेस के दो, नेकपा (एमाले) के दो, लोसपा के एक, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के एक नेता शामिल हैं। मंत्रिमंडल की संख्या 20 पहुंचने पर आम जनता ने सोशल मीडिया पर काफी आलोचना की थी। लोगों की नाराजगी देखते हुए जनमत पार्टी ने अपने मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण मांगा था जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

## भोपाल के बड़े तालाब में लगाया जाएगा देश का सबसे बड़ा तिरंगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल के बड़े तालाब में देश का सबसे बड़ा तिरंगा लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आजादी के पर्व पर उत्साह, उमंग और जोश के साथ हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को भोपाल के बड़ा तालाब स्थित बोट क्लब पर आयोजित तिरंगा यात्रा के अवसर पर मीडियाकर्मियों से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने बोट क्लब पर मध्य प्रदेश टूरिज्म के नवीनीकृत फूड कॉर्नर लहर फास्ट का फीता काटकर तथा पूजन कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में सांसद वी.डी. शर्मा, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, सहित जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। देशभक्ति की धुनों के बीच तिरंगे के साथ बड़े तालाब में नावों से बनाई विशेष फॉर्मेशन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूरे जोश के साथ देशभक्ति गीत यह देश है वीर जवानों का गाया और बड़े तालाब में नावों पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

# ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक का मुनाफा बढ़कर 24 करोड़ रुपए पर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड (ओजीएल) ने चालू वित्?त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 जून, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा 32.69 फीसदी बढ़कर 23.99 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 18.08 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी की ओर से मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक 30 जून 2024 को समाप्त पहली तिमाही में ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड का परिचालन से प्राप्त राजस्व उछलकर 313.93 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्?त वर्ष की समान तिमाही के 216.02 करोड़ रुपये की तुलना में 45.33 फीसदी ज्?यादा है। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में कर-पूर्व लाभ 31.85 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के 25.25 करोड़ रुपये से 26.09 फीसदी अधिक है। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक के मुताबिक 30 जून, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में कुल व्यय 51.78 फीसदी बढ़कर 288.70 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान उपभोग की गई सामग्री की लागत 224.10 करोड़ रुपये (46.14 फीसदी सालाना वृद्धि) और कर्मचारी लाभ व्यय 18.42 करोड़ रुपये (23.54 फीसदी सालाना वृद्धि) रहा। कंपनी के मुताबिक ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई पहली तिमाही में 50.5 करोड़ रुपये पर हुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 22 फीसदी की वृद्धि है। ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) के. वी. प्रदीप ने बताया कि कंपनी ने अब तक कुल 1,902 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी की है, जिसमें चालू वित्त वर्ष 24-25 में 156 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी शामिल है।

## चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर आईएमए ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कोलकाता में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने चिंता जाहिर करते हुए सरकार से अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग को लेकर मंगलवार को आईएमए के अध्यक्ष समेत एक प्रतिनिधिमंडल केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात करेंगे। आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन ने आज मीडिया को बताया कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए संगठन ने कई मांगें रखी हैं जिसमें सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रमुख हैं। केंद्र सरकार से हमारी मांगें पिछले दो दशकों से लंबित हैं। केंद्र सरकार अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाना चाहिए। इसे कानून द्वारा परिभाषित किया जाना चाहिए और स्थानीय अधिकारियों द्वारा लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए कानून लाना चाहिए। हमारे पास 25 राज्यों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ हिंसा पर राज्य कानून हैं, यह व्यावहारिक नहीं है क्योंकि कोई केंद्रीय कानून अस्तित्व में नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### जुगल किशोर ज्वैलर्स को मिला रिटेल ज्वैलर इंडिया अवाड्र्स

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स को रिटेल ज्वैलर इंडिया अवाड्र्स 2024 में पोल्की ईयररिंग ऑफ द ईयर का सम्मान प्राप्त हुआ है। यह सम्मान उनकी बेहतरीन कारीगरी और भारतीय विवाह की परंपराओं के प्रति उनके गहरे सम्मान को दर्शाता है। पोलकी की कभी पुरानी न पड़ने वाली सुंदरता और भव्यता को बखूबी पेश करने वाली यह कलाकृति, भारतीय संस्कृति के सांस्कृतिक महत्व से जुड़े आभूषण बनाने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स की ज्वैलरी डिजाइनर तान्या रस्तोगी ने कहा, हम लाला जुगल किशोर समूह में अपनी पुरानी परंपराओं को नई सोच के संगम से ऐसे गहने बनाते हैं जिनमें हमारी गुणवत्ता के प्रति समर्पण झलकता है। यह सम्मान हमारी मेहनत और उत्कृष्टता की पुष्टि करता है और हम अपने ग्राहकों के विश्वास और प्रोत्साहन के लिए बहुत आभारी हैं। श्रीमती रस्तोगी ने बताया, हमारे दृष्टिकोण में नए विचारों को आजमाने और पुरानी परंपराओं को साथ लेकर चलने का सही तालमेल है। हम अपने ब्रांड की पुरानी विरासत को सम्मान देते हैं और साथ ही समय के साथ ग्राहकों की बदलती पसंद के हिसाब से नए डिजाइन और तकनीक का भी इस्तेमाल करते हैं। यह पुरस्कार न सिर्फ हमारी कुशल कारीगरी का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि हम सस्टेनेबल और नैतिक तरीकों से काम करने के प्रति कितने ईमानदार हैं। पोल्की ईयररिंग ऑफ द ईयर का सम्मान पाने वाली डिजाइन लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स की पारंपरिक ज्वैलरी के संरक्षण और इसे आधुनिक महिलाओं के लिए डिजाइन करने के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

### औरंगाबाद में कार नहर में पलटी, पांच लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सोन नहर में कार के पलट जाने से पांच लोगों की डूबकर मौत हो गई। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषि राज ने बताया कि कार पर सवार लोग रोहतास जिले के गुप्ताधाम में दर्शन-पूजन करने गए थे। वहां से लौटने के क्रम में मंगलवार की सुबह उनकी कार अनियंत्रित हो गई और बारून-दाउदनगर नहर रोड स्थित चमन बिगहा गांव के समीप नहर में जा गिरी। नहर में पानी अधिक होने के कारण कार में सवार सभी लोगों की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कार में सवार सभी मृतकों के शव को बाहर निकाला। श्री ऋषि राज ने बताया कि मृतकों की पहचान पटना जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र निवासी दीपक कुमार (38),कन्हाई राय(37) , रोहित कुमार (12), नारायण चौहान (30) और रवि कुमार (32) के रूप में की गयी है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी है।शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### डेढ़ करोड़ की ब्राउन शुगर जब्त, एक गिरफ्तार

**मालदा।** जिले के कालियाचक थाने की पुलिस ने करीब डेढ़ करोड़ रुपये के ब्राउन शुगर और तीन लाख रुपया नकद के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार शख्स का नाम तजामुल शेख (36) है। वह सुजापुर पंचायत के चामाग्राम इलाके का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना पर कालियाचक थाने की पुलिस ने मंगलवार सुबह चामाग्राम इलाके में स्थित तजामुल शेख के घर पर छापेमारी की। इस दौरान उसके घर से एक किलो 386 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ। जिसकी बाजार कीमत एक करोड़ 40 लाख रुपये है। इसके साथ ही तजामुल के बिस्तर के नीचे से दो लाख 78 हजार 250 रुपये नगद भी बरामद किये गये। जिसके बाद तजामुल शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि तजामुल लंबे समय से ब्राउन शुगर के कारोबार से जुड़ा था। इतनी भारी मात्रा में ब्राउन शुगर कहां से आई ? कालियाचक थाने की पुलिस इस बात की जांच कर रही है। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस का मामला दर्ज कालियाचक थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### अमेरिका में भूकंप से हिली धरती, लाखों लोग प्रभावित

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया में सोमवार दोपहर लगे भूकंप के झटकों से लाखों लोग प्रभावित हुए। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.4 तीव्रता आंकी गई। इस दौरान कहीं से भी कोई बड़ी क्षति की सूचना नहीं मिली। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप दोपहर 12-20 बजे आया। यह लॉस एंजिल्स शहर से लगभग पांच मील उत्तर-पूर्व में पासाडेना के ठीक बाहर केंद्रित था। भूकंप विज्ञानी सुसान हफ ने कहा, भूकंप के समय वह पासाडेना में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में थे। फ़यह स्पष्ट रूप से चौंकाने वाला झटका था। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, इसके दो बाद 2.1 तीव्रता का झटका आया।

### ह्यूंडई ने शुरु किया 'विद्या वाहिनी प्रोग्राम' का दूसरा चरण



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) की की सीएसआर इकाई ह्यूंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एच एम आई एफ) ने अपने 'विद्या वाहिनी प्रोग्राम' के दूसरे चरण की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य विज्ञान के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के दूरदराज ग्रामीण इलाकों के सरकारी स्कूलों के छात्रों के ज्ञान विस्तार करने में मदद करना है। भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्या वाहिनी एच एम आई एफ की एक पहल है, जिसमें दूरदराज क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलने वाली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर फोकस किया जाता है। कार्यक्रम की लॉन्चिंग के मौके पर एच एम आई एल के वर्टिकल हेड - कॉरपोरेट कम्युनिकेशन एंड सोशल पुनीत आनंद ने कहा, 'विद्या वाहिनी कार्यक्रम का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का निखार करना औरदूरदराज क्षेत्रों में नवाचार को प्रोत्साहित करना है, जहां अध्ययन सामग्री और वैज्ञानिक मॉडल्स तक पहुंच एक चुनौती है।

### एमेज़ॉन में सुप्रिया अपनी मिलिटरी विशेषज्ञता का कर रही उपयोग



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सेना में रहकर देश की सेवा करने के बाद, पूर्व सैनिक अलग-अलग करियर अपनाते हैं और सेना में सीखे गए अपने कौशल और अनुभव का उपयोग नए क्षेत्रों में करते हैं। एमेज़ॉन इंडिया में, इन पूर्व सैनिकों का स्वागत विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाता है, जो उन्हें सेना से कंपनी में आकर महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाने के लिए तैयार करते हैं। सुप्रिया का सेना से एमेज़ॉन तक का सफर बताता है कि इस बदलाव के जरिए वे कॉर्पोरेट दुनिया में कितना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने यह साबित किया है कि मिलिटरी का अनुभव कॉर्पोरेट माहौल में इनोवेशन और सफलता के लिए कितना अहम हो सकता है। सुप्रिया इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशंस में इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद भारतीय वायु सेना में भर्ती हुईं। वहीं, सेवा के दौरान उन्होंने एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया। अपने जीवन में कुछ बड़ा करने की उनकी महत्वाकांक्षा के साथ वे एयर फोर्स की टेक्निकल ब्रांच में शामिल हो गईं, जहां उन्होंने अनमैन्ड एरियल व्हीकल्स (यूएवी) और माईक्रोलाइट एयरक्राफ्ट्स में विशेषज्ञता हासिल की।

# ईशान लाल गेंद क्रिकेट से वापसी को तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ईशान किशन 15 अगस्त से तमिलनाडु में शुरू होने वाले आगामी बुची बाबू टूर्नामेंट में झारखंड की कप्तानी करेंगे। यह एक प्री-सीजन रेड-बॉल प्रतियोगिता है। किशन, जो झारखंड की मूल लंबी सूची का हिस्सा नहीं थे, बुधवार को चेन्नई में टीम के साथ जुड़ेंगे। इस कदम को विकेटकीपर-बल्लेबाज की प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पूर्ण वापसी की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, किशन ने भाग लेने का फैसला किया और जब उन्होंने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) को इस बारे में बताया तो उन्हें इसमें शामिल कर लिया गया।

किशन के 2024-25 सत्र के दौरान रणजी ट्रॉफी में वापसी की भी उम्मीद है, क्योंकि किशन ने राज्य चयनकर्ताओं को वापसी की इच्छा से अवगत कराया था। उनका आखिरी घरेलू प्रथम श्रेणी मैच दिसंबर 2022 में था। वह 2023-24 के घरेलू सत्र के अंत में रणजी ट्रॉफी से



दूर रहे और यह उनके लिए महंगा साबित हुआ, क्योंकि बीसीसीआई ने उन्हें घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता नहीं देने के लिए केंद्रीय अनुबंध सूची से हटा दिया। जेएससीए के एक पदाधिकारी ने कहा, ईशान के साथ, यह कभी भी क्षमता के बारे में नहीं था। यह केवल इस बारे में था कि क्या वह वापसी के लिए तैयार है। निर्णय उसके पास था। जब उसे शुरुआती सूची में शामिल नहीं किया गया था, तो यह केवल इसलिए था क्योंकि हमने उससे कोई संपर्क नहीं किया था। जिस क्षण उसने वापसी की इच्छा व्यक्त की, उसे शामिल कर लिया गया। किशन की लाल गेंद वाले क्रिकेट में वापसी ऐसे समय में हुई है जब भारत अगले पांच महीनों में 10 मैचों वाले एक लंबे टेस्ट सत्र में प्रवेश कर रहा है, लेकिन उनकी वापसी आसान नहीं होगी। किशन ने पिछले साल भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, जब ऋषभ पंत दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना के दौरान लगी चोटों से उबर रहे थे। जुलाई 2023 में उस कैरेबियाई दौरे का दूसरा टेस्ट किशन का आखिरी प्रथम श्रेणी मैच है। उन्हें 2023-24 के दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भी टेस्ट टीम में चुना गया था, लेकिन उन्होंने मानसिक थकान का हवाला देते हुए खुद को रिलीज करने के लिए कहा था।

## न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने 34 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। वर्कर, जिन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ अपना पेशेवर करियर शुरू किया और ऑकलैंड के साथ समाप्त किया, ने एक बयान में कहा, फ़पेशेवर क्रिकेट में 17 साल के शानदार सफर के बाद, मैं खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। यह निर्णय मेरे जीवन के एक अविश्वसनीय अध्याय के अंत और एक नए रोमांच की शुरुआत का प्रतीक है, अपने करियर के दौरान, मैंने कुछ बेहतरीन दोस्ती बनाई है जो जीवन भर चलेंगी, साथ ही ऐसी यादें हैं जो मैं हमेशा संजो कर रखूंगा। वर्कर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत कम समय बिताया, 2015 से 2018 के बीच उन्होंने दस वनडे और दो टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 272 और 90 रन बनाए। इसकी शुरुआत 2015 में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हुई, जहाँ टी20 डेब्यू पर, उन्होंने हरारे में 38 गेंदों में 62 रन बनाकर प्लेयर-ऑफ़-द-मैच का पुरस्कार जीता। 2017 में फोर्ड ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के लिए दस पारियों में 82.37 की औसत से 659 रन बनाए, जिससे उन्हें फिर से चयनकर्ताओं के रडार पर ला दिया।

# नई शिक्षा नीति नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बनाएगा

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के राजा बाजार स्थित बापू सभागार में मंगलवार को महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविधालय के दीक्षारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर पहुंचे। यहां उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंच पर बतौर विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय सांसद राधामोहन सिंह मौजूद थे।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवा और छात्र ही देश को तैयार करते हैं। यह कार्यक्रम दीक्षारंभ के लिए आयोजित किया गया है। हालांकि, शिक्षा कभी समाप्त नहीं होती है, जिंदगी भर हम शिक्षा लेते रहते हैं। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों को दिलाई गई शपथ को दुहराते हुए उन्होंने कहा कि यदि इस शपथ को हम सभी अपने अंदर उतार ले तो हमें दूसरे किसी चीज की जरूरत नहीं पड़ेगी। चार साल की पढ़ाई आपके आने वाला समय को तय करेगा। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति के महत्व को रेखांकित करते कहा कि हम सब कब तक नौकरी लेने वाले बने रहेगे। आज जरूरत है नौकरी देने वाला बनने का है।

नई शिक्षा नीति नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का जो सपना है, उसे पूरा करना है। सांसद राधामोहन सिंह कहा कि कम समय में ही केन्द्रीय विश्वविधालय के छात्र देश दुनिया में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का नया भवन तीन साल के अंदर बन कर तैयार हो जाएगा। कुलपति ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह देश का सबसे नया विश्वविद्यालय होने बावजूद काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है।